सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 273

12 शहनाज ने पलक तिवारी के बयान को बताया झूठा

17 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:13 बजे
18 अप्रैल का सेहरी भोर 4:06 बजे




## न्यूज डायरी

### खूंटी एसडीओ को हाइवा से कुचलने का प्रयास

**खूंटी।** एसडीओ अनिकेत सचान को बालू माफिया ने सोमवार को हाइवा से कुचलने का प्रयास किया। जिसमें वे बाल-बाल बच गये। एसडीओ अवैध माइनिंग को लेकर जिले में लगातार कार्रवाई कर रही है।

### पटना में बालू माफिया ने खनन इंस्पेक्टर को पीटा

**पटना।** बिहार में पुलिस प्रशासन का इकबाल खत्म और माफियाओं का इकबाल बुलंद है। बालू माफिया के सामने सरकारी अमलों की एक नहीं चलती। खनन विभाग की महिला इंस्पेक्टर की सोमवार को जमकर पिटाई कर दी। गाड़ी को रोकने का प्रयास किया, तो सरकारी अधिकारी को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा।

### पलामू में एक अधिकारी समेत तीन संक्रमित मिले

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कोरोना संक्रमित मिलने के बाद विभाग अलर्ट हो गया है। जिले में एक अधिकारी सहित तीन कोरोना पॉजीटिव मरीज पाये गये हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वजू को लेकर करें बैठक

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी के जिलाधिकारी को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुसलमानों के लिए वजू की सुविधा प्रदान करने के मुद्दे पर मंगलवार को बैठक करने का निर्देश दिया।

### सिसोदिया को राहत नहीं न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआइ ने न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद सोमवार दोपहर दो बजे राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित विशेष सीबीआई जज एमके नागपाल के कोर्ट में पेश किया।

### सीएम से मिले झाप्रसे संघ के अध्यक्ष-महासचिव

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने सोमवार को मुलाकात की। दोनों ने संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी मुख्यमंत्री को सौंपा।

### रांची-पटना मार्ग पर हादसे में दो की मौत

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग फोरलेन स्थित मुरपा में सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर को सवारियों से भरी यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन गंभीर हैं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

**वर्ल्ड होम्योपैथी डे** पुरानी स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती जरूरी : हेमंत सोरेन

# जिससे जनता को लाभ हो, उसे प्राथमिकता देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज भी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में होम्योपैथ व्यवस्था काफी कारगर और महत्वपूर्ण है। प्राचीन स्वास्थ्य व्यवस्था पद्धति को और मजबूती प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जहां आज से कुछ महीनों पहले आयुष चिकित्सकों की संख्या एक सौ से कम थी। आज उनकी संख्या बढ़कर एक हजार से ज्यादा हो गयी है। पहले आयुष प्रक्षेत्र के लिए बजट मात्र 20 से 30 करोड़ रुपये हुआ करता था, वहीं हमारी सरकार ने आयुष प्रक्षेत्र को और मजबूती प्रदान करने के लिए अब 300 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। सीएम आज आज मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयुष निदेशालय द्वारा वर्ल्ड होम्योपैथी डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम ने आयुष प्रक्षेत्र के डॉ रामजी सिंह, डॉ फजलुस समी, डॉ एम कुमार, डॉ रामजी यादव, डॉ सोमनाथ देव एवं डॉ राजीव रंजन सिंहा सम्मानित किया।

### जनहित के कार्यों को दी जा रही है प्राथमिकता

सीएम ने कहा कि मेरा प्रयास रहता है कि जिन कार्यों से आम जनता को फायदा पहुंचे वे कार्य प्राथमिकता के तौर पर किये जायें। शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आधारभूत संरचना ये सभी ऐसे सेक्टर हैं जहां पर काम सिर्फ कागजों पर नहीं बल्कि धरातल पर दिखनी चाहिए। मौके पर विकास आयुक्त-सह- अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह, निदेशक आयुष डॉ फजलुस समी, होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम जी सिंह, होम्योपैथ प्रक्षेत्र के डॉ वीरेंद्र नाथ मौर्य, डॉ रजत द्विवेदी, डॉ आरपी सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।



**एडवांस प्लानिंग का स्टेट बना झारखंड :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड बनाने का प्रयास निरंतर जारी है। राज्य से एनीमिया जैसी बीमारी के संकट को दूर करने का काम प्रतिबद्धता के साथ जारी है। अब झारखंड एडवांस प्लानिंग का स्टेट बन गया है। हमारी सरकार एडवांस प्लानिंग के साथ कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में हम सब लोग मिलकर इस राज्य को उन्नत स्वस्थ एवं समृद्ध बनायेंगे।

### स्वस्थ-समृद्ध झारखंड मिलजुल कर बनाना है

सीएम ने चिकित्सकों को राज्य सरकार का अभिन्न अंग बताया और कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे सुदृढ़ की जा सके इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं। स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने में हमारे आयुष चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। हम सभी को इसे मिलजुल कर पूरा करना है। सीएम ने कहा आयुष आंगनबाड़ी होम्योपैथिक किट वितरण की शुरुआत आज हो रही है। राज्य में पीडीएस होल्डर एवं पेंशनधारियों तक भी आयुष दवाइयों की पहुंच बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाये। एनीमिया बीमारी को लेकर सरकार चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस भौतिकवादी युग में सिर्फ आगे की नहीं देखना चाहिए बल्कि प्राचीन व्यवस्थाओं को भी देखने की कोशिश करनी चाहिए।

नियोजन नीति के विरोध में छात्रों का **सीएम आवास घेराव**

# लाठीचार्ज में कई छात्रों के सिर फटे, कई हुए चोटिल

- नाय चलतो 60-40, नियोजन नीति में करो संशोधन से निपटने को किला बनाकर मुस्तैद थी पुलिस
- नारेबाजी, प्रदर्शन, हंगामा, पुलिस ने लिया कई छात्रों को हिरासत में, रिहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य भर के छात्रों ने सोमवार को सीएम आवास का घेराव किया। 60-40 नियोजन नीति के विरोध में किये गये घेराव का नेतृत्व झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने किया। कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से छात्र रांची पहुंचे और आंदोलन में हिस्सा लिया। घेराव कार्यक्रम से पूर्व सभी छात्र पहले मोरहाबादी मैदान पहुंचे और तय कार्यक्रम से ढाई घंटे विलंब से सीएम आवास के घेराव के लिए निकल गये।

सीएम आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर पुलिस पहले से अलर्ट थी। आंदोलनकारी छात्रों को रोकने के लिए दो हजार फोर्स सीएम आवास की ओर जानेवाली जगहों पर तैनात थे। घेराव कार्यक्रम को रोकने के लिए पुलिस ने पहले तो छात्रों को समझा-बुझाकर रोकने की कोशिश की, लेकिन जब छात्र नहीं माने तो पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दिया। जिसमें कई युवकों के सिर फट गये। दर्जनों युवकों को चोटें आयीं। नियोजन नीति के विरोध में सीएम के खिलाफ नारा लगानेवाले सैकड़ों छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लेकर खेलगांव कैंप भेज दिया। फिर हिरासत में लिये गये छात्रों की रिहाई की मांग को लेकर छात्रों ने धरना दिया। जानकारी के अनुसार देर रात सभी छात्र रिहा कर दिये गये। (शेष पेज 11 पर)



### गद्दी छोड़ो... के लग रहे थे नारे

जिस युवा ने कल तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गद्दी तक पहुंचाने में साथ दिया, आज वही उनके खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। आखिरकार जयराम महतो, मनोज यादव जैसे बड़ी संख्या में युवाओं को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। आक्रोशित छात्रों ने सीएम गद्दी छोड़ो का नारा भी लगा रहे थे।

कैबिनेट में 20 प्रस्तावों पर मुहर, **2000 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ**

# चिकित्सा परिषद् नियमावली के गठन को दी गयी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें कई अहम फैसले लिये गये। कैबिनेट की बैठक में कार्मिक विभाग के प्रस्ताव के तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग के झारखंड द्वारा रद्द किये गये नियुक्ति विज्ञापन आदेश सरकार ने वापस ले लिया। इससे नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया।

नियुक्ति परीक्षा हो चुकी थी और रिजल्ट का भी प्रकाशन हो चुका था। नियोजन नीति को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश के बाद नियुक्ति विज्ञापन को रद्द कर दिया गया था। यही कारण है कि परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थी की नौकरी पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया था। इसके बाद अभ्यर्थी सुप्रीम कोर्ट चले गये थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सरकार ने नियुक्ति विज्ञापन को रद्द करने संबंधी आदेश को वापस ले लिया। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। अब इस परीक्षा में पास हुए अभ्यार्थियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। करीब 2000 अभ्यर्थियों की नियुक्ति होनी है। (पेज 2 भी देखें)

### लाह को कृषि का दर्जा

लाह की खेती को सरकार कृषि का दर्जा देगी। इससे झारखंड के 400000 ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा होगा। न्यायाधीशों के न्यायिक कार्यों में सहयोग कर रहे विधि अनुसंधान कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की गयी। अब इन्हें 30000 के बदले 40000 मिलेंगे। पूरे झारखंड में इसके 25 पद स्वीकृत हैं। नगर विकास विभाग के तहत निर्माण होने वाले रांची बस टर्मिनल प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा जमशेदपुर में बनने वाले बस टर्मिनल ड्राफ्ट को प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गयी।

### अतीक मामले का असर पत्रकारों की कड़ी जांच

प्रयागराज में मीडियाकर्मी बन कर आये तीन शूटरों के द्वारा अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मार कर हत्या कर देने का असर झारखंड मंत्रालय में भी दिखा। कैबिनेट की बैठक के चलते बड़ी संख्या में पत्रकार मंत्रालय रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। प्रोजेक्ट भवन के मुख्य गेट पर ही सुरक्षाकर्मियों ने सभी पत्रकारों के आइडी की सघन जांच की। पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही पत्रकारों को अंदर कवरेज के लिए जाने दिया गया। पुलिस मुख्यालय से भी इस संबंध में निर्देश दिया गया था और कड़े इंतजाम किये गये थे। मुख्यालय की ओर से ही पत्रकारों की भी जांच का निर्देश दिया गया था।

# आइएएस छवि रंजन को समन, 21 को पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेना की जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के पूर्व डीसी आइएएस छवि रंजन को सम्मन भेजकर 21 अप्रैल को रांची इडी के जोनल ऑफिस में बुलाया गया है। ईडी ने 13 अप्रैल गुरुवार को आर्मी लैंड स्कैम मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। ईडी ने गिरफ्तार सातों आरोपियों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था। जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जिसके बाद ईडी सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। चार दिनों की रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर इडी आइएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी।

**22 ठिकाने पर इडी ने की थी छापेमारी :** रांची में सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाई अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत अलग-अलग अंचलों के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकानों पर पिछले दिनों इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को बड़े पैमाने पर जमीन के डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज कई सरकारी कागजात बरामद किया गया था।

परिवहन सचिव को लेकर हाइकोर्ट पहुंचे एसएसपी

# माफी मांगी, सचिव के जवाब से कोर्ट संतुष्ट, मामला खत्म किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अवमानना के एक मामले में हाई कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के परिवहन सचिव के श्रीनिवासन को लेकर रांची के एसएसपी कौशल किशोर सोमवार को हाईकोर्ट पहुंचे। सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार के जवाब से संतुष्ट होकर अवमानना की कार्रवाई को खत्म कर दिया है। साथ ही परिवहन सचिव को सख्त निर्देश दिया कि कोर्ट ने इस केस में जो आदेश पारित किया है उसका अनुपालन सुनिश्चित हो। सचिव ने कोर्ट को अश्वसत किया कि जल्द से जल्द अदालत के आदेश का पूरी तरह अनुपालन किया जायेगा। परिवहन सचिव ने कोर्ट से माफी भी मांगी और कोर्ट को बताया कि 15 मई तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन किया जायेगा। इसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप कर दिया। (शेष पेज 11 पर)



# झारखंड में जानलेवा गर्मी, पारा $45^0$ के पार

➲ अभी और चढ़ेगा पारा, 20 अप्रैल से बारिश के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य भर में बढ़ती और जानलेवा गर्मी से लोग परेशान है। हीट वेव का असर राज्यभर में देखा जा रहा है। झारखंड में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से भी पार कर चुका है। वहीं, सुबह नौ बजे के बाद लोगों का घर से निकलना दुभर हो गया है।

गोड्डा का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। डालटेनगंज, पाकुड़, देवघर में 43 के पार, वहीं गढ़वा, जमशदेपुर, साहिबगंज में 42 डिग्री सेल्सियस से पारा ऊपर चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो तीन दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे।

### आंशिक बादल छाये रहेंगे

मौसम विभाग की मानें तो 18 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा। 19 अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सो में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 20 से 23 अप्रैल तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान राज्य भर में बारिश और थंडरिंग की संभावना व्यक्त की गयी है।

**कहां कितना तापमान :** बोकारो 40.3, चतरा 40.0, देवघर, 43.2, गढ़वा, 42.8, गिरिडीह 41.1, गोड्डा, 45.1, गुमला, 39.4, हजारीबाग 38.8, खूंटी 39.7, लातेहार 39.7, लोहरदगा 38.7, पाकुड़ 43.5, रामगढ़ 41.2, रांची 38.6, साहिबगंज 42.5, सिमडेगा 41.5, प. सिंहभूम 40.2

# हत्या से पहले शीर्ष कोर्ट को पत्र लिखकर गया है अतीक

### लेटर से खुलेंगे राज

एजेंसी

**प्रयागराज।** माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद ने अपनी हत्या से कुछ दिन पहले एक पत्र लिखा था। यह पत्र सुप्रीम कोर्ट को संबोधित करते हुए लिखा गया था और इसे सुप्रीम कोर्ट को पोस्ट भी किया गया है। लेटर खुलने के बाद कई अहम राज भी खुल सकते हैं। अहमद के वकील ने अपने दावे में कहा, अतीक ने मुझसे कहा था कि उसे कुछ पुलिस अधिकारियों ने जेल में धमकी दी थी। उसे जान से मारने की धमकी दी गयी है। यह सब जानकारी लेटर में है। अतीक और उसके भाई अशरफ की बीते दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। उस समय दोनों भाई मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस सनसनीखेज वारदात के बाद अब नयी-नयी जानकारियां सामने आ रही हैं।

जानकारी के अनुसार अतीक अहमद ने इस पत्र में अपनी हत्या की आशंका जतायी थी। हत्या से ठीक दो हफ्ते पहले यह लेटर लिखा गया था। (शेष पेज 11 पर)



### नैनी जेल से हटाये गये तीनों शूटर

अतीक अहमद और अशरफ को मौत के घाट उतारने वाले तीनों शूटरों को पुलिस ने नैनी जेल से प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया है। नैनी संेंट्रल जेल में अतीक अहमद का बेटा अली और गैंग के कई सदस्य भी कैद हैं। ऐसे में पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए तीनों शूटरों को प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमीरपुर के सनी (23), बांदा के लवलेश तिवारी (22) और कासगंज के अरुण कुमार मौर्य (18) को प्रशासनिक आधार पर प्रयागराज की केंद्रीय कारागार से जिला जेल प्रतापगढ़ स्थानांतरित किया गया है। तीनों को दोपहर 12 बजे प्रयागराज से ले जाया गया और दोपहर 2.10 बजे प्रतापगढ़ में प्रवेश किया। सनी, लवलेश और अरुण ने 15 अप्रैल की रात अतीक और अशरफ की उस वक्त हत्या कर दी थी जब उन्हें मेडिकल जांच के बाद अस्पताल से वापस लाया जा रहा था। जेल प्रशासन को आशंका थी कि तीनों शूटरों को यहां इन लोगों से जान का खतरा हो सकता है। अतीक और अशरफ की मौत का बदला लेने के लिए ये लोग तीनों हत्यारोपियों पर हमला कर सकते हैं।

# कपिलो को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत पुरस्कार

सीएम का प्रयास सफल : बुनियादी ढांचे में आत्मनिर्भर बनी ग्राम पंचायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त करने की कड़ी अब मजबूत हो रही है। इसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। इसी का प्रतिफल है कि नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को झारखंड के गिरिडीह स्थित कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार दिया गया। यह पुरस्कार पूरे भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन ग्राम पंचायतों को दिया गया है। केंद्रीय पंचायत राज मंत्री ने यह पुरस्कार पंचायत के मुखिया को दिया। (शेष पेज 11 पर)



### गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में स्थित है कपिलो पंचायत

ग्राम पंचायत कपिलो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में स्थित है। कपिलो पंचायत का गठन चार गांवों से होता है, कपिलो, पंडाना कला, राजमनिया और चानो। ग्राम पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मूल्यांकन वर्ष में 96 पक्का आवास का निर्माण किया। पंचायत में कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित है। साथ ही पंचायत सचिवालय में ही पंचायत का अपना सिस्टम सेटअप संचालित है। पंचायत में आकर्षक पंचायत भवन के साथ-साथ आकर्षक आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र एवं ज्ञान केंद्र की स्थापना की गयी है। पंचायत भवन और विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय, आंगनवाड़ी केंद्रों में क्रियात्मक स्वच्छ शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। कपिलो में पुस्तकालय, सामुदायिक केंद्र, सात आंगनबाड़ी केन्द्र और खेल का मैदान भी उपलब्ध है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। कपिलो को सतत विकास लक्ष्य के सभी विषयों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार मिला है। सिर्फ बुनियादी ढांचा में आत्मनिर्भर के लिए नहीं।

> पंचायतों में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने हेतु सरकारी योजनाओं के साथ-साथ इनोवेशन की भी जरूरत है। नवाचार विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रकार की नीति संस्कृति और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना होगा और इन्हें अन्य गांवों में भी अपनाना होगा ताकि हर गांव समृद्ध बने। - **निशा उरांव, निदेशक पंचायती राज।**

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, खूँटी
(अभियंत्रण शाखा)

### शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 29/2023-24 PR No-294833 (District) 2023-24 (D) एवं PR No- 295197 (District) 2023-24 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 17.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे | 18.04.2023 अपराह्न 05:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 23.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 24.04.2023 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि | 24.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक | 25.04.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 25.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे | 26.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे |

क्रमांक 8. को निम्नवत् संशोधित किया जाता है।
जिला परिषद, खूँटी / RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 295316 (District) 23-24 (D)



## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001 E-MailId - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752 NIT No.:JUIDCO/FOB KganjChowk/ 2945/534 Date:17.04.2023

**e-Procurement Notice**
**Notice Inviting Tender (8th call)**
**NATIONAL COMPETITIVE BIDDING**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction of Foot Over Bridge and installation of Escalators near Kishoreganj Chowk in Ranchi City. |
| 2. | Mode of bid submission | Online Tender |
| 3. | Estimated Cost | Rs.460.243 Lakhs |
| 4. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs.10,000/- *(Rupees Ten Thousand only)* ***(Non-Refundable)*** Bid Security: Rs.4.60 Lakhs *(Rupees Four Lakh Sixty Thousand only)* ***(Refundable)*** |
| 5. | Date & Time of publication of Tender on website | 18/04/2023- Time 15:00 Hrs. |
| 6. | Last Date & Time for Submission of pre bid queries | 24/04/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 7. | Date &Time for Pre-bid Meeting | 25/04/2023- Time 15:00 Hrs. |
| 8. | Last Date & Time for Submission of Online Bids | 08/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 9. | Last Date & Time of Submission of EMD and Tender fee (Hard Copies) | 09/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 10. | Date & Time of technical bid opening | 09/05/2023- Time 17:30 Hrs. |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001. |
| 12. | Helpline no. | +91651- 2225878/ +91-9835165931/ +91-9097114840 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in Sd/-
PR 295338 Urban Development and Housing(23-24)D Project Director (Tech) JUIDCO Ltd. Ranchi.



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 01/2023-24
पत्रांक 264 लातेहार / दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सोभवाढ़ोरा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड–मनिका, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 60.69 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
PR 295231 Water Resource(23-24)#D लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार



## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

### ई0निविदा आमंत्रण सूचना

ई0निविदा संख्या – WRD/MID/Latehar F2 – 02/2023-24
पत्रांक 265 लातेहार / दिनांक 15.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | तेतरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण। प्रखंड – मनिका, जिला – लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 68.057 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 26.04.2023 12:30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | ई0निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.05.2023 5:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 09.05.2023 3:00 बजे अपराह्न तक। (1) कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। (2) कार्यालय, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर। (3) कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल, राँची। |
| 7 | ई0निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 11.05.2023 12:30 बजे अपराह्न। |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोट :– केवल ई0निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtendres.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता
PR 295232 Water Resource(23-24).D लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार



## झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–01/2023–24 तिथि :– 17.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **18.04.2023** को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | **24.04.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | **29.04.2023** को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | **02.05.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | **03.05.2023** को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, Installation, Testing and Commissioning of 11000/433 volts, outdoor type copper wound 1250 KVA offload Tap Changer Power Transformer (Make-Synergy/T Power/PVJ Power) with other accessories at Booty Sub Station under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 25,95,538.00 | 52,000.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | Two months |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33/11 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge / concerned officer से M.O.M. / Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 295301 Drinking Water and Sanitation(23-24)D पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची



## GOVT.OF JHARKHAND, WATER RESOURCES DEPTT.
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

**Re-Tender inviting Very Short Notice**
Very Short Re-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-F,-07/2022-23 Dated :-15.04.2023

| Sl. No. | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Last date/Time for receipt of e-Tender upto | Date of Publication of e-Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 01. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- JAMUA, P. NO. 2438, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 3376520.83 | 67600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | 24.04.2023 (05:00 P.M.) | 18.04.2023 (Till 02:00 P.M.) | 27.04.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 26.04.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 02. | Hussainabad | RENOVATION OF JAMINDARI BANDH, VILL- NAIKENIYA, PLOT NO 973, UNDER HUSSAINABAD BLOCK (PALAMU DISTRIC) | 2761245.47 | 55300.00 | 5000.00 (Non Refundable) | | | | | | | | 90 Days |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.
PR 295289 Water Resource (23-24)_D Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar


## कथित रूप से ₹3000 करोड़ का एनटीपीसी भूमि-मुआवजा घोटाला मामला

# जमीनों के फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का किया गया बंदरबांट!

### मामले में हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, कोर्ट ने केंद्र और राज्य से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 19 जून को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र सरकार से और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से भी पक्ष रखा गया। इडी की ओर से अदालत को बताया गया कि केरेडारी थाना में एक एफआइआर दर्ज हुई है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को करेगा।



### ईडी ने कोर्ट को एक एफआइआर होने की दी जानकारी

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने मंटू सोनी की याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा।

### एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं

हजारीबाग में भूमि–मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले होने और 300 करोड़ मुआवजा बांटने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी के मुताबिक, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास–आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल, मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का बंदरबांट किया गया था।

### पलामू : अमानत बराज का काम पूरा किये बिना पैसों की निकासी पर हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** पलामू जिले के अमानत बराज में बिना काम पूरा किए पैसे की निकासी और भीम बराज में राज्य सरकार की हिस्सेदारी से अधिक की राशि भुगतान करने के मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही अदालत ने निर्माण कार्य करने वाली कंपनी हार्डवेयर टूल्स एंड मिशनरी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को प्रतिवादी बनाया है और अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने सरकार को पूरे मामले पर चार सप्ताह में जवाब देने का निर्देश दिया है।

## राज्य की भ्रष्ट सरकार को राज्य के युवा करेंगे बाहर : रघुवर

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई झामुमो-राजद-कांग्रेस की सरकार ने पुरानी नीति को रद्द किया। फिर नई नीति ऐसी बनाई, जिसमें पूरे देश से कोई भी शामिल हो सकता। इसके खिलाफ में जब युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया, तो सरकार ने युवाओं से बर्बरता की। गठबंधन सरकार नौकरियों का वादा कर लाठियां बरसा रही है। झूठी, धोखेबाज और भ्रष्ट सरकार को इस बार झारखंड का युवा बाहर का रास्ता दिखाएगा।

## युवाओं का खून बहाना सरकार को महंगा पड़ेगा : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य सरकार बेरोजगार नौजवानों के साथ अपराधियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार कर रही है। अधिकार की मांग करने वाले बेरोजगार छात्रों पर जेएमए सरकार लाठियां बरसा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेरोजगार नौजवानों का धैर्य खत्म हो चुका है। 60-40 नियोजन नीति के मामले में सीएम आवास का घेराव करने आये छात्राओं पर लाठियां बरसाई गई। दीपक प्रकाश ने कहा कि युवा वही मांग रहे, जिसकी हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था लेकिन यह सरकार अपना वादा पूरा करने के बजाय युवाओं को कभी भाषा के नाम पर, कभी 1932 के खतियान के नाम पर, तो कभी 60-40 की अमान्य नियोजन नीति के नाम पर बरगला रही है। युवाओं का खून बहाना हेमंत सरकार को काफी महंगा पड़ेगा। राज्य की युवा शक्ति खून के एक एक बूंद का बदला ईवीएम की मार से लेगी।

## कैबिनेट : झारखण्ड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली 2023 के गठन को मिली स्वीकृति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को 20 प्रस्ताव पारित किये गये। जिसमें केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना को राज्य योजना से टॉप अप सहायता के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में नई राज्य योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए स्टेट टॉप-अप योजना के तहत 12.99 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की स्वीकृति व संशोधित बजट 2.45 करोड़ व्यय के लिए मंजूरी दी गयी। खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय हेतु बैंक ऑफ इंडिया से रुपये 776.00 करोड़ के ऋण लेने पर राज्य सरकार की गारंटी दिये जाने की स्वीकृति दी गयी। राज्यांतर्गत सभी सरकारी एवं निजी नर्सिंग संस्थानों के लिए झारखण्ड राज्यान्तर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन नियमावली, 2023 पर स्वीकृति दी गयी।

झारखण्ड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।

- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दिनांक 9 एवं 10 अगस्त, 2022 को झारखण्ड जनजातीय महोत्सव के आयोजन के लिए मनोनित इवेंट मैनेजर व महोत्सव पर हुए खर्च के लिए 5.32 करोड़ भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 यथा संशोधित झारखण्ड सचिवालय सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम-7 (3) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- झाप्रसे अधिकारीव तत्कालनी बीडीओ हुसैनाबाद को दिए गये अधिरोपित संचयात्मक प्रभाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक के दण्ड को यथावत रखने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखण्ड को झारखण्ड राज्य एनसीसी से संबंधित सभी गतिविधियों के निष्पादन के लिए राज्य एनसीसी सेल को घोषित करने की स्वीकृति दी गयी।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अन्तर्गत रोगी धनंजय कुमार सिंह, पिता- राम सुन्दर सिंह, ग्राम - बागबेड़ा, जमशेदपुर को कैंसर रोग के ईलाज हेतु निर्धारित सीमा से अधिक राशि प्रदान करने के मामले में मंत्रिमण्डल की अनुशंसा प्राप्त कर विभाग द्वारा स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड राज्य लिपिक, लिपिक-सह-टंकक , टंकक , अन्य लिपिकीय सेवा सम्वर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्तें) (तृतीय संशोधन) नियमावली-2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- झारखण्ड अवर अभियंत्रण संवर्ग (कनीय अभियन्ता, सिविल /इलेक्ट्रिक/यांत्रिक) सेवा (संशोधन) नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गयी।
- न्यायाधीशों के सहयोग के लिए विधि अनुसंधानकर्ता/अनुसंधान सहयोगी के रिकॉर्ड खाते पर आधारित मौजूदा मासिक मानदेय 30 हजार रुपये में वृद्धि करते हुए 40 हजार रुपये स्वीकृत करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य समन्वय समिति के माननीय सदस्य का नाम विनोद पाण्डेय के स्थान पर विनोद कुमार पाण्डेय संशोधित किए जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड विधान सभा सचिवालय में नियुक्तियों एवं प्रोन्नतियों में बरती गई अनियमितताओं के जांच प्रतिवेदन में समाहित जटिल विधि एवं तथ्यों के समाधान के लिए गठित एक सदस्यीय न्यायिक आयोग की एक साल का अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गयी।

## खबर एक नजर में

### जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में गड़बड़ी मामले में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को 2 सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि एफआइआर दर्ज होने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हो रही है जबकि पूर्व की सुनवाई में राज्य के डीजीपी की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर मामले की जांच सीबीआई से क्यों नहीं कराई जाए

**रांची।** कौशल विकास केंद्र में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर के वेतन भुगतान से संबंधित इस्मत अंसारी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट के 28 मार्च 2023 के आदेश के आलोक में श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने मामले में कहा प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि इस मामले में श्रम विभाग का एटीट्यूड सही नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि क्यों नहीं मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। कोर्ट ने प्रार्थी को भी पूरक शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 25 अप्रैल निर्धारित की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में श्रम सचिव को उपस्थिति से छूट प्रदान की।

### देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स निर्माण पर राज्य सरकार ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची।** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शिवानी जालुका और पार्थ जालान की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

## 20 अप्रैल को होगा अप्रैल महीने का वेतन भुगतान



**रांची।** ईद-उल-फितर के मद्देनजर राज्य सरकार पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अप्रैल महीने के वेतन का भुगतान 20 अप्रैल को ही करेगी। वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा में कई पुराने कांग्रेसी नेताओं ने घर वापसी का किया था आग्रह

# पुराने कांग्रेसियों को पुनः पार्टी से जोड़ने के लिए प्रदेश कांग्रेस चलायेगी आ अब लौट चलें कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी अपने पुराने नेताओं की घर वापसी का अभियान शुरू करेगी। इस अभियान का नाम- आ अब लौट चलें होगा। कांग्रेस को उम्मीद है कि इस अभियान से राज्य में कांग्रेस मजबूत होगी।

इस संबंध में झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह यात्रा के दौरान अलग-अलग जिले में जब यात्रा की गई तो वहां के कई पुराने कांग्रेसी नेताओं ने घर वापसी का आग्रह किया था। श्री आलम ने कहा कि सत्याग्रह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं था, ऐसे में सत्याग्रह के मंच का इस्तेमाल किसी नेता की पुनर्वापसी के लिए नहीं किया जा सकता था। इसलिए पार्टी ने फैसला लिया है कि कांग्रेस छोड़ कर दूसरे दलों में गए नेताओं और कार्यकर्ताओं की घर वापसी के लिए अलग से कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा बहुत जल्द की जाएगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि बदली हुई परिस्थितियों में जब राहुल गांधी की आवाज देश की आवाज बन गई है तो पुराने कांग्रेसी घर वापसी करना चाहते हैं। ऐसे लोगों को सम्मान पूर्वक घर वापसी का रास्ता आसान होगा।



**कुछ अहम सवाल, जिसका जवाब पीसीसी के नेताओं के पास नहीं :** क्या वैसे नेताओं की भी वापसी कांग्रेस कराएगी जो आज की तारीख में कांग्रेस की जगह सहयोगी दल झामुमो या राजद में हैं। कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे थॉमस हांसदा के पुत्र विजय हांसदा अभी झामुमो में हैं तो इसी तरह संयुक्त बिहार में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे सरफराज अहमद आज झामुमो के टिकट पर गांडेय से विधायक हैं। सवाल उठता है कि क्या इनकी भी कांग्रेस में घर वापसी होना संभव होगी।

**झारखंड कांग्रेस छोड़कर जानेवालों की लंबी फेहरिस्त :** झारखंड कांग्रेस में महिला कांग्रेस की पहली अध्यक्ष प्रतिभा पांडेय, प्रदेश महासचिव राजेश शुक्ला, जेएमएम सांसद विजय हांसदा, झामुमो विधायक सरफराज अहमद, छोटे राजा और विधायक अनंत प्रताप देव, अजय कच्छप, अनिता टुडू, कामेश्वर दास, सन्नी टोप्पो, डीपी जामुदा, मास्टर साहब, अकीलूर रहमान, चित्रसेन सिंकू, सन्नी सिंकू जैसे नेताओं की लंबी फेहरिस्त है जो कभी कांग्रेस के कर्णधार हुआ करते थे। किसी न किसी वजह से या राजनीतिक महत्वकांक्षा की वजह से इन लोगों ने कांग्रेस का दामन छोड़ किसी अन्य दल का दामन थाम लिया है। प्रदीप बलमुचू, सुखदेव भगत, डॉ अजय कुमार जैसे पार्टी के कद्दावर नेता दूसरे दलों में जाकर फिर से कांग्रेस में वापसी कर चुके हैं। अब देखना होगा कि कांग्रेस का आ अब लौट चलें अभियान कितना सफल होता है और कौन–कौन से नेताओं की घर वापसी कराने में पार्टी सफल होती है।

**भाजपा के नेता भी चाहते हैं कांग्रेस में आना :** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि –आ अब लौट चलें– अभियान के दौरान न सिर्फ पुराने कांग्रेसी की घर वापसी होगी, बल्कि उनसे कई नेता जो भाजपा में चले गएं हैं वो भी पुनः कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।

# बुढ़मू सह खलारी के बीईईओ रवींद्र प्रसाद को शोकॉज, वेतन भी रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने समग्र शिक्षा अभियान से संबंधित और शिक्षक उपस्थिति आदि कार्य में लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि का अभाव होने पर संज्ञान लेते हुए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बुढ़मू सह खलारी रविन्द्र प्रसाद को शोकॉज करते हुए, इनका वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। रांची डीसी सोमवार को शिक्षा विभाग से जुड़े सभी मामलों पर बैठक कर रहे थे।

उन्होंने छात्रवृत्ति एवं विभिन्न कार्यों के लिए वैसे छात्र का खाता खोलना जो लंबित हैं, उसे जल्द खोलने के लिए पोस्ट ऑफिस के माध्यम से खाता खोलने के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक को समन्वय स्थापित कर इसे पूरा कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को मान्यता प्राप्त विद्यालयों में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन कराना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि मिड डे मिल का सुचारू संचालन करने तथा एसएमएस मध्याह्न भोजन का वितरण बीइओ प्रधानाध्यापक के माध्यम से कराना सुनिश्चित करेंगे।

डीसी ने सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एमडीएम कार्य के लिए प्रखण्ड के विद्यालयों को विशेष कार्यशाला का आयोजन करते हुए सभी संबंधित व्यक्तियों को परीक्षण कर प्रेरित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने स्कूल स्टेप डिलेवरी एमडीएम कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विद्यालयों में चयनित निविदा दाता के माध्यम से स्कूल स्टेप डिलेवरी के तहत खाद्यान्न पहुँचाने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने किचन सह स्टोर मरम्मत जिले के सभी 598 विद्यालयों में पूरा कराने के लिए सहायक अभियंता सम्रग शिक्षा अभियान रांची को निर्देश दिया।

उपायुक्त ने जिले में 397 विद्यालयों में पोषण वाटिका सुदृढ़ीकरण के लिए प्रति विद्यालय जो 5 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई, राशि का क्रियान्वयन में सहायक अभियंता सम्रग शिक्षा अभियान अपने कनीय अभियंता सम्रग शिक्षा अभियान, के माध्यम से कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

समाहरणालय में शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा स्थापना समिति रांची (प्राथमिक), पी.एम. पोषण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी, पी.एम पोषण (मध्याह्न भोजन) योजना अंतर्गत किचन सह स्टोर के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त आवंटन के क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत पोषण वाटिका को विकसित करने के लिए जिला पोषण समिति की अहम बैठक हुई।

## आंदोलन के पहले दिन सीएम आवास घेराव के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बेहाल

# छात्र आंदोलन में फंसी स्कूली बसें

**क्या है छात्रों का आंदोलन**

- 17 अप्रैल को सीएम आवास का घेराव
- 18 अप्रैल को राज्यभर के जिला मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जायेगा।
- 19 अप्रैल को झारखंड बंद की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** छात्रों के 72 घंटे के आंदोलन के पहले दिन सीएम आवास घेराव के कारण मोरहाबादी से लेकर कांके रोड में ट्रैफिक व्यवस्था अस्तव्यस्त रही। जगह-जगह बैरिकेडिंग की वजह से जाम लगा रहा। छात्र आंदोलन पर उतारु थे। वहीं, स्कूली बसों में बैठे बच्चे चिलचिलाती धूम की वजह से परेशान थे। अभिभावक भी परेशान नजर आए। काफी मशक्कत के बाद आंदोलनरत छात्रों को काबू करने में पुलिस सफल हुई जिसके बाद जाम से लोगों को निजात दिलाकर जाम से राहत दिया गया।





### क्यों हो रहा विरोध

राज्य के युवा सरकार की नई नियोजन नीति का विरोध कर रहे हैं। इस नीति को राज्य के मूलवासियों का विरोधी बताया जा रहा है। युवाओं का कहना है कि इस नीति के आधार पर नियुक्ति होने से राज्य के युवाओं का हक मारा जाएगा। बाहरी राज्य के युवा हमारी नौकरी की हकमारी करेंगे।

**बंद समर्थकों पर गोंदा थाने में एफआइआर :** निषेधाज्ञा उल्लंघन के मामले में पुलिस प्रशासन ने बंद समर्थकों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज किया है। देवेंद्र महतो, जयराम महतो, मनोज यादव को नामजद आरोपी बनाया गया है। वहीं, सैकड़ों अज्ञात छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने जबरन सीएम आवास को घेरने, धारा-144 के उल्लंघन के मामले में आरोपी बनाया है।

**घेराव कार्यक्रम की झलकियां**

- सुबह 10 बजे से मोरहाबादी में जुटने लगे थे छात्र
- समिति की ओर से भोजन पानी की व्यवस्था
- सुबह आठ बजे से सीएम आवास के समीप निषेधाज्ञा लागू, 144 धारा लगाया गया
- सिटी एसपी, लॉ इन ऑर्डर, एसडीओ समेत छह डीएसपी समेत दो हजार पुलिसकर्मी तैनात
- रांची कॉलेज, मोरहाबादी समेत कई स्थानों पर बैरिकेडिंग
- मौजूद पुलिसकर्मियों ने छात्रों को रोका, नोंक-झोंक, झड़प
- एक घंटे तक हंगामा
- हातमा की ओर से बढ़े छात्र, पुलिस वहां भी रोका
- नारेबाजी, प्रदर्शन, बैरिकेडिंग तोड़ने का प्रयास, पुलिस का हल्का लाठीचार्ज
- लाठीचार्ज में युवक का सिर फटा, सैकड़ों छात्र हिरासत में
- युवकों की रिहाई को लेकर छात्र बैठे धरना पर
- देर रात तक सभी छात्रों को रिहा कर दिया गया

# बच्चों तक पहुंच रही अश्लील सामग्री, सरकार ओटीटी पर तत्काल रोक लगाये : संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की संसदीय समिति की दिल्ली में हुई बैठक में ओटीटी प्लेटफॉर्म में परोसी जा रही अश्लीलता को रोकने पर सदस्यों से सुझाव लिया गया। बैठक में शामिल रांची के सांसद संजय सेठ कहा कि ओटीटी में भारतीय मूल्यों को नीचे दिखाने के प्रवृति बढ़ रही है। सांप्रदायिकता को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर समाज को गलत दिशा में भटकाया जा रहा है। बच्चों के हाथ में ओटीटी बहुत ही आसानी से पहुंच रहा है। चेतावनी होने के बावजूद बच्चे वो हर कंटेंट का उपभोग कर पा रहे हैं, जो उन्हें नहीं करना चाहिए। इसलिए इसपर रोक लगाना बहुत जरूरी है।



**कंटेंट को लेकर कड़े कानून बनने चाहिए :** बैठक में सांसद संजय सेठ ने कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म का कोई सेंसरशिप नहीं है। इसमें आने वाले कार्यक्रमों और वेब सीरीज में गाली, अप्राकृतिक यौनाचार जैसी चीजों को दिखाया जा रहा है। ओटीटी में परोसे जाने वाले कंटेंट को लेकर कड़े कानून बनने चाहिए। कंटेंट का विश्लेषण करने के बाद ही रिलीज की अनुमति देनी चाहिए, ताकि इससे समाज में संतुलन बना रहे।

## साइबर अपराधी : फ्रॉड कॉल कर आधार, एटीएम और पैन कार्ड संबंधी जानकारी लेने का प्रयास

# सर्तक रहें सभी बीएलओ, बैंक, आधार और पैन कार्ड से संबंधी जानकारी न करें शेयर: उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला में साइबर अपराधी अब बूथ लेवल ऑफिसर से ठगी करने के प्रयास में हैं। साइबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड कॉल कर बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनके बैंक अकाउंट से पैसों की निकासी की जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल करनेवालों से किसी प्रकार की जानकारी शेयर न करें। अगर साइबर अपराधियों द्वारा उनके बैंक खाता, आधार, पैन कार्ड से संबंधित जानकारी या बैंक खाते से पैसों की निकासी की जाती है तो फौरन अपने एईआरओ या ईआरओ को लिखित में शिकायत करें। उपायुक्त द्वारा जिलेवासियों से भी सर्तकता बरतने की अपील की गयी है।



**एनी डेस्क ऐप इंस्टॉल करने के लिए लिंक भेज रहे हैं साइबर अपराधी:** साइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए एनी डेस्क एप इंस्टॉल करने के लिए लिंक भी भेजा जा रहा है। लिंक पर क्लिक कर ऐप इंस्टॉल करने और ओटीपी प्राप्त करने के बाद मोबाइल का एक्सेस साइबर अपराधी करने लगते हैं और फिर साइबर ठगी को अंजाम देते हैं।

**इन मोबाइल नंबर से किया गया फ्रॉड कॉल :** साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल नंबर 9387599045, 9504347177, 9748107183, 9387599045, 7381446188, 8969119824 से कॉल किया गया। खुद को जिला निर्वाचन कार्यालय का कर्मी और डाटा ऑपरेटर बता कर अपराधी ने बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी की जानकारी मांगी। बीएलओ ने सर्तकता दिखाते हुए फौरन संबंधित कार्यालय के कर्मचारी को कॉन्फ्रेंस कॉल में लिया, जिसके बाद साइबर अपराधी की पोल खुल गयी और वो अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया।

# 29 रमजान को चांद मामले में काजीयाने शरीयत का फैसला ही सर्वमान्य होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एदार ए शरीया बिहार-झारखंड के तत्वावधान में सोमवार को वर्चुअल मीटिंग हुई। बैठक में आगामी 29 रमजानुल मुबारक के चांद देखने को लेकर चर्चा हुई। केंद्रीय एदार ए शरीया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना गुलाम रसुल बलयावी की अध्यक्षता में चर्चा हुई कि 21 अप्रैल 2023 दिन जुमा रमजानुल मुबारक की 20 तारीख है जिसमें ईद उल फित्र का चांद नजर आने की उम्मीद है, चांद को लेकर कभी कभी असमंजस की स्थिति पैदा हो जाती है और अफवाहों का बाजार भी गर्म हो जाता है इस लिए एदार ए शरीया ने बड़े पैमाने पर चांद देखने का केंद्र बनाया है। बिहार में 100 से ज्यादा जबकि झारखंड में 65 जगहों पर हेलाल केंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी गई। फैसला लिया गया कि आगामी 29 रमजान की शाम के चांद होने या ना होने पर शरीयत की रौशनी में काजीयाने शरीयत दारुल कजा एदार ए शरीया बिहार-झारखंड के जो फैसले होंगे वह अंतिम होगा और उसी पर अमल किया जाएगा।



एदार ए शरीया ने मुस्लिम समुदाय के तमाम व्यक्तियों से कहा है कि 29 रमजान को कीसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें बल्कि एदार ए शरीया के फैसले का इंतजार करें।

# महिला कर्मियों के लिए चाइल्ड केयर लीव की सुविधा मांगी



**सीएम से मिले झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के अध्यक्ष और महासचिव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव राहुल कुमार ने 17 अप्रैल को मुलाकात की। मौके पर अधिकारियों ने उन्हें संघ की विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा की गई मांगों में इस बात का जिक्र है कि भारत सरकार और कई अन्य राज्यों ने अपने महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर लीव की सुविधा दी है, ताकि महिला कर्मी सम्मान के साथ नौकरी करते हुए अपने पारिवारिक दायित्वों का भी निर्वहन कर सकें। झारखंड की महिला कर्मियों को अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस प्रगतिशील निर्णय से राज्य की सभी महिला कर्मी सदैव आपके प्रति कृतज्ञ रहेंगी। इस मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष एवं महासचिव को राज्य सरकार द्वारा शीघ्र ही सकारात्मक विचार किए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही आश्चर्य दशार्या कि आखिर अब तक नीति निर्धारकों की नजर महिला अधिकारियों की इस समस्या की तरफ क्यों नहीं गई? इस अवसर पर मुख्यमंत्री को श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम एवं राहुल कुमार ने ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ स्टेट सिविल/एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन जयपुर, राजस्थान द्वारा 24 से 26 मार्च 2023 को आयोजित 16वां अधिवेशन के मौके पर प्रकाशित की गई स्मारिका सप्रेम भेंट की।

# सरकारी जमीन की घेराबंदी करानेवाले अंचलाधिकारी पर चलेगा ईडी का डंडा!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सदर थाना एरिया में सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड की भूमि खरीद बिक्री की जांच इडी कर रही है लेकिन राजधानी में सरकारी जमीन की घेराबंदी करानेवाले सीओ पर अब इडी डंडा चलानेवाला है। इडी की एक टीम जमीन के काले धंधे से जुड़े लोगों के लिए अब बड़ी कार्रवाई कर सकती है। एजेंसी अब नामकुम, बरियातू, कांके, ओरमांझी, रातू, नगड़ी इलाके में **पांच सालों में हुआ है चर्चित** चर्चित भूमि की खरीद-बिक्री पर भी पैनी नजर बनाए हुए है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ पीड़ितों के पत्र भी जमीन दलालों पर कार्रवाई के लिए एजेंसी के पास पहुंच रहे हैं। रांची और इसके आसपास के इलाकों में पिछले कुछ वर्षों में हुई जमीन की बड़ी डीलिंग पर इडी की नजर है। इडी को यह भी जानकारी मिली है कि जमीन के मामले में बिजनेसमैन, पॉलिटिशियन और ब्यूरोक्रेट्स ने भी अपनी वैध और अवैध कमाई जमीन के धंधे में इन्वेस्ट किया है।

**भूखंडों पर कब्जा :** गौरतलब हो कि झारखंड में पिछले लगभग एक वर्ष से भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही इडी अब जमीन की डीलिंग और उसमें पैसों के लेनदेन के लिए सुराग की तलाश कर रही है। हेहल अंचल, बड़गाईं अंचल, नामकुम अंचल, रातू अंचल, नगड़ी अंचल, ओरमांझी अंचल और कांके अंचल में 2021 और 2022 में कई चर्चित भूखंडों पर कब्जा और रजिस्ट्री हुई है। इन भूखंडों की डील को लेकर पदाधिकारियों पर भी सवाल उठे थे।

## एमए जफर का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति : सीएम



**रांची।** सीएम हेमन्त सोरेन ने फारुकी तंजीम के संपादक एमए जफर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री जफर का असामयिक निधन होना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। इनके अलावा सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू ने भी शोक जताया है।

# रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर में रैंप निर्माण का विरोध कर रहे हैं स्थानीय दुकानदार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण में चांदमल स्कूल से लेकर रतनलाल कांप्लेक्स दुर्गा मंदिर के आसपास रैंप बनाने का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। एनएचएआई ने उक्त स्थान पर दोनों ओर से रैंप बनाने का निर्णय लिया है। लेकिन स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि रैंप का निर्माण उस जगह पर करना सही नहीं होगा। यहां रैंप का निर्माण होने से वहां पर पार्किंग समाप्त हो जायेगी और पार्किंग नहीं रहने पर उसका सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा। वाहनों को पार्क करने की जगह नहीं होने पर वहां पर कस्टमर नहीं आयेंगे। इससे करीब 230 दुकानदार प्रभावित होंगे। रातू रोड के व्यापारी जगह-जगह पर होर्डिंग लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कई तख्तियां भी टांग दी गयी है, जिसमें लिखा हुआ है कि फ्लाईओवर विकास, रैंप विनाश, रैंप का निर्माण नहीं करें श्रीमान, जैसे पोस्टर हैं। एनएचआई के अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि रैंप निर्माण से अधिक जमीन नहीं ली जायेगी न ही कोई तोड़फोड़ किया जायेगा। पार्किंग का भी स्थान रहेगा। बताते चलें कि कचहरी से रातू रोड होते हुए पिस्का मोड से आगे तक एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है। लगभग तीन किमी इस कॉरिडोर के निर्माण में पिलर को बनाया जा रहा है। दो दर्जन से अधिक पीलर बन भी गये हैं। काम में काफी तेजी है। एनएचएआई की ओर से यह प्रयास है कि 2024 तक इसे पूरा करा दिया जाये।

# अमित चौधरी बने मारवाड़ी युवा मंच रांची के नए अध्यक्ष

**रांची।** रांची के लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रथम तल परिसर में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की वार्षिक आम सभा हुई। सभा की अध्यक्षता कर रहे विकास अग्रवाल ने सभा में आए सभी पूर्व अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष सिद्धांत तोदी ने साल भर के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया। इस दौरान चुनाव पदाधिकारी प्रवीण जैन छाबड़ा और वरुण जालान ने चुनाव की जानकारी सभा के समक्ष रखी। बताया कि 1:30 से 5:30 बजे तक चुनाव संपन्न कराया गया जिसमें अमित चौधरी को 229 वोट एवं अमित शर्मा जी को 147 वोट मिले। चुनाव पदाधिकारी प्रवीन जैन छाबड़ा ने अमित चौधरी को माल्यार्पण कर उन्हें विजय घोषित किया एवं सत्र 2023-24 के लिए उन्हें अध्यक्ष घोषित किया। सभा में पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, राहुल मारु, मुकेश जालान, मुकेश कावरा, प्रवीण जैन छाबड़ा, अशोक लाट, मुकेश जाजोदिया, प्रभात साबू, राहुल अग्रवाल, वरुण जालान, तुषार विजयवर्गीय, अर्जुन सिंघानिया, विशाल पाडिया, मनीष लोधा, निवर्तमान अध्यक्ष दीपक गोयनका, समस्त कार्यकारिणी गण एवं समस्त सदस्यगण उपस्थित हुए।



# सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र ने किया जांच शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जन आरोग्य केंद्र सीसीएल की ओर से सोमवार को रांची के गागी बस्ती पंचायत भवन में निःशुल्क रेसपिरेटरी (सांस की तकलीफ) सहित अन्य बीमारियों से संबंधित जांच शिविर का आयोजन किया गया। गागी बस्ती में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 181 लोगों की विशेषकर हीमोग्लोबीन, ब्लड शूगर, हाईपर टेंशन, सांस की तकलीफ की निःशुल्क जांच की गयी। सीएमडी पीएम प्रसाद के मार्ग निर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मचारियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए नियमित रूप से इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है। जिसमें निःशुल्क जीवन रक्षक दवाओं का वितरण भी किया जाता है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. अनिता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. प्रियंका झा, डॉ. दिव्या, डॉ. विशाल सावले, डॉ. केपी निराला, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन खलको एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अमरनाथ यात्रियों के लिए रिम्स के पांच डॉक्टरों की टीम गठित, हेल्थ सर्टिफिकेट होगा अनिवार्य

**1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलेगी अमरनाथ यात्रा, 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। श्रद्धालु 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही मोड में रजिस्ट्रेशन करा पाएंगे। इस वर्ष भी यात्रा के लिए स्वास्थ्य सर्टिफिकेट अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की उम्र 13 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

### गठित टीम में शामिल रिम्स के चिकित्सक



सिद्धार्थ कपूर, सहायक प्राध्यापक, औषधि विभाग- सोमवार व बुधवार, डॉ नीलाभ कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, औषधि विभाग- मंगलवार व शुक्रवार, डॉ सतीश कुमार, सहायक प्राध्यापक, औषधि विभाग, बृहस्पतिवार एवं शनिवार, डॉ मनीषा भगत, सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग- प्रतिदिन, डॉ सौरभ सुमन, सहायक प्राध्यापक, निश्चेतना विभाग- प्रतिदिन स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में पांच चिकित्सकों की टीम का गठन करते हुए उन्हें अनिवार्य स्वास्थ्य जांच के लिए नामित किया गया है।

**अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को देनी होगी ये जानकारी :** अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मेडिकल चेकअप के दौरान सांस फूलना, सांस या फेफड़ों की बीमारी, रक्त विकार, खून बहने की प्रवृत्ति, दिल की बीमारी, जोड़ों का दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मिर्गी, नर्वस ब्रेक डाउन, स्ट्रोक, स्ट्रोक का इतिहास, कान से डिस्चार्ज, माउंटेन सिकनेस आदि की जानकारी डॉक्टरों के साथ साझा करनी होगी। इसके अलावा प्रेगनेंसी और धूम्रपान संबंधित जानकारी भी चिकित्सकों को देनी होगी।

**रिम्स द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी**
चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 2023 के भक्तों के लिए रिम्स द्वारा हेल्पलाइन नंबर 9039129569 भी जारी किया गया है। श्रद्धालु इस नंबर पर कॉल कर आवश्यक जानकारी ले पायेंगे।

# ब्रिलिएंट ट्यूटोरियल्स को हाई कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**रांची।** झारखंड कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमिशन की याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी मेसर्स ब्रिलिएंट ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने कोर्ट को बताया कि कमीशन ने मेसर्स ब्रिलियंट ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड को अपीयर होने के लिए कहा था लेकिन वह कमीशन के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ।

नामांकन जारी है
Admission Open
BERLIN PUBLIC SCHOOL
KANKE ROAD, RANCHI
Afflited to C.B.S.E. New Delhi
Co-Educational
ENGLISH MEDIUM
Office Timing : 8AM to 12PM
Contact No: 6200552393
Registration open for
PRE- NURSERY to U.K.G
Few seats are vacant from
CLASS 1 to VIII

# पूर्वी सिंहभूम में कोरोना से एक मौत, राज्य में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर हुआ 5333

## पलामू के जिला खनन पदाधिकारी भी कोरोना पॉजिटिव, होम आईसोलेशन में भेजे गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोरोना का संक्रमण लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में राज्यभर में 27 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। इसी के साथ राज्यभर में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 182 पर पहुंच गई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में 73 वर्षीय महिला की मौत कोरोना की वजह से हुई है। संक्रमित महिला का इलाज टाटा मोटर्स अस्पताल में चल रहा था। तबीयत खराब होने के बाद 12 अप्रैल को यहां भर्ती किया गया था। महिला कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थी। इससे पूर्व 11 मार्च को 86 वर्षीय कोरोना संक्रमित की मौत हुई थी। पूर्वी सिंहभूम के मरीज का इलाज टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में चल रहा था। कई गंभीर मरीजों को 04 मार्च को टीएमएच में भर्ती किया गया था। मरीज कोरोना संक्रमित थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक झारखंड में कोरोना से अब तक 5333 लोगों की मौत हुई है।

**बीते 24 घंटा में राज्यभर में कोरोना के 27 नए मरीज :** बीते 24 घंटे के अंदर राज्य में 27 नए संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें पूर्वी सिंहभूम में 22, कोडरमा में 01, रांची में 02 और सरायकेला में 02 नए संक्रमित मरीज मिले हैं।



**पलामू में तीन कोरोना पॉजिटिव, डीएमओ भी संक्रमित :** जिले में भी कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान तीन मामले सामने आए हैं। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार भी कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं। सांस लेने में दिक्कत और बुखार के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान जब उनकी कोरोना जांच करायी गई, तो उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। पलामू के सविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि तीन संक्रमित होम आइसोलेशन में हैं। दो मामले हैदरनगर से हैं, जबकि एक मामला मेदिनीनगर से जुड़ा है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार संक्रमित पाए गए हैं। उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। चूकि वे रांची के रहने वाले हैं, इसलिए उन्हें वहीं पर होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। लक्षण को लेकर उन्हें रांची रिम्स रेफर करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्रत्येक दिन सीएचसी के अनुसार कम से कम 60 जांच करने की कोशिश की जा रही है।

### इन जिलों में कोरोना के हैं सक्रिय मरीज

बोकारो:03, देवघर:14, दुमका:02, पूर्वी सिंहभूम:46, गढ़वा:04, गिरिडीह:05, गोड्डा:01, गुमला:01, हाजरीबग:09, खूंटी:02, कोडरमा:08, लातेहार:07, लोहरदगा:09, रामगढ़:03, रांची:63, सरायकेला:02 और प्‍मी सिंहभूम:03 कोरोना मरीज हैं।

# स्पार्टन्स टीम विजेता व गलैडिएटर्स टीम उप-विजेता घोषित हुआ

## गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग-2023 का हुआ समापन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई, गोंदवाना क्लब क्रिकेट लीग-2023 का समापन संस्थान के खेल मैदान में हुआ। फाइनल मैच में स्पार्टन्स टीम ने ग्लैडिएटर्स टीम को 7 विकेट से पराजित किया। अंतिम मैच में ग्लैडिएटर्स टीम 80 रन पर ऑल आउट हो गयी। वहीं स्पार्टन्स टीम ने 3 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। स्पार्टन्स टीम के रोहित ठाकुर को टूर्नामेंट की मैन ऑफ दी सीरिज और स्पार्टन्स टीम की ही निकिता जालान को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के रूप में चयन किया गया। सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता, निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती ने टूर्नामेंट के विजेता एवं उप-विजेता टीम को ट्रॉफी और व्यक्तिगत पदक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण, गोंदवाना क्लब समिति के कार्यकारिणी सदस्य, क्लब सदस्य एवं उनके परिवार तथा खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञात हो कि उक्त मैच डे-नाइट के तहत आयोजित की गयी थी।

### सीयूजे में नई शिक्षा नीति में तकनीक के प्रयोग पर व्याख्यान

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय विभाग द्वारा सोमवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय था- नई शिक्षा नीति में तकनीक का प्रयोग। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के डॉ. लोकेश जिंदल एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के डॉ. लीना. कार्यक्रम में वाणिज्य एवं वित्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बटेश्वर सिंह एवं डॉ. केबी सिंह ने वक्ताओं का स्वागत किया। वक्ताओं ने ब्रांडिंग, टेक्नोलॉजी के सदुपयोग, मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स तथा नई शिक्षा नीति जैसे विषयों में तकनीक की भूमिका के बारे में बताया। डॉ. लीना ने शोधार्थी और विद्यार्थियों को आत्म नियंत्रण के बारे में बताया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ अजय एवं डॉ प्रणय, छात्र लीजा, श्वेता, देवव्रत, मेघा, क्षितिज समेत कई छात्र और शोधार्थी भी मौजूद थे।

### अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने नदी ग्राउंड के समीप अपराध की योजना बनाते हुए तीन अपराधियों को धर दबोचा है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से एक देशी कटटा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मो जमील उर्फ चैंपियन, मो अरबाज उर्फ अंडा तथा मो वसीम शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से एक जिंदा कारतूस भी जब्त किया है। हिंदपीढ़ी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नदी ग्राउंड में तीन युवक बैठे हुए हैं। वे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### डीएसपीएमयू में सिंडिकेट बैठक चार प्रस्तावों पर लगी मुहर

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में कुलपति डॉ. तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में सिंडिकेट की 13वीं बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से चार प्रस्तावों पर मुहर लगी। साथ ही 5 जुलाई 2022 की सिंडिकेट की बैठक में प्रस्तुत एजेंडों की पुष्टि की गई। बैठक में कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह, डॉ. कुनुल कांदिर, डॉ. एसएम अब्बास, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सर्वोत्तम कुमार और डॉ. रेखा झा शामिल थे। सिंडिकेट की बैठक में शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई।

## फर्जी प्राथमिकी के मामले में मानवाधिकार आयोग का समन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** तत्कालीन धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के द्वारा झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और होमगार्ड जवान कृष्णा यादव के साथ गाली-गलौज, मारपीट व फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने रांची को सम्मन जारी किया है। आयोग ने उन्हें 31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश दिया है। आयोग ने उनसे अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक को भी दी गई है और आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। धुर्वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक नारायण सोरेन द्वारा कथित रूप से फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने के विरुद्ध राजीव कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एसपी को यह निर्देश दिया था। आठ सप्ताह के अंदर कार्रवाई कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सूचित करने की बात कही गई है। राजीव कुमार तिवारी के द्वारा उक्त घटना कि शिकायत प्रधानमंत्री से भी की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा झारखंड सरकार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। होम गार्ड संघ के महासचिव ने धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पर उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया था।

## एयरपोर्ट विस्थापित मंच ने नोटिस का किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** एयरपोर्ट थाना परिसर में नामकुम अंचल कार्यालय द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत नोटिस एवं पुनर्वास हेतु जमीन का बंदोबस्त पर्चा बांटने आये नामकुम अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी के समक्ष गढ़हा टोली गांव के रैयतों ने सामूहिक रूप से विरोध किया। सभी ने पर्चा एवं नोटिस लेने इनकार किया। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोगों को पर्चा देने की बात कही जाती है और 14 दिनों में घर हटाने संबंधी नोटिस जारी किया जाता है। कहीं ना कहीं तानाशाही रवैया नामकुम अंचल की ओर अपनाया जा रहा है। रैयतों का कहना कि देश हित में तीन - तीन बार विस्थापन हुआ और आज हमारे पास घर के अलावा एक भी जमीन नहीं है। इसी लिए गढ़हा टोली गांव के रैयतों का समुचित एवं विधिवत तरीके से सर्वे किया जाए और प्रत्येक एकल परिवार को 20-20 डिसमिल जमीन मुहैया कराई जाए। साथ ही आदिवासी समाज की सामाजिक व्यवस्था को कायम रखने के लिए सरना, मसना, अखड़ा, चंडी,हरडी खेल का मैदान, स्वास्थ्य केंद्र, प्रार्थमिक स्कूल हेतु जमीन की व्यवस्था की जाए । जिससे हम विस्थापितों का समुचित विकास हो सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा रांची के अध्यक्ष अजित उरांव,महा सचिव सुरेश गोप, संजय लिन्डा, तेतरा उरांव, विनोद उरांव बिरसा लिंडा एवं सैकड़ों रैयत उपस्थित थे। यह जानकारी एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा रांची के अध्यक्ष अजित उरांव ने दी ।

## खबर एक नजर में

### कांग्रेसियों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री विनोदानंद झा की जयंती मनाई

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पं. बिनोदानंद झा की जयन्ती कांग्रेस भवन में मनायी गयी। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांसुमन अर्पित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि स्व. बिनोदानंद झा झारखंड के पहले नेता थे, जो कि अविभाजित बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। स्व. बिनोदानंद झा ने महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर पंचायत चुनाव के संदर्भ में जो विचार रखे थे, वह आज के समय में भी प्रासंगिक है। इस अवसर पर शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, रविन्द्र सिंह, मणिशंकर तिवारी, निरंजन पासवान, जगदीश साहू, अरूण श्रीवास्तव, नरेन्द्र लाल गोपी, अजय सिंह, राजेश चन्द्र राजू, प्रभात कुमार, राजीव प्रकाश चौधरी, सेवियर केस, रामानन्द केशरी, भूषण कुमार शामिल थे।

### बैंक में चोरी का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ इंडिया में चोरी करने का प्रयास के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का नाम अंकित बेदिया है और वह गम्हरिया का रहने वाला है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बैंक ऑफ इंडिया में चोरी करने के इरादे से घुसा था। वह चोरी करने का प्रयास कर ही रहा था कि इसी बीच बैंक का अलार्म बज गया। जिसकी वजह से वह मौके से फरार हो गया था।

## शिशु रोग में आईसीयू की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित

# नवजात शिशु एवं शिशु रोग के आईसीयू में इको की जरूरत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रिम्स के नवजात शिशु रोग विभाग द्वारा फोकस्ड नियोनेटल एंड पीडियाट्रिक इको पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में नवजात शिशु एवं शिशु रोग के आईसीयू में इको की जरूरत को बताया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को बच्चों के आईसीयू में इकोकार्डियोग्राफी को उपयोग करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि एनआईसीयू और पीआईसीयू में भर्ती बच्चों में जरूरत के अनुसार इको करने से इलाज में काफी सहायता मिलती है।

**शिशु के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मुर्तजा व अन्य ने दिये व्याख्यान :** कार्यशाला में अलग-अलग विषय पर व्याख्यान दिया गया। हैदराबाद से नवजात एवं शिशु के हृदय संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ डॉ मुर्तजा कमल, दिल्ली से नवजात शिशु रोग के विशेषज्ञ डॉ अविनाश कुमार ने कार्यशाला में अपना व्याख्यान दिया और प्रतिभागियों के साथ ज्ञान साझा किया। बच्चों में हृदय संबंधी रोगों के विशेषज्ञ डॉ गौतम शंकर ने भी अपने विचार साझा किये। मौके पर रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ (कर्नल) शैलेश त्रिपाठी इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए. वहीं प्रो (डॉ) अमर वर्मा, शिशु रोग विभागाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि थे। डॉ राजीव मिश्रा की अध्यक्षता में डॉ किरण शंकर दास और डॉ प्रीता नाज दुबराज ने इस कार्यशाला का सफल आयोजन किया।

## डीएमए ने सभी निकायों को दिया जल्द से जल्द काम शुरू कराने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की स्थिति काफी खराब है। राज्य को 2015-16 में आवंटित हजारों आवास का निर्माण अब तक शुरू नहीं हुआ है। झारखंड में कुल 24394 आवास अभी भी नॉन स्टार्टर स्टेज पर हैं। इनमें से बीएलसी घटक के 10712 और एएचपी घटक के 13712 आवास शामिल हैं। लाभुकों ने आवास आवंटित होने और योजना की पहली किस्त की राशि मिलने के बाद भी अबतक काम शुरू नहीं किया है। केंद्र सरकार ने झारखंड को प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से इन आवासों को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। इसी को लेकर सोमवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय ने राज्य के सभी नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जल्द से जल्द नॉन स्टार्टर आवासों का काम शुरू करने का निर्देश दिया।

**सभी निकायों के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय :** डीएमए की ओर से सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। सभी सिटी मैनेजर्स को भी काम में तेजी लाने और लाभुकों तक पहुंचने का निर्देश दिया गया है। जिनका परफॉरमेंस खराब होगा उनका कॉन्ट्रैक्ट भी रद्द किया जा सकता है। एक बार फिर से लाभुकों के आवास का निर्माण शुरू करने और उसे 240 दिन में हर हाल में कंप्लीट करने को लेकर एग्रीमेंट किया जाएगा। एग्रीमेंट के बाद लाभुकों को 15 दिन में नींव खुदाई का काम शुरू करना होगा। इसके बाद 15 दिन में फाउंडेशन से प्लिंथ तक का काम कंप्लीट करना है। फिर प्लिंथ से लिंटन तक का काम और जियो टैगिंग 30 दिन में किया जाएगा।

## आजाद भारत में एक बार फिर से दी गई भगत सिंह को फांसी : पंकज



### मोरहाबादी से शहीद भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा को हटाये जाने का विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय युवा शक्ति ने रांची के मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका के पास लगाई गई शहीद भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा को हटाये जाने का विरोध किया है। साथ ही रविवार की रात इसे हटाने के तरीके पर भी एतराज जताया है। इसको लेकर सोमवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। संरक्षक पंकज पांडेय ने कहा कि जिस तरह प्रशासन द्वारा भगत सिंह के गले में रस्सी डालकर उनकी प्रतिमा को हटाया गया, उसने पूरे झारखंड को शर्मसार कर दिया। उस वक्त ऐसा लग रहा था कि मानो जिस तरह से अंग्रेजों ने रात के वक्त चोरी- छुपे भगत सिंह को फांसी दी थी, ठीक वैसे ही रात के अंधेरे में जिला प्रशासन भगत सिंह की प्रतिमा को क्रेन के सहारे फंदे से लटका रही हो। यह दृश्य न सिर्फ हृदय को विचलित कर रहा था, बल्कि प्रशासन के तानाशाही का प्रमाण भी दे रहा था।

**प्रशासन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार :** पंकज पांडेय ने बताया कि तमाम प्रक्रिया पूरी करते हुए नगर निगम से अनुमति लेकर प्रतिमा स्थापित की गई थी। अनुमति पत्र भी एक दिन पूर्व प्रशासन को दिखाया गया था। पर प्रशासन का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कई सवाल खड़े करता है। पहला सवाल कि प्रतिमा स्थापना में कोई प्रशासनिक व्यवधान था, तो उसे पहले क्यूं नहीं बताया गया, जबकि उक्त स्थल पर तकरीबन दो माह से निर्माण कार्य चल रहा था? दूसरा कि जब एक दिन पूर्व जिला प्रशासन ने जरूरी कागजी कार्यवाही करने के लिए राष्ट्रीय युवा शक्ति को आदेश दे दिया था और साथ ही यह आश्वासन भी दिया था कि प्रतिमा सभी कार्यवाही के बाद स्थापित कर दी जाएगी, तो आखिर ऐसी क्या मुश्किल आन पड़ी थी कि उसे रातोरात चोरी- छुपे हटाया गया। तीसरा कि प्रतिमा को हटाने के दौरान प्रतिमा को इस तरीके अपमानित क्यू किया गया?

# छात्रों पर हुए लाठी चार्ज का पेरेंट्स एसोसिएशन ने की निंदा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस लाठीचार्ज की घोर निंदा झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने किया है। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1932 खतियान की दुहाई देकर झारखंड के अंदर जोहार यात्रा के माध्यम से राज्य के लाखों नौजवानों को दिग्भ्रमित कर ठगने का काम किया है। जिसकी सच्चाई सामने आ गई है। अब जब यहां के नौजवान अपना हक मांग रहे हैं तो वहां पर उन्हें पुलिस लाठीचार्ज व कोप भाजन का



शिकार होना पड़ रहा है। अजय राय ने कहा कि यहां के स्थानीय युवकों को रोजगार के नाम पर जब खुद सरकार ठगने का काम कर रही है तो ऐसे परिस्थिति में ये युवा इंसाफ किससे मांगे। हेमंत सरकार ने युवकों के समक्ष जब करो मरो की स्थिति पैदा कर दी है तो बेरोजगार युवाओं के सामने आंदोलन के सिवा कुछ रह नही जाता।अजय राय ने कहा कि लाठी गोली से यहां आंदोलन रुकने वाली नहीं है। जब तक नियोजन नीति पर पुनर्विचार सरकार नहीं करती तब तक आंदोलन के सिवा कहीं कोई चारा बच नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने छात्रों पर लाठी बरसाई है उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए।

## झारखंड में उर्दू पत्रकारिता के भीष्मपितामह जफर साहब का निधन



**रांची।** झारखंड में उर्दू पत्रकारिता के भीष्मपितामह कहे जाने वाले एम ए जफर साहब सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनके निधन से झारखंड की उर्दू पत्रकारिता जगत में जो शून्यता का माहौल बना है उसे कभी भरा नहीं जा सकेगा। जफर साहब झारखंड में पहले व्यक्ति थे जिन्होंने आधुनिक तकनीक विहीन उर्दू पत्रकारिता की दुनिया में रांची से फारूकी तंजीम नामक उर्दू दैनिक का प्रकाशन शुरू करने का जोखिम 1990-91 में उठाया। मेन रोड में रतन टाकीज के पीछे वाली गली में दो-तीन कमरे वाले झोपड़ीनुमा एक मकान में फारूकी तंजीम का कार्यालय खोला था। इसके पहले संपादक डा.अब्दुल क्युम अब्दाली थे। जफर साहब कैंसर से जूझ रहे थे। यह वह समय था जब उर्दू पत्रकारिता कातिब के कलम से मुक्त हो रही थी। न्यूज एजेंसियों ने भी उर्दू सर्विस शुरू कर दिया था। वे एक मंजे हुए उर्दू के पत्रकार थे। इससे पूर्व पटना से फारूकी तंजीम का प्रकाशन कर रहे थे। रांची में उन्होंने कई अच्छे उर्दू पत्रकारों को जन्म दिया और उन्हें उर्दू पत्रकारिता सिखाई। रात दस बजे डोरंडा ईदगाह कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। मौके पर समाजसेवी, उर्दू के कई पत्रकार मौजूद थे।

# एनर्जी एक्सचेंज से जेबीवीएनएल ने ली 500 मेगावाट बिजली, राज्य में बिजली व्यवस्था सामान्य

## जेबीवीएनएल के अधिकारियों का दावा, जरूरत के अनुसार पावर एक्सचेंज से ली जा रही बिजली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। पिछले दो सप्ताह से राज्य में जारी लोड शेडिंग से अब लोगों को थोड़ी राहत मिली है। सेंट्रल पावर एक्सचेंज से रविवार को झारखंड बिजली वितरण निगम ने 500 मेगावाट अतिरिक्त बिजली खरीदी। तब जा कर राज्य में बिजली आपूर्ति सामान्य हुई। इसके पहले शनिवार को 400 मेगावाट बिजली खरीदी गयी थी। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो राज्य में 400 से 500 मेगावाट तक बिजली की कमी है, जो बिजली की मांग बढ़ने से हुई है। राज्य के अपने स्त्रोतों और सेंट्रल पुल से बिजली की आपूर्ति जारी है। इसके बाद भी राज्य में बिजली की उपलब्धता कम है। क्योंकि बढ़ती गर्मी के साथ राज्य में बिजली की मांग 2600 मेगावाट तक पहुंच गयी है, जबकि गर्मी के बिजली की मांग 2200 मेगावाट तक रही। ऐसे में बिजली की किल्लत कम करने के लिये झारखंड बिजली वितरण निगम ने एनर्जी एक्सचेंज से बिजली खरीद राज्य में आपूर्ति सामान्य की। हालांकि जेबीवीएनएल अधिकारियों की मानें तो जरूरत के अनुसार पावर एक्सचेंज से बिजली ली जा रही है।



**600 मेगावाट बिजली की मांग की :** पिछले सप्ताह जेबीवीएनएल ने सेंट्रल पावर एक्सचेंज से अतिरिक्त बिजली खरीदने की मांग की थी। जेबीवीएनएल ने अतिरिक्त 600 मेगावाट बिजली की मांग की थी। पावर एक्सचेंज ने निगम को आश्वास्त किया गया है कि जैसे-जैसे बिजली की आपूर्ति रहेगी, वैसे ही अतिरिक्त बिजली उपलब्ध करा दी जायेगी। ऐसे में शुक्रवार को 140 मेगावाट बिजली दी गयी, शनिवार को 400 मेगावाट, रविवार को 500 मेगावाट बिजली दी गयी। सेंट्रल पावर एक्सचेंज के पास आपूर्ति के लिये बिजली की उपलब्धता जरूरी है। बताते चलें कि सामान्य दिनों में सौ मेगावाट तक बिजली पावर एक्सचेंज से ली जाती थी।

**कहां से कितनी बिजली :** यहां टीटीपीएस से लगभग 300 मेगावाट बिजली, आधुनिक पावर से 189 मेगावाट, इनलैंड पावर से 63 मेगावाट, सिकिदिरी 130 मेगावाट, पवन ऊर्जा 300 मेगावाट, सौर ऊर्जा 476 मेगावाट, सेंट्रल पुल 700 मेगावाट, एनएचपीसी 69 मेगावाट बिजली मिलती है. वहीं, छह जिलों में डीवीसी की ओर से बिजली आपूर्ति की जाती है।

### सीएम ने दिया था निर्देश

पिछले सप्ताह शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन ने उर्जा सचिव के साथ बिजली कटौती के संबध में बैठक की थी। इसके बाद सीएम ने किसी भी हाल में बिजली कटौती नहीं करने का आदेश दिया है। ऐसे में विभाग ने तत्काल पावर एक्सचेंज को बिजली डिमांड लेटर भेजा। सीएम ने निर्देश दिया है कि अतिरिक्त बिजली भले खरीदनी हो, लेकिन बिजली की कटौती राज्य में न हो। वहीं, दो सप्ताह पूर्व भी उर्जा सचिव की ओर से इस संबध में आदेश जारी किया गया था, जहां अधिकारियों को आदेश दिया गया था कि बैगर किसी निर्देश के बिजली कटौती न की जायें। बिजली की आपूर्ति सामान्य बनाए रखना है।

## तपती धरती

हम में इस हकीकत को स्वीकार लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे जीवन को गहरे तक प्रभावित कर लिया है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं मात्र दस दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के चालीस पार जाने की सामने आ गई है। महाराष्ट्र में गर्मी से दर्जनों आदमी की मौत हो गयी, पश्चिम बंगाल में स्कूल कॉलेज बंद कर दिये गये। अप्रैल के मध्य में हीट वेब की चेतावनी जारी कर दी गयी। मौसम विज्ञानी पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में लू की चेतावनी देने लगे हैं। निस्संदेह, मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे-धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे-धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। हो सकता है अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सके। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है। 1980 में पर्यावरण की संकट पर जिस चिंता को 20 साल बाद आने की भविष्यवाणी की गयी थी उसका क्रूर स्वरुप अब सामने आ चुका है। देखना होगा कि सभी देश इस संकट से कितनी गंभीरता से लेते हैं।

## भाजपा को झटका

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर नाराजगी जताने के बाद असंतुष्ट पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। कर्नाटक चुनाव के पहले इसे भाजपा के लिये बड़ा झटका माना जा रहा है। चुनाव के पूर्व इस प्रकार की पार्टी बदल निश्चित तौर पर देखी जाती है। लेकिन इस प्रकार की घटना से यह तो सिद्ध हो जाता है कि भाजपा में भी घात-प्रतिघात और एक दूसरे को नीचा दिखाने की परम्परा ने जड़ जमा लिया है। जब राज्यों के चुनाव होते हैं तो यह घात-प्रतिघात कांग्रेस और भाजपा में अधिक से अधिक होता है। इस कारण झारखंड सहित कई राज्य भाजपा के हाथ से निकल चुके हैं। झारखंड में सुदेश और सरयू राय प्रकरण इसके सबसे बड़ें उदाहरण में एक हैं। कांग्रेस की बुरी हालत का कारण भी इसी प्रकार की राजनीति थी और अब वही बीमारी से भाजपा भी ग्रस्त होती जा रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने पार्टी बनायी, उन्हें पार्टी से बाहर किया जा रहा है। 6 बार के विधायक शेट्टर (67) ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि वह भाजपा भी छोड़ देंगे। इसके बाद कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने शेट्टर की भाजपा छोड़ने के फैसले के लिए आलोचना की और कहा कि लोग उन्हें इस कदम के लिए क्षमा नहीं करेंगे। उत्तर कर्नाटक के एक प्रभावशाली लिंगायत नेता एवं हुब्बालि-धारवाड़ मध्य सीट से विधायक शेट्टर ने कहा कि कुछ लोगों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते इस बार उन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारने की साजिश रची। पार्टी में अपने योगदान को याद करते हुए, शेट्टर ने कहा कि उन्होंने पिछले 30 वर्षों से इसे बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम किया और भाजपा ने भी उन्हें पद और सम्मान दिया। उन्होंने कहा, मेरे काम की वजह से ग्रामीण इलाकों में पार्टी की मौजूदगी है।

# इतिहास बोध और राष्ट्रीय बोध के आधार पर बदलाव





-हृदयनारायण दीक्षित

> कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं।

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं की पुस्तकों में कतिपय संशोधन किए गए हैं। इन पुस्तकों में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम बनाए जाते हैं। अध्ययन की दृष्टि से इतिहास, संस्कृति और दर्शन महत्वपूर्ण विषय माने जाते हैं। इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार है।

भारतीय इतिहास की शुरूआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत से सत का उद्भव हुआ। सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था। सृष्टि सृजन के शुरूआत के साथ गति हुई और गति से समय का जन्म हुआ। ऋग्वेद के ऋषि इसके भी पहले का वर्णन करते हैं, 'तब न सत था न असत था। भू, आकाश आदि भी नहीं थे। न दिन था न रात्रि। वायु भी नहीं थी।' यह भारतीय दृष्टि का इतिहास है। असिमोव ने वर्ल्ड क्रोनोलॉजी में बताया है कि अग्नि की खोज मानव जीवन की महत्वपूर्ण घटना है।

ऋग्वैदिक ऋषि अग्नि की खोज का श्रेय भारतीय पूर्वजों को देते हैं। कहते हैं, 'मनु ने मानवता के हित में अग्नि की स्थापना की। (1.36.19) मनु के बारे में कहते हैं, 'वह हम सब के पिता हैं।' भारत में इतिहास की ज्ञान उपासना प्राचीन है। इस इतिहास में अतीत के तथ्य काव्य रूप में हमारे सामने आते हैं। यह शैली लोकमंगल से जुड़ी प्रकृति की शक्तियों को देवता रूप देती हैं। लेकिन इतिहास के प्रति सजगता बनी रहती है। एक सुन्दर सूक्त (10.14.15) में कहते हैं, 'इदं नमः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृष्टभ्यः, ऋषिभ्यः - पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों को नमस्कार है। मार्गदर्शक ऋषियों को नमस्कार है।' पूर्वज पूर्वकाल में हुए थे और पूर्व काल का विवरण इतिहास है।

अथर्ववेद के पन्द्रहवें अध्याय में अथर्वा ने व्रात्य नाम के देवता का विवरण दिया है। वेदों में व्रात्य शब्द का अर्थ उच्चतर आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह विवरण इतिहास दृष्टि का सुन्दर उदाहरण है, 'व्रात्य ने उच्चतर स्थिति प्राप्त होते ही ब्रह्मा का मार्गदर्शन प्राप्त किया। ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की।' ऋषि व्रात्य की यात्रा का सुन्दर वर्णन करते हैं। सूक्त 6 में कहते हैं, 'उसने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। भूमि, अग्नि औषधियां, वनस्पतियां उसके अनुकूल हो गईं। जो यह तथ्य जानते हैं वह उक्त सभी तत्वों को अपने अनुकूल कर लेते हैं।' यहां समस्त भौतिक जगत को अपने अनुकूल करने की प्रेरणा है।

कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं। अथर्ववेद में इतिहास का यह उल्लेख ध्यान देने योग्य है। यहां इतिहास भी परिश्रमी व्यक्ति के साथ चलता हुआ बताया गया है।

हिन्दुओं पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप पुराना है। अलबेरुनी का आरोप था कि 'हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के कालक्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।' निस्संदेह भारत में युद्धों आदि के विवरण का संकलन कालक्रमानुसार नहीं किया गया। वस्तुतः भारतीय इतिहासवेत्ताओं और पुराणकारों की दृष्टि भविष्य की ओर थी। हिन्दुओं ने इतिहास से प्रेरक और अनुकरणीय पात्रों को महत्व दिया है। वैदिक ऋषियों और पुराणकारों ने प्रेय और श्रेय को मंत्र बनाया। काव्य की तरह गाया। लोकस्मृति आखिरकार है क्या?

वस्तुतः यह इतिहास का ही स्वर्ण कोष है। श्रीराम भी राजा हैं। भारतीय इतिहास में ढेर सारे राजा हुए। लेकिन राजा रामचंद्र भारत की श्रुति में, गीत में, परस्पर बतरस में गांव-गली तक चर्चा पाते हैं। श्रीकृष्ण भी ऐतिहासिक नायक हैं। राम राज्य विश्व का आदर्श राज्य है। इतिहास के लाडले राजा हरिश्चंद्र भी महत्वपूर्ण नायक हैं। देश के प्रत्येक गांव-घर में हरिश्चंद्र नाम के हजारों लोग मिलते हैं। सवा अरब की जनसंख्या में ज्यादातर नाम राम, कृष्ण, हरिश्चंद्र जुड़े हुए हैं। राम प्रसाद, राम नाइक, राम भरोसे, राम बहादुर जैसे नाम इतिहास में हैं। और आधुनिक भारत में भी गांव गली तक चर्चित हैं।प्राचीन भारत में इतिहास का नाम 'पुरावृत्त' था। यह अमरकोश में सुरक्षित है। उत्तर वैदिक काल की छान्दोग्य उपनिषद में नारद ने सनत कुमार को बताया था कि मैंने इतिहास और पुराण पढ़े हैं। कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि विश्वामित्र ने राम को पुरावृत्त सुनाया था। भवभूति और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। महाभारत भी इतिहास है। इस इतिहास में यक्ष प्रश्न हैं। ऋग्वेद इस इतिहास का प्राचीनतम विवरण है। इस इतिहास में ऋग्वेद है और ऋग्वेद में इतिहास है। सुदास वैदिक इतिहास के राजा हैं। दस राजाओं से सुदास का युद्ध हुआ था। यह बड़ा युद्ध था। (7.83.7) यह हजारों वर्ष प्राचीन इतिहास है। गीता के चौथे अध्याय के पहले व दूसरे श्लोक में इतिहासबोध है, 'हे अर्जुन यह योग पहले विवस्वान को दिया था। उन्होंने मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को। इतिहास की इसी परंपरा में राजऋषियों ने इस ज्ञान का प्रवाह बनाए रखा लेकिन दीर्घकाल में यह ज्ञान नष्ट हो गया। कृष्ण ने कहा वही ज्ञान मैं तुमको बता रहा हूं।' ऋग्वेद से लेकर महाभारत पुराणकाल तक का इतिहास प्राचीन ग्रंथों में सुरक्षित है। इससे भी ज्यादा वह भारत की लोक स्मृति में गांव-गली तक फैला हुआ है। इसके बाद मध्यकाल में मुगल सत्ता व आधुनिक काल में ब्रिटिश सत्ता है। इस इतिहास का विरूपण हुआ है। निष्पक्ष ही इतिहास आधुनिक पीढ़ी को जिज्ञासु विज्ञानी बनाएगा।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

### खास बात

## स्टारशिप सिस्टम कब लांच होगा?

विशालकाय रॉकेट को अमेरिकी राज्य टेक्सास के बोका चिका में स्पेसएक्स स्पेसपोर्ट से सुबह 8:00 बजे सेंट्रल टाइम (1300 जीएमटी) पर लांच करने के लिए निर्धारित किया गया है। यदि सोमवार के लॉन्च में देरी होती है तो सप्ताह के अंत में रिजर्व समय भी निर्धारित किया गया है। स्पेसएक्स के संस्थापक एलन मस्क ने कहा कि यह एक अलग संभावना है।

मस्क ने रविवार को ट्विटर स्पेस पर एक लाइव कार्यक्रम में कहा, 'यह एक बहुत ही जोखिम भरी उड़ान है। यह एक बहुत ही जटिल, विशाल रॉकेट का पहला प्रक्षेपण है।' उन्होंने आगे यह भी कहा कि यह रॉकेट कई तरीकों से असफल हो सकता है। हम काफी सतर्क हैं और अगर कुछ भी चिंताजनक देखा जाता है, तो मिशन स्थगित कर दिया जाएगा।

लांच के बाद क्या होगा?

यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो सुपर हेवी बूस्टर लॉन्च के लगभग तीन मिनट बाद स्टारशिप से अलग हो जाएगा और मैक्सिको की खाड़ी में गिर जाएगा। वहीं छह इंजनों वाला स्टारशिप लगभग 150 मील की ऊंचाई तक उड़ेगा। यह प्रक्षेपण के लगभग 90 मिनट बाद पृथ्वी के निकट परिक्रमा को पूरा करेगा। मस्क ने कहा, 'अगर यह कक्षा में पहुंच जाता है, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।'

स्टारशिप के लांच से फायदा क्या होगा?

इसका इस्तेमाल मंगल ग्रह और वापस आने के लिए लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किया जाएगा जिसमें नौ महीने तक का समय लग सकता है। मस्क पेलोड क्षेत्र में लगभग 40 केबिन स्थापित करना चाह रहे हैं। मस्क ने कहा, 'यदि आप वास्तव में लोगों की भीड़ को भेजना चाहते हैं, तो आप प्रति केबिन पांच या छह लोगों की कल्पना कर सकते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ज्यादातर हम प्रति केबिन में दो या तीन लोगों को देखने की उम्मीद करेंगे, और मंगल ग्रह पर प्रति उड़ान लगभग 100 लोग भेजे जा सकेंगे।'

पेलोड सेक्शन में कॉमन एरिया, स्टोरेज स्पेस और एक शेल्टर भी होगा जहां लोग हानिकारक सौर तूफानों से बचने के लिए इकट्ठा हो सकते हैं। नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम में स्टारशिप भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर लंबे समय के लिए मनुष्यों को भेजना है।

## प्रेम की यात्रा

### धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**भक्ति** कोई शास्त्र नहीं है। भक्ति तो सच्ची श्रद्धा युक्त सच्चे प्रेम की एक यात्रा है जो स्वांसों के सत्य पथ पर चलते हुए हृदय सम्राट की मंजिल तक पहुंचती है। भक्ति कोई सिद्धांत भी नहीं है, भक्ति तो जीवन का रस है। भक्ति को समझकर आज तक कोई समझ नहीं पाया। भक्ति में डूबकर ही कोई भक्ति के राज को समझ पाता है। मस्तिष्क से ज्यादा करीब हृदय होता है और हृदय का भाव विचारों से कहीं ज्यादा करीब है। हृदय के समुद्र की लहरों से जो आंदोलन आता है वह रुलाता भी है, क्योंकि भक्ति आंसुओं के बहुत करीब है। जो रो न सके वह भक्त नहीं हो सकेगा। छोटे बच्चे की तरह जो असहाय होकर रो सके, वही भक्ति-मार्ग से गुजर पाता है।

परतंत्रता का अर्थ है कि चित्त के ऊपर लोगों के द्वारा थोपा गया तंत्र, जिससे व्यक्ति को बांधा जाता है। यह जो बंधन है, निश्चित ही यह बंधन किसी को भी प्रीतिकर नहीं है। ऐसे बंधनों के प्रति सहज ही भीतर एक विरोध है।

ऐसे बंधनों को तोड़ देने की भीतर एक तीव्र बलवती आकांक्षा है। जब भी व्यक्ति मौका पाता है, ऐसे बंधनों को तोड़ता है। ऐसे परतंत्रता को तोड़ने से परतंत्रता के विरोध में, वह जो विद्रोही चित्त है, उससे स्वच्छंदता पैदा होती है। क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने से जो जीवन उपलब्ध होता है, उसका नाम स्वतंत्रता है। स्वतंत्र होना इस जगत में सबसे दुर्लभ बात है। स्वतंत्र वही हो सकता है, जो स्वयं को जानता हो।

अभिनंदनीय!
क्षेत्रीय भाषाओं के विकास को समर्पित यह निर्णय हमारी भाषाई विविधता-सांस्कृतिक एकता को सशक्त कर लाखों युवाओं हेतु चयन की संभावनाओं को बढ़ाएगा।
आदरणीय प्रधानमंत्री जी और मा. गृह मंत्री जी का हार्दिक आभार!
**-योगी आदित्यनाथ**

### रोचक ट्वीट

**रांची** में आयोजित दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए।मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सभी रोजेदारों को रमजान के पाक महीने की दिली मुबारकबाद दी।
**-हेमंत सोरेन, सीएम**





**प्रधानमंत्री** जीवन ज्योति बीमा योजना...20 रुपए सालाना प्रीमियम से 18 से 50 आयु वर्ग के बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता धारक लिए 2 लाख की जीवन बीमा... मृत्यु का कारण कोई भी हो...
**-महेश पोद्दार**

### कॉर्टून वर्ल्ड

**पुतिन का हाल**



# कॉस्ट ऑडिट और मेक इन इंडिया



**अजयदीप बाधवा**

### आर्थिक



**देश** में रोजगार के अवसर बढ़ाने, राष्ट्रीय आय में वृद्धि करने, उत्पादों के मूल्य में कमी करने के साथ साथ इनकी आसानी से आम भारतीय को उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार ने ह्लमेक इन इंडियाह्व योजना का प्रारंभ किया। इसका उद्देश्य देश में ही उत्पादों को बनाकर उनके आयात में कमी करना भी था ताकि डॉलर के रिजर्व को कम होने से बचाया जा सके और आत्म निर्भर की परिकल्पना सच हो सके। पर मेक इन इंडिया को सफल करने के लिए यह भी आवश्यक कि जो उत्पाद भारत में बनने आरंभ हो उनका विक्रय भी हो। हम सब जानते हैं कि कोई भी कम्पनी किसी भी उत्पाद को स्टॉक में रखने के लिए नहीं, बल्कि विक्रय के लिए बनाती है। यदि उसके उत्पाद विक्रय नहीं होंगे तो कंपनी बंद हो जाएगी और सरकार का मेक इन इंडिया जैसी महत्वाकांक्षी योजना भी फेल हो जायेगी। इस कारण उत्पादों को बनाने के साथ साथ उनका विक्रय बढ़ाना भी आवश्यक है। पर समस्या यह है कि भारतीयों की क्रय करने की क्षमता सीमित है। भारत तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था अवश्य है , पर अभी भी एतिहासिक कारणों से अधिकांश भारतीयों के पास विकसित देशों के नागरिकों की तुलना में कम आमदनी है और इस कारण वे महंगे उत्पाद नहीं खरीद सकते हैं। इसका सीधा सा तात्पर्य यह है कि अगर भारतीय उत्पादकों को अपने उत्पाद भारत में बेचने हैं तो उनकी उत्पादों की लागत और मुक्त को कम रखना होगा। और इस बिंदु पर कॉस्ट ऑडिट की भूमिका समझ में आती है। कॉस्ट ऑडिट एक प्रक्रिया है जिसमें उत्पादक अपने उत्पादन के दौरान होने वाले तमाम लागत का विस्तृत विवरण नियमानुसार रखते हैं, जिसका कॉस्ट अकाउंटेंट (सीएमए) विश्लेषण कर कंपनी को यह बताते हैं कि कौन सी लागत सही है और कौन सी लागत अनावश्यक है। अनावश्यक लागत को कम करने या बंद करने का तरीका भी कॉस्ट ऑडिट के दौरान बताया जाता है। इस से उत्पादक अपने लागत को नियंत्रण कर मूल्यों को भी नियंत्रण में रख पाते हैं। यह पाया गया है कि जो कम्पनी लागत के विवरण को ठीक ढंग से रखती है और कॉस्ट ऑडिट करवा कर दिए गए सुझावों का पालन करते हैं तो उनका उत्पादन लागत काफी कम हो जाता है जिससे न सिर्फ कम्पनी का लाभ बढ़ता है, बल्कि उसके उत्पादों के मूल्य भी कम होते हैं और उनका विक्रय बढ़ जाता है। विकसित देशों ने कॉस्ट ऑडिट के महत्व को पहचान कर उनका पालन अपने देशों अनिवार्य कर दिया है पर भारत में इसके लिए जागरूकता कम पाई जाती है। भारत सरकार को चाहिए कि वह भारत की हर कंपनी में कॉस्ट ऑडिट को अनिवार्य कर दे ताकि अनावश्यक लागत को कम कर देश के संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके और उत्पादों का मूल्य भी कम किया जा सकें। मूल्य कम होंगे तो आम व्यक्ति उत्पादों को खरीद पाएगा और सरकार का मेक इन इंडिया सफल हो पाएगा।

(लेखक वित/कर विशेषज्ञ, रांची)

### लेटर टू एडिटर

## नयी शिक्षा नीति

**निजी** व सरकारी उच्च शिक्षा संस्थानों में एक तरह के मापदंड लागू करने और फीस को लेकर पारदर्शिता कायम करने की मंशा स्वागत योग्य है, बशर्ते क्रियान्वयन में गंभीरता दिखाई जाये। के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में विशेषज्ञों की समिति ने नई शिक्षा नीति का मसौदा तैयार किया है, उसे मंजूरी मिल गयी है। इसमें प्राइमरी से उच्च शिक्षा तक में बड़े बदलाव किये गये हैं। **-रविकांत, रांची**

## मस्क की योजना

यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो सुपर हेवी बूस्टर लॉन्च के लगभग तीन मिनट बाद स्टारशिप से अलग हो जाएगा और मैक्सिको की खाड़ी में गिर जाएगा। वहीं छह इंजनों वाला स्टारशिप लगभग 150 मील की ऊंचाई तक उड़ेगा। यह प्रक्षेपण के लगभग 90 मिनट बाद पृथ्वी के निकट परिक्रमा को पूरा करेगा। मस्क ने कहा, 'अगर यह कक्षा में पहुंच जाता है, तो यह एक बड़ी सफलता होगी।'

# एक अस्वीकृत कहानी ने बलराज को बनाया अभिनेता

### बॉलीवुड

**अजय कुमार शर्मा**

बलराज साहनी ने अपने जीवंत अभिनय से जो भी भूमिकाएं की, उन्हें यादगार बना दिया। 'धरती के लाल' का गरीब किसान, 'दो बीघा जमीन' का हाथ से रिक्शा खींचने वाला मजदूर, 'हम लोग' का मुखर युवा बेरोजगार, 'हलचल' का उदार जेलर, 'काबुलीवाला' का भावुक पठान या फिर अपनी अंतिम फिल्म 'गरम हवा' का अभागा मुस्लिम व्यापारी आदि किरदारों को जब याद करते हैं तो हमें बलराज नहीं बल्कि ये किरदार ही सामने खड़े दिखाई देते हैं। बलराज ने अपने को इन किरदारों में इस तरह ढाला कि वह गायब हो गए और दर्शकों को उनके किरदार ही याद रहे आए।

दो बीघा जमीन की कलकत्ता में हुई शूटिंग के दौरान कई बार भीड़ ने उन्हें असली रिक्शाचालक समझकर ही व्यवहार किया। यह उनके स्वाभाविक हुलिए और बोल-चाल की वजह से ही हुआ, जिसके लिए उन्होंने स्वयं कड़ी मेहनत की थी। बंबई के जोगेश्वरी इलाके में उत्तर प्रदेश और बिहार के भैंस पालने वाले भैया लोगों की बस्ती में उन्होंने उन के खान-पान, पहनावे, बोलचाल का गहराई से अध्ययन किया।

बलराज ने 1934 में लाहौर से अपनी पढ़ाई पूरी करके कुछ दिन रावलपिंडी में अपने पिता का कपड़ों का व्यापार संभाला। इस बीच 6 दिसंबर, 1936 को उनकी शादी दमयंती से हुई। कुछ दिनों बाद ही उन्हें साथ ले वे फिर लाहौर आ गए। यहां से एक साप्ताहिक अंग्रेजी समाचार पत्र निकालने लगे । फिर दोनों पति-पत्नी कलकत्ता चले गए। यहां कुछ दिन लेखन कार्य करने के बाद 'अज्ञेय' की सिफारिश पर उन्हें शांति निकेतन में हिंदी अध्यापक की नौकरी मिल गई। दो साल यहां बिताने के बाद वे गांधी जी के वर्धा स्थित सेवाग्राम जा पहुंचे 'नई तालीम' पत्रिका के सहायक संपादक बनकर। यहां एक साल ही गुजरा था कि वे गांधी जी की अनुमति लेकर बी.बी.सी. लंदन में उद्घोषक बनकर इंग्लैंड चले गए। वे यहां चार साल तक रहे। यह द्वितीय विश्व युद्ध का समय था ।

1944 की गर्मियों में साहनी दंपत्ति इंग्लैंड से वापस लौटा। इंग्लैंड से वापसी के समय वे कुछ दिन बंबई में रुके। एक दिन बलराज की मुलाकात अचानक चेतन आनंद से हो गई, जिन के साथ लाहौर में पढ़ते हुए उन्होंने कई नाटकों में साथ-साथ काम किया था । चेतन से बातचीत के दौरान उन्हें जान कर खुशी हुई कि अब भारत में भी सभ्य समाज के लोग फिल्मों को उतनी बुरी नजर से नहीं देख रहे हैं। उन्हीं से उन्हें पता चला कि कृश्न चंदर, उपेंद्र नाथ 'अश्क', सआदत हसन मंटो, भगवती चरण वर्मा, जोश मलीहाबादी, अमृतलाल नागर, नरेंद्र शर्मा जैसे चोटी के लेखक बंबई में रहकर ही फिल्मों के लिए कहानियां और गीत लिखकर हजारों रुपये कमा रहे हैं। इंग्लैंड जाने से पहले बलराज साहनी की भी गिनती हिंदी के युवा कहानीकारों में होने लगी थी। उनकी कहानियां विशाल भारत' 'हंस' 'धर्मयुग' और अन्य पत्रिकाओं में नियमित रूप से छपती रहती थीं। फिल्मों के लिए लिखकर तो रोजी-रोटी कमाई ही जा सकती है। अभिनय की बात अभी तक उनके दिमाग में नहीं आई थी। बलराज ने चेतन का यह प्रस्ताव तुरंत स्वीकार कर लिया। इस तरह एक अस्वीकृत कहानी ने बलराज का फिल्मों में अभिनय करने का रास्ता खोल दिया। सितम्बर 1944 में बलराज, दमयंती और दोनों बच्चों के साथ बंबई, चेतन आनंद के घर जा पहुंचे।

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक, प्रकाशक प्रधान संपादक
**अभय कुमार सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
स्थानीय संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन :0651-2974033
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता एवं पुलिस पदाधिकारियों ने किया स्प्राइट होलसेल मेला का उदघाटन



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के सिद्धनाथ नगर में भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह एवं पुलिस पदाधिकारियों ने स्प्राइट कोल्डड्रिंक मिनी मेला का उदघाटन संयुक्त रूप से फीता व केक काट कर किया। मौके पर स्प्राइट व कोकोकला कोल्डड्रिंक के होलसेल डीलर सह आयोजन कर्ता चंदन कुमार सिंह ने आगन्तुक अतिथियों को द्वारा अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जपला में कोका कोला और स्प्राइट का होलसेल डीलर होने से खुदरा व छोटे व्यवसायिक को सुविधा मिलेगी व कम से कम ट्रांसपोर्ट कीमत पर समय दुकान में कोल्ड ड्रिंक्स भी उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटर चंदन कुमार सिंह को लोगों को आवश्यकताओं से जुड़ी व्यवस्था को सुविधा जनक बनाने के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर प्रोपराइटर चन्दन कुमार सिंह ने आगन्तुक अतिथियों के प्रति आभार जताया। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, हुसैनाबाद महिला थाना प्रभारी सुरबला भृंगराज, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, एसआई सौरभ कुमार, सोमप्रकाश, विनोद राम, कोका कोला कम्पनी के मार्केटिंग हेड सौरभ कुमार, सेल्स टीम के हेड रुपेश कुमार, मोजाहिर हुसैन, राजेश कर्ण आदि हजारो के संख्या में लोग मौजूद थे।

### पिपरा पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**हरिहरगंज पलामू।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार पिपरा थाना क्षेत्र के दमवा मोड़ पर सड़क सुरक्षा व एंटी क्राईम के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एएसआई उमेश महतो के नेतृत्व में पुलिस ने सड़क से गुजरने वाली दर्जनों दो पहिया तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की वाहन की कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, इस्यूरेंस ट्रीपल लोडिंग, वाहन की डिक्की की गहनता से जांच किया। जांच के दौरान बिना कागजात, लाइसेंस और हेलमेट के सफर कर रहे बाईक चालकों का बाइक जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने वाहन चालकों को वाहन के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस लेकर और हेलमेट पहनने की नसीहत दी।

### पंकज दुबे बने प्राथमिक शिक्षक संघ के मेदिनीनगर प्रखंड अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मेदनीनगर प्रखंड का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अशोक कुमार तिवारी ने किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में पंकज कुमार दुबे अध्यक्ष, शशिकांत तिवारी सचिव, अजय कुमार राय उपाध्यक्ष, जितेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए। वही जिला प्रतिनिधि एवं राज्य प्रतिनिधि का निर्वाचन किया गया। बैठक में चुनाव पदाधिकारी के रूप में प्रशांत कुमार एवं चुनाव पर्यवेक्षक जीतू कुमार शुक्ला उपस्थित थे। निर्वाचन के अवसर पर जितेंद्र कुमार दुबे, हरिद्वार मेहता, समीर कुमार पांडे, वशिष्ठ नारायण दुबे आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज दुबे ने कहा कि शिक्षकों की एकजुटता एवं शिक्षकों की हक एवं अधिकार के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। धन्यवाद ज्ञापन शिव ध्यान तिवारी ने किया।

### निवर्तमान वार्ड 19 के पार्षद ने किया इफ्तार पार्टी का आयोजन



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी ने अपने कोशियार स्थित आवास पर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें बिश्रामपुर नगर परिषद के मुस्लिम रोजेदारों के अलावा काफी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी शामिल थे। इफ्तार के बाद रोजेदारों ने नमाज अदा कर अमन व शांति की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में बतौर मुख्य अतिथि बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह मौजूद थे। इफ्तार के बाद उन्होंने कहा कि रमजान हमे अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इफ्तार पार्टी में नप के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी, वरीय बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, अनीश अंसारी, प्रवीन सिंह, राहुल दुबे, उस्मान अंसारी, नाजमुदिन नूरी, इरशाद अहमद, अकबर अली, सुदामा राम, रामजी यादव, चंदन चंद्रवंशी, दीपक, बालकेश यादव, बच्चन मेहता, दिनेश यादव, शिवनाथ बैगा, कमरोज आलम, सफी आलम, जलालुदीन सिद्दकी, हेसामुदीन अंसारी, इम्तियाज अहमद, शिवनाथ पासवान, राजेश मेहता, शुहैल अंसारी, एमडी रसूल, रोज मुहम्मद, कुतबुदीन अंसारी, मास्टर रसीद अंसारी, सफीक अंसारी, महमूद अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

### अम्बेडकर जयंती पर झगरूआ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के झगरुआ गांव में संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन गायक विकाश गौतम, शोनी भारती व राकेश कुमार ने एक से बढ़कर एक बाबा साहब पर आधारित गाना गाकर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, जिला पार्षद विजय रविदास, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, भाजपा नेता डॉ वी पी शुक्ला, मुंशी प्रसाद गुप्ता व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने संयुक्त रूप से फीता जोड़कर किया। समारोह की अध्यक्षता अंबेडकर विचार कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार एवं संचालन समाजसेवी संतोष राम ने किया। मौके पर साबिर अंसारी, महेंद्र राम, अंबेडकर विचार कमेटी के उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, सचिव कमलेश कुमार, कोषाध्यक्ष शशिकांत कुमार, उप कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार, संरक्षक राम पूजन राम, महासचिव जयप्रकाश राम, मीडिया प्रभारी विमलेश कुमार, उपसचिव कंचन कुमार, सदस्य रंजीत कुमार, राकेश कुमार,सुरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, रामजन्म राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व वित्तीय अनियमितता : रंजन दूबे



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला है व काफी वित्तीय अनियमितता की जा रही है। यह बात सोमवार को बीससूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे नें आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी पैसे में अनियमितता और सरकारी योजनाओं में रिश्वत की शिकायत लगातार मिल रही है। जिसकी जानकारी चैनपुर बीडीओ गिरिवर मिंज को दिए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई या रोक नहीं लग रही है। बीस सूत्री अध्यक्ष नें बताया कि बीस सूत्री कार्यालय खर्च एवं बैठक के लिए 40 हजार रुपए प्रखंड कार्यालय को मिला था। परंतु बीडीओ द्वारा बिना खरीदारी किए फर्जी बील भाउचर लगाकर राशी निकाल ली गई। वहीं राज्य योजना अंतर्गत 4 लाख पचहत्तर हजार रुपए में प्रखंड कार्यालय द्वारा मशीन एवं उपस्कर जेम पोर्टल से खरीद करना था तथा जेम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में निविदा निकालकर पारदर्शी तरीके से खरीदारी करना था। जबकि बीडीओ द्वारा बिना निविदा निकाले ही उक्त निर्देश का उल्लंघन कर बिना मशीन व उपस्कर का खरीद किए। दुबे ने बताया कि अनियमितता की सूचना उपायुक्त, उप विकास आयुक्त एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार को देते हुए उक्त कृत्य की जांच किसी वरीय पदाधिकारी से कराकर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की गई है। प्रेस वार्ता में बीससूत्री उपाध्यक्ष सागर दास, सदस्य कमरुद्दीन अंसारी, नीतीश कुमार सिंह, बबलू अंसारी, जीरापति देवी, उदय सिंह, अनिल पांडे, विनोद राम, विश्व नाथ ठाकुर मौजूद थे।

## ड्राई जोन में कल से पांच-पांच टैंकर अतिरिक्त पानी : महापौर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने उपमहापौर मंगल सिंह, पार्षदों एवं निगम पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पानी वितरण की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि जैसे-जैसे जहां-जहां पानी की किल्लत होगी वैसे वैसे टैंकर से पानी पहुंचाया जाएगा। बैठक में समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि निगम का ड्राई जोन एरिया वार्ड नंबर 3, 13 ,14, 15 और 19 में पांच पांच टैंकर अतिरिक्त पानी कल से दिया जाएगा। महापौर ने यह भी कहा सिर्फ ड्राई जोन एरिया ही नहीं अन्य वार्ड में भी जरूरत के हिसाब से पानी आपूर्ति किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि कुछ लोग सप्लाई का पानी से खेती कर रहे हैं। महापौर ने वैसे लोगों से आग्रह किया है कि अभी एक एक बूंद पानी का कीमत है उसे खेती ना करें। पकड़े गए तो नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी।

## बढ़ती गर्मी से सावधानी व बचाव जरूरी : उपायुक्त

उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने व गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही जिले में तापमान बढना शुरू हो गया है जिससे गर्मियों में होने वाली परेशानियों का खतरा भी बढ़ गया है।

गर्मियों में इन परेशानियों के साथ लोगों को डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, हीट स्ट्रोक जैसी समस्या हो सकती है इससे बचाव को लेकर हम सबों को विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि गर्म हवाएं व लू से शारीरिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है,जिससे किसी व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने सभी जिलेवासियों से धूप में घर से बाहर निकले समय हल्के रंगो के ढीले सूती कपड़े पहनने, चश्मा व छाता रखने व गमछा ओढ़कर ही घर से निकलने की अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के स्ट्रोक, गर्मी के दाने या गर्मी से ऐंठन जैसे कि कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, मितली और दौरे के लक्षणों को पहचाने यदि आप थकान व कमजोरी व बीमार जैसा महसूस कर रहें है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श करें।

इसके अलावा उन्होंने सभी से नमक-चीनी का घोल, छाछ,नींबु-पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा व ककड़ी का नियमित रूप से सेवन करने की भी अपील की। ज्ञातव्य है कि उपायुक्त दोड्डे ने गर्मी के मद्देनजर इसके पूर्व में भी जिले में संचालित सरकारी,गैर सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के समय में बदलाव भी किया गया है।

## प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर किया आम रास्ता को अतिक्रमणमुक्त

>> भारी संख्या में पुलिस बल के साथ की गई कार्रवाई

**गौतम पटेल**





**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत ग्राम लमार में सोमवार को वर्षो से चल रही आम रास्ता को अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने विधिवत कार्रवाई करते हुए पूरे रास्ता को बुलडोजर लगवाकर अतिक्रमण मुक्त करवाया। इस सबंध में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम ने बताया कि ग्रामीणों द्वरा अंचल कार्यालय को प्राप्त शिकायत पर पूर्व से कार्रवाई चल रही थी जिसमे विधवत अंचल अमीन व कर्मचारियों के रिपोर्ट के आधार एवं सत्यापन कर उक्त रास्ता में कई अतिक्रमणकारियों को पूर्व से नॉटिश दिया गया था लेकिन जब नहीं हटाया गया तो उनके विरुद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए जेसीबी व विधिव्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल के साथ रास्ता को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मौके पर सीओ नंदकुमार राम, थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, दंगवार ओपी प्रभारी चन्दन शर्मा, एसआई वीनोद राम समेत काफी संख्या में जिला पुलिस के महिला एवं पुरुष बल के अलावा अंचल कर्मी मौजूद थे।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा : अर्जुन पांडेय

प्रमंडल के सभी विप्र बंधु से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम की भव्य झांकी, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम दरबार, महादेव व बीर बजरंग बली की जीवंत झांकी के साथ निकलेगी भगवान परशुराम की जन्मोत्सव पर शोभायात्रा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने कही। पांडेय सोमवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि शोभायात्रा के पूर्व भगवान परशुराम की भव्य पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने कहा कि बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडिंग शहर के लिए अनोखा होगा। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति स्वरुप में बुलेट सवार लडकियों का ग्रुप शोभायात्रा में सबसे आगे आगे रहेंगी। पांडेय ने बताया कि तरसा पार्टी व लाईव भक्ति जागरण शोभायात्रा में चार चांद लगाएगी। पांडेय ने सभी प्रमंडल वासियों से शोभायात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में शामिल सभी श्रध्दालुओं पर पुष्प वर्षा व पगड़ी पोशी कर अभिनंदन किया जाएगा। वहीं शोभायात्रा के समापन के बाद सांध्य सात बजे से प्रदेश कार्यालय में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज हित में काम करने वाला स्वतंत्र संगठन है। जो पूरी तन्मयता के साथ भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भव्य तरीके से मनाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुपम शुक्ला, संस्थापक अनूप दुबे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी का उद्देश्य है कि समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के बच्चे बच्चियों को उच्च शिक्षा ग्रहण कराने एवं विवाह कराने में हो रही परेशानियों को मिलकर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। आगामी 21 नवंबर को हाउसिंग कॉलोनी बैरिया में देवकीनंदन ठाकुर जी का प्रवचन भी युवा वाहिनी के द्वारा कराया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, शैलेश तिवारी व अनील दूबे मौजूद थे।

## पांडू कल्याण उच्च विद्यालय के खेल मैदान में दस जोड़ी वर-वधू की शादी संपन्न

तीसरी बार तिथी परिवर्तन के बावजूद कार्यक्रम में नहीं पहुंचे मंत्री मिथलेश ठाकुर

**राजकुमार सिंह**







**पांडू पलामू।** पलामू जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत कल्याण उच्च विद्यालय पांडू खेल के मैदान में सोमवार के दिन 10जोड़ी वर-वधू की शादी संपन्न कराई गई। इस संदर्भ में शादी समिति के अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि विगत कई वर्षों से सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। ईस वर्ष भी 10जोड़ी वर-वधु वैवाहिक बंधन में बंध गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप गुप्ता व संचालन पूर्व जिप सदस्य सह समिति के सचिव अनिल चंद्रवंशी व रमेश ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह मुख्य संरक्षक के रूप में डटे रहे। पुरे कार्यक्रम में क्षेत्रीय कलाकार सुरेंद्र साहनी एवं उदय हलचल ने गीत संगीत के माध्यम से पुरे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। पुरे कार्यक्रम में पांडू पुलिस मुस्तैदी के साथ डटी रही। वहीं आनंद शर्मा के द्वारा सभी वधू को चांदी का आभूषण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मिथलेश ठाकुर मंत्री झारखण्ड सरकार लगातार तीसरी बार भी उपस्थित नही रहे। हलांकि मंत्री ने अपने बदले मुख्य अतिथि के रूप में जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य को भेजा। साथ में जेएमएम के कई नेता मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास दुबे उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। बताते चले की यह कार्यक्रम बिगत चार वर्षो से चलता आ रहा है, यह कार्यक्रम पहले काजरु कला के रामनवमी मैदान में होता था परन्तु इस वर्ष पांडू के कल्याण हाई स्कूल के खेल स्टेडियम में कराई गई। मौके पर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, सचिव अनिल चंद्रवाशी, कोषाध्यक्ष अजय बैठा, मुख्य संरक्षक उपेंद्र सिंह, उर्फ मुखिया जी, उपाध्यक्ष सिकंदर मेहता, परमानंद पाल, मनोज राम, राजेश राम, रोहित चंद्रवंशी, आनंद शर्मा, जगनारायण शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, बबलू चंद्रवंशी, गायक अरविंद, डॉ जे प्रसाद, अतिथि के रूप में राजद नेता धीरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, मनोज पांडेय, पांडू जिप सदस्य प्रतिनिधि सह विद्युत उपभोक्ता संघ के अध्यक्ष भाई गोविंद सिंह, पांडू मुखिया संघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिनाष सिंह उर्फ सिंटू सिंह, महूगांवा मुखिया मदन राम, ईरफान अंसारी, अंकित सिंह,पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह , अनूप गुप्ता सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

**इन जोड़ियों की हुई शादी :** जय प्रकाश राम संग उषा कुमारी, मनोज कुमार उरांव संग रंजिता कुमारी, शुभाष कुमार संग सुषमी कुमारी, लाल बहादुर उरांव संग सबिता कुमारी, कृष्णा राम संग सुधा कुमारी , लड्डू कुमार संग राधिका कुमारी, रूपेश कुमार संग विंदू कुमारी, निरंजन भुईया संग धर्मशिला कुमारी।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस 19 को करेगी समाहरणालय का घेराव : बिट्टू पाठक

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कार्यालय के सभागार में पत्रकारों को संबोधित करते हुए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ चल रहे कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के दूसरे चरण में 19 अप्रैल को जिला स्तरीय पर समाहरणालय का घेराव का कार्यक्रम आयोजित होगा। निर्णय लिया गया कि सुबह 11 बजे दिन कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा शुरू होगी जो साहित्य समाज चौक हॉस्पिटल चौक छहमुहान चौक कचहरी चौक होते हुए पलामू समाहरणालय पहुंचेगी। बिट्टू पाठक ने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर फेल है। समाहरणालय कार्यालय घेराव में पलामू जिला के प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू, सभी पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पत्रकार सम्मेलन में कई कांग्रेसी शामिल थे।

### परीक्षा खुद को साबित करने का बेहतर अवसर : सुदर्शन

**सतबरवा पलामू।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा वर्ग 11 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य के लिए शत तथा अंतिम आशीर्वचन और मार्गदर्शन क्लास का आयोजन किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कोरोना काल से ही तिवारी के द्वारा प्रत्येक शनिवार को रात 8:00 बजे फिजिक्स क्लास का ऑनलाइन आयोजन करते रहे हैं। इस शनिवार ऑनलाइन क्लास के अतिथि रांची झारखंड सरकार के सेक्शन ऑफिसर सुदर्शन दुबे मौजूद थे। दुबे ने क्लास के दौरान बताया कि परीक्षा में आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा संचालक दिनेश कुमार शुक्ला समेत कई लोग शामिल थे।

### प्रचंड गर्मी बिजली व्यवस्था चौपट, बढ़ी परेशानी



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र मे इनदिनों अप्रैल के माह में ही आसमान से आग के गोले बरस रहें है, प्रचंड गर्मी हैं। वही क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौनी से लोगो की परेशानी बढ़ गयी हैं। इधर रमजान का महीना व बच्चों के सभी परीक्षाएं इसी माह में चल रही हैं। इसके बाद भी बिजली की कटौती से आम उपभोक्ताओं में काफी आक्रोश हैं। भाजपा नेता ने बिजली विभाग के प्रति नारजगी जहीर करते हुए जल्द सुधार नही होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी हैं। रविंद्र सिंह ने कहा कि अगर बिजली की समस्या पर सुधार नहीं हुआ तो भाजपा उग्र आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेगी।

### सड़क दुघर्टना में घायल युवक की हुई मौत



**उंटारी रोड (पलामू)।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के पांडेपुर गांव निवासी अजय विश्वकर्मा के 32 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार की मौत सोमवार को हो गई। बतादे कि श्रवण विश्वकर्मा रविवार को अपने घर से उंटारी बाजार जा रहा था जहां चेचारिया स्कूल के समीप श्रवण का बाइक अनियंत्रित होकर पास में खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गई। सोमवार को श्रवण को रांची रिम्स रेफर किया गया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सोमवार को शव पांडेपुर पहुंचा जहां स्थानीय बांकी नदी तट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। ईधर श्रवण की मौत की खबर सुनते ही भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी पांडेपुर पहुंच परिजनों को ढाढस बंधाया वहीं अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की निखरती है प्रतिभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर।** अंबेडकर नवयुवक क्लब सांगबार द्वारा प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के ग्राम पंचायत सागंबार में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता थे। कार्यक्रम का उदघाटन जिला प्रतिनिधि प्रकाश महेता, प्रो बच्चन ठाकुर, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, विधायक के सहयोगी संजय चंद्रवंशी, प्रखंड तरहसी के भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, रंजय ठाकुर ने किया। विधायक प्रतिनिधि ने विधायक की ओर से सहयोग राशि 10000 रूपये समिति को प्रदान किया। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से कलाकारों की प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम का संचालन सुदामा महतो ने किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद प्रभा देवी, विशिष्ट अतिथि सागबार पंचायत के मुखिया गीता देवी, विश्वनाथ राम, विकी कुमार, आशीष, रामजीत दास, एसके अंबेडकर, राजेंद्र कुमार रवि, अध्यक्ष दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सचिव, गुड्डू कुमार, पवन कुमार, शेखर कुमार, रितिक कुमार, सनी कुमार, राजा कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पंसस ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन, कुकही में मुख्य सड़क से गांव में प्रवेश सड़क निर्माण की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत समिति सदस्य राजीव कुमार शर्मा ने जिले के उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उन्होंने जपला हैदरनगर मुख्य सड़क से ग्राम कुकही प्रवेश द्वारा वाली सड़क जिसमें दर्जनों गांव को जोड़ता हैं उसकी जर्जर स्थिति से अवगत कराते हुए पुनः निर्माण करवाने की मांग की हैं। पत्र में शर्मा ने लिखा है कि इस सड़क का निर्माण 2001 में प्रधानमंत्री सड़क योजना से बनाया गया था जो आज पूरी जर्जर हैं। ग्रामीणों को पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। यह गांव महान स्वतंत्रता सेनानी रेवत बाबू, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, के साथ साथ ब्रम्हम बाबा देव स्थल से प्रसिद्ध हैं। जिसमें इस सड़क से दर्जनों सुद्रवर्ती गांव को जोड़ा गया लेकिन सड़क की स्थिति ठीक सभी लोगो को परेशानी हो रही है।

## अंबेडकर ने दिया शिक्षित बनो, संघर्ष करो का नारा : गिरजानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**सतबरवा पलामू।** संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 132 वीं जयंती के अवसर पर रविवार की रात्रि में पिपरा कला गांव के हड़ुवा चट्टान चौक में भीम योद्धा कमिटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गय। जिसका उदघाटन राजद नेता गिरिजा नंद सिंह चेरो उर्फ गिरि जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर चेरो ने कहा कि देश के नागरिकों को गीता, रामायण के अलावा संविधान को भी पढ़ने की जरूरत है, क्योंकि भारत देश संविधान से ही चलता है इसलिए संविधान की जानकारी होना बहुत जरूरी है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सभी वंचित वर्ग के लोगों को शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया है जिस पर हम सबों को अमल करना होगा। वही सतबरवा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समतामूलक समाज के स्थापना पर जोर दिया है मगर कुछ लोग आज भी राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से भेदभाव करते हैं। वही भीम आर्मी के लातेहार जिला अध्यक्ष जगजीवन राम ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है इसलिए बच्चों को शिक्षा देना जरूरी है। इस मौके पर भोजपुरी व्यास मुन्नी राम के टीम के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की जीवनी पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। मौके पर जिला परिषद सदस्य के पति अजय उरांव, पूर्व मुखिया शंभू उरांव, चतरा सांसद के जिला स्वास्थ्य एवं खेलकूद के प्रतिनिधि धीरज कुमार, ए एस आई कौशल किशोर दुबे, भोलाराम, मनोज कुमार भुइयां, पूर्व पंसस अरविंद सिंह, निरंजन प्रसाद, दीपक यादव, राजद नेता देवबंश मांझी, समिति के अध्यक्ष विजय राम, सत्येंद्र राम, गिरवर राम समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तरहसी : गोइंदी में जहरीला पानी पीने से दर्जन मवेशियों की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोइन्दी में मंजू देवी पति अशोक सिंह के 11 पशुओं की मौत हो गई। मौत का कारण बताया जा रहा है कि पशु सुबह के समय अपने मवेशियों को चरा कर रोज की तरह ग्वाल में बंदकर छोड़ दिए। दोपहर 3:00 बजे के समय मंजू देवी ने अपने बकरियों और पशुओं को ग्वाल से बाहर निकाली तो सामने बनाए हुए पानी के नाद में भरा हुआ पानी को सभी बकरी और 2 गायों ने पिया और पीते हीं सभी के सभी 5 मिनट का भी समय नहीं मिल पाया की सभी पशुओं की मौत हो गई। वहीं पशु चिकित्सक विपिन कुमार यादव ने बताया कि सभी मवेशियों की मौत विषैले पदार्थ पानी में मिलाने के कारण मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल पाएगा। वहीं मुखिया पति लालमुनि राम ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आपदा से मिलने वाले हर संभव सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं पीड़िता मंजू देवी ने कहा की इतने मवेशियों को मरने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं वार्ड नंबर 6 के आशीष सिंह ने सरकार से मुवाबजे की मांग किए। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए व पानी का सैंपल जांच के लिए मेदनीनगर भेजा गया। परंतु एफआईआर नहीं हो पाने की वजह से पोस्टमार्टम और पानी की जांच नहीं हो पाई। मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़ी पशु सखी ललिता देवी शीला देवी, विश्वनाथ सिंह अंगद सिंह ग्राम पंचायत चौकीदार बिंदु पासवान राजेश विश्वकर्मा जितेंद्र कुमार पासवान, बिरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, संतु सिंह, अशोक सिंह, कांता सिंह, महिपाल सिंह, दिलीप प्रजापति, जमुना सिंह, अनिल सिंह लव कुमार सिंह व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## रेडक्रॉस के शिविर से ऑपरेशन के पश्चात रोगियों को दी गई बिदाई



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट के संयोजन में बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित रेड क्रॉस सोसाईटी के 680वां नेत्र शिविर सोमवार को ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों की विदाई के साथ सम्पन्न हो गया, इससे पूर्व जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ बी पी सिंह ने ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की, जिसके पश्चात जमशेदपुर आर्य समाज ट्रस्ट के ट्रस्टी देवेन्द्र चतरथ, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, कार्यकर्ता विश्वजीत कुमार ने ऑपरेशन कराये लोगों को काला चश्मा पहनाया तथा दवा प्रदान किया, इसके साथ ही सभी ऑपरेशन कराये लोगों को गर्मी से बचने के लिए एक छाता तथा तौलिया उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। रेड क्रॉस के कार्यकर्ता श्याम कुमार ने नेत्र रोगियों को आंखों की देखभाल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया। विदाई के समय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के साथ कार्यकर्ता राकेश मिश्र, अशोक घोषाल, विक्की कुमार, अशोक कुमार सिंह, आशीष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थें। संस्था के मानद सचिव सिंह ने बताया कि रेड क्रॉस द्वारा गर्मी के कारण अंतिम कैम्प 22 से 24 अप्रैल तक आयोजित होगा।

## जंगली हाथियों के आतंक से परेशान महिलाओं ने किया सड़क जाम



**चांडिल।** रविवार कि देर रात चांडिल प्रखण्ड क्षेत्र के तारकुंआ में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाया। उत्पात मचाते हुए साथियों ने विनोता सिंह सरदार के घर तोड़ दिया एवं गौरंगो महतो व कार्तिक कुंभकार के बाउंड्री को छतिग्रस्त कर दिया। मुआवजे की मांग एवं वन विभाग के विरोध में ग्रामीणों ने चांडिल सरायकेला सड़क को जाम कर दिया। चांडिल प्रमुख अमला मुर्मू ने भी मुआवजा देने की मांग किया।

## गोल्डन डांस ग्रुप के प्रशिक्षक सपन मंडल का निधन



**गम्हरिया।** प्रखंड के डुमरा पंचायत अंतर्गत रतनपुर निवासी नागपुरी कलाकार सह गोलडेन डांस ग्रुप के प्रशिक्षक सपन मंडल का सोमवार को निधन हो गया। विगत कई दिनों से वे बीमार थे। सपन मंडल के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। विदित है कि सपन मंडल ने झॉलीवुड के स्टार स्वर्गीय बंटी सिंह के साथ नागपुरी फिल्म 'प्यार का सपना' में एक अहम भूमिका निभाई थी। वे नृत्य की दुनिया में एक अलग पहचान बनाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने गोल्डन डांस ग्रुप की स्थापना कर गांव के छोटे-छोटे बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण दिया करते थे।। अपने पीछे वे पत्नी समेत दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए।

## राजीव चौक पर कांग्रेसियों ने की नुक्कड़ सभा



**जमशेदपुर।** प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार साकची राजीव चौक के समीप नुक्कड सभा का आयोजन सोमवार को पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष अमर कुमार मिश्र के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने कुनीतियों एवं पापों को छिपाने के लिए गाल बजा रही है। आज झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में सैकडों योजनाए धरातल पर गठबंधन सरकार के नेतृत्व में उतार दिए गए है। भाजपा दिशा विहीन होती जा रही है।

# आदिवासी प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 20 नये कमरों का होगा निर्माण, विधायक सरयू राय ने किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विद्यालय भवन का शिलान्यास करते विधायक सरयू राय। साथ में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया व एसपी सिंह।

**जमशेदपुर।** अंततः आज आदिवासी +2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सीतारामडेरा में 20 कमरों के निर्माण का शिलान्यास हो गया। शिलान्यास जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008-09 में ही इस विद्यालय में 20 कमरों के निर्माण के लिए 1 करोड़ 30 लाख रुपए का आवंटन हुआ था। करीब ग्यारह (11) वर्ष तक कमरों का निर्माण नहीं हुआ और 20 मई, 2019 को बैंक ड्राफ्ट द्वारा 1 करोड 30 लाख रूपया सरकार को वापस लौट गया। दिनांक 10 जनवरी, 2019 को भवन निर्माण विभाग के जमशेदपुर प्रमंडल ने विद्यालय के पुराने भवन को कंडम घोषित कर दिया और अगस्त 2019 में उसे ध्वस्त कर दिया गया। किसी ने यह ध्यान नहीं रखा कि 10 जनवरी, 2019 को विद्यालय कंडम घोषित हो गया तो उसे तोड़कर उसके स्थान पर आवंटित राशि से 20 कमरों बनवा दिया जाय। भवन के कंडम घोषित होने के 4 माह बाद 20 मई, 2019 को यह राशि सरकार को लौटा दी गई। आश्चर्य है कि जब 1 करोड 37 लाख रुपए की राशि मई 2019 में लौट गई तब इसके बाद पुराने भवन को अगस्त 2019 में तोड़ दिया गया। नतीजा यह हुआ कि नया भवन निर्माण नहीं होने के कारण वहां के विद्यार्थी 2019 से आजतक बगल के मुस्लिम हाई स्कूल में पढ़ने के लिये बाध्य हैं। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद स्कूल भ्रमण के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने दिसंबर 2020 में इसके बारे में सरयू राय को बताया तो उन्होंने उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम से बात करके नया भवन के लिए जनवरी 2021 में शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से प्रस्ताव भेजवाया। इस प्रस्ताव के अनुसार भवन का नक्शा पास हुआ। अगस्त 2021 में इस स्कूल में 20 कमरों बनाने के लिए फिर से 1 करोड 68 लाख 38 हजार रुपए स्वीकृत हुए। कमरों के निर्माण में काफी विलम्ब होने लगा तो विधायक सरयू राय ने गत मार्च में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान यह विषय उठाया। सरकार ने शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन दिया। नतीजा है कि 1 करोड 68 लाख 30 हजार की लागत पर आदिवासी प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सीतारामडेरा में 20 कमरों का निर्माण का शिलान्यास सोमवार को विधायक सरयू राय ने किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला अभियंता प्रभाकर, प्रधानाध्यापक छोटन लोहरा, विधायक प्रतिनिधि एस पी सिंह तथा पूर्व प्रधानाध्यापक लाल बहादुर सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिलान्यास समारोह में सांसद प्रतिनिधि चन्द्र शेखर मिश्रा, सुधीर सिंह, हरेराम सिंह, अजय सिन्हा, अमित शर्मा, मनोज सिंह, सुमित साहु एवं विवेक पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शास्त्रीनगर में स्थिति सामान्य हटायी गयी धारा 144

### पहले की तरह ऐतिहात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहेंगे

›› लोग अब घरों से निसंकोच निकल रहे हैं और बाजार भी सामान्य दिनों की तरह खुल रहे हैं



शास्त्रीनगर की फाइल फोटो।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन ने उपद्रव के बाद शास्त्रीनगर कदमा में स्थिति सामान्य होने पर लगायी गई निषेधाज्ञा 144 को सोमवार के दिन हटा लिया। अब लोग न सिर्फ अपने पर्व-त्योहार के लिए समूह में खरीददारी करने जा सकते हैं बल्कि तैयारी बैठकें भी कर सकेंगे। यद्यपि पहले की तरह वहां ऐतिहात के तौर पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। लोग अब घरों से निसंकोच निकल रहे हैं और बाजार भी सामान्य दिनों की तरह खुल रहे हैं। धालभूम के एसडीओ पियूष सिन्हा ने खबर मन्त्र से कहा कि शास्त्रीनगर में स्थिति सामान्य हो गई है। ऐसे में प्रशासन ने समीक्षोपरांत वहां से धारा 144 हटाने का निर्णय लिया है। यद्यपि पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती अगले कुछ दिनों तक बनी रहेगी। एसडीओ ने कहा कि प्रशासन को इस बात की खुशी है कि शास्त्रीनगर के दोनों समुदायों ने परिपक्वता दिखाते हुए स्थिति सामान्य करनेमें प्रशासन को हर संभव मदद दिया है। हम शास्त्रीनगर के लोगों से आगे भी शांति और भाईचारगी से रहने की अपील करते हैं।

# शास्त्रीनगर उपद्रव में हिन्दूवादी नेताओं पर कार्रवाई राजनीतिक साजिश : सहिस

### जेल में हिंदूवादी नेताओं से मिला आजसू प्रतिनिधिमंडल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 17 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को दोपहर 11 बजे जमशेदपुर स्थित घाघीडीह मंडल कारा में आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों कदमा स्थित शास्त्री नगर में हुई घटना में गिरफ्तार नेताओं से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साथ सदैव सहयोग करने की बात कही। उक्त अवसर पर पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने भाजपा नेता अभय सिंह, जनार्दन पांडेय ,गोपी प्रमाणिक समेत अन्य लोगो से मुलाकात कर उनके साथ हुए ज्यादती पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान राज्य सरकार में नेताओ को अपनी बात रखने और और बोलने पर पाबंदी लगा रखी है। लोग अपनी भावनाओं को भी नही रख सकते है,अपने धर्म और सभ्यता के साथ खड़ा होना भी अपराध सा प्रतीत होता है और इन सारे विषयो पर सरकार की चुप्पी यह साबित करती है की सरकार की मंशा ठीक नही है। सहिस ने कहा की आजसू पार्टी पूरे घटनाक्रम पर नजर गड़ाए हुए है और प्रशासन से पूरी घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कारवाई करने और निर्दोष के वेवजह परेशान नहीं करने की बात मांग की। मुलाकात करने में आजसू प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला प्रभारी प्रो रविशंकर मौर्या, अप्पू तिवारी, प्रकाश विश्वकर्मा, इंद्र सिन्हा समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### डबल डेकर एलिवेटेड कोरिडोर के रास्ते आने वाले अतिक्रमण हटाने का निर्देश



भू-अर्जन समीक्षा बैठक करती डीसी विजया जाधव।

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव द्वारा जिले में भू-अर्जन संबंधी मुआवजा भुगतान, सरकारी जमीन एवं अधिग्रहित जमीन में अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई तथा लंबित म्यूटेशन के मामलों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। पारडीह (कालीमंदिर) से बालिगुमा तक बनने वाले डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर में अतिक्रमण के कुछ मामले हैं जिनमें संरचना निर्माण को हटाया जाना है, उपायुक्त द्वारा एसडीओ धालभूम एवं सीओ मानगो को अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जिला भू अर्जन कार्यालय द्वारा एनएचएआई से प्राप्त मुआवजा भुगतान की कुछ राशि को लाभुकों में वितरित नहीं किया जा सका है। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि भूमि पोर्टल पर डाटा अधतन होते ही मुआवजा भुगतान शुरू कर दिया जाए। एनएचएआई के ही महुलिया एवं बहरागोड़ा खंड में नामांतरण के कुछ मामले लंबित हैं। डाटा ऑनलाइन नहीं होने के कारण नामांतरण नहीं किया जा सका है। उपायुक्त द्वारा एनएचएआई प्रतिनिधियों को इस मामले में आवश्यक सहयोग प्रदान करने तथा अपर उपायुक्त व डीपीएमयू सेल को डाटा मिलते ही जल्द से जल्द नामांतरण की प्रक्रिया पूरी करने का निदेश दिया गया। बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत धुलाबेडा में संपर्क पथ निर्माण में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला उपायुक्त के संज्ञान में लाया गया। उपायुक्त द्वारा पथ निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को इससे जुड़ा प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी लंबित मुआवजा भुगतान को यथाशीघ्र पूरा करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, आरसीडी व एनएचएआई के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

### डीबीएमएस इंग्लिस स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न







**जमशेदपुर।** डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के सभागार में केजी कक्षा वन से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 की छात्रा जिक्रा ने किया। जिक्रा ने उपस्थित अतिथियों छात्र-छात्राओं अभिभावकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का स्वागत किया । तत्पश्चात समारोह की मुख्य अतिथि एवं बागे जमशेद की प्राचार्य अनु तिवारी विद्यालय की संरक्षक भानुमति नीलकंठन एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के उपसभापति बी चंद्रशेखर, अध्यक्षा एवं उपसभापति ललिता चंद्रशेखर एवं विद्यालय की प्राचार्य रजनी शेखर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मिडिल स्कूल कोऑर्डिनेटर भुवना श्रीधर, प्राचार्या रजनी शेखर उप-प्राचार्य साहू के साथ के केजी वन से सातवीं कक्षा तक के पुरस्कृत छात्र-छात्राओं ने कतारवध होकर शैक्षणिक शोभायात्रा के रूप में सभागार में प्रवेश किया। छात्रों के स्थान ग्रहण करने के बाद छात्रों द्वारा प्रार्थना गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसके बाद प्राचार्य रजनी शेखर ने स्कूल की गतिविधियों की जानकारी दी। सेक्रेटरी की रिपोर्ट प्रिया नागराजन द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष अनुशासित कक्षा का पुरस्कार कक्षा 3 सी को दिया गया जबकि अच्छे रखरखाव के लिए कक्षा 4 डी को पुरस्कृत किया गया। केजी वन से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों को 4 विशेष श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। ये श्रेणियां है एकेडमिक एक्सीलेंस, आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट, द मोस्ट पारसीवरिंग स्टूडेंट और स्टूडेंट फॉर अदर। कक्षा दो डी के वीर भामरा को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया जबकि कक्षा 4 डी की छात्रा आमंत्रिता पॉल को सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार दिया गया। समग्र रूप से शैक्षिक योग्यता की दृष्टि से पांचवी स की तृषा घोष को एवं सातवीं ए की स्तुति काबरा को पुरस्कृत किया गया। गणित विषय के लिए सातवीं ई के स्नेहिल राज, संस्कृत के लिए सातवीं ए की स्तुति काबरा एवं बंगला भाषा के लिए सातवीं ई की अंतरा पाल को और इप्सिता मुखर्जी को पुरस्कृत किया गया। छठवी ब कक्षा के बिहान कुमार एवं सातवीं ड के राजवीर सिंह गंभीर को अनुशासित छात्र का पुरस्कार दिया गया। छठवीं ड की अदृति घोष को विशेष पुरस्कार दिया गया जबकि छठवीं ई की शौर्य दीप्ता सरकार को बेस्ट स्टूडेंट की ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भानुमति नीलकंठन, ललिता चंद्रशेखर एवं बी चंद्रशेखर द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के पश्चात मुख्य अतिथि अनु तिवारी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्हें ललिता चंद्रशेखर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन की रस्म सातवीं कक्षा के अर्जुन भारद्वाज ने पूरी की। विद्यालय के स्तुति गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मुक्तेश्वर धाम हरिणा में डायवर्सिटी पार्क बनवाने के लिए विधायक का अभिनंदन



**पोटका।** वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से हरिणा में मुक्तेश्वर धाम में बनने वाले जैव विविधता उधान (डायवर्सिटी पार्क) का भूमि पूजन पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार के द्वारा किए जाने पर उनके आवास पर पुष्पगुच्छ देकर विधायक संजीव सरदार को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि जैव विविधता उद्यान का भूमि पूजन करके वर्षों का सपना आज मेरा पूरा हुआ। इस पर्यटन स्थल का निर्माण हो जाने से ही पूर्वी सिंहभूम सहित झारखंड के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि इस पर्यटन स्थल का निर्माण हो जाने पर वह सारी सुविधा पर्यटन आगंतुकों को मिलेगी जो कि अन्य पर्यटन स्थल पर सुविधा उपलब्ध रहती है। इस मौके पर झामुमो जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कु, बागबेड़ा इकाई अध्यक्ष अजीत सिन्हा, राकेश सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता उपस्थित थे।

# गोल्डन गर्ल बनी नन्ही स्वेच्छा वैश्य एकता मंच द्वारा सम्मानित



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सबसे कम उम्र (8 वर्ष) में संगीत के क्षेत्र में डिप्लोमा कर कीर्तिमान स्थापित करने एवं छोटी सी उम्र में ही 7 भाषाओं में संगीत गा चुकी वैश्य समाज की बेटी स्वेच्छा साहू को आज न्यू बारीडीह स्थित उनके निवास स्थान पर वैश्य एकता मंच ने सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि स्वेच्छा ने उक्त उपलब्धि (जिसमें उसकी प्रतिभा व लगन) के कारण गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने में सफल हुई। स्वेच्छा के पिता त्रिवेंद्र कुमार साहू जी (टाटा स्टील) की मौजूदगी में वैश्य एकता मंच के प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव, जिलाध्यक्ष गोपाल प्र जायसवाल, महासचिव राजकुमार साह, कोषाध्यक्ष भोला शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी शेखर कुमार, बारीडीह मंडल अध्यक्ष ओम पोद्दार, पप्पू शर्मा एवं अन्य ने संस्था के द्वारा स्मृति चिन्ह, पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया। पूछे गए एक जिज्ञासा पूर्ण सवाल का जवाब देते हुए बेटी स्वेच्छा ने कहा मेरा सफर काफी लंबा है माता-पिता के सहयोग से और भी आगे बढ़ने के लिए मैं संकल्पित हूं। बिटिया रानी की उपलब्धि पर वैश्य एकता मंच परिवार ने उसे सम्मानित कर उसके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की है।

# परमात्मा को मानने वाले किसी से भी घृणा नहीं कर सकते

### आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूत बांग्लादेश धर्म महासम्मेलन को संबोधित किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सत्याश्रयानंद अवधूत अपना संबोधन देते हुए।

**जमशेदपुर।** बांग्लादेश में आयोजित तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने आनंद मार्ग के रांची से श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत के प्रतिनिधि के रूप में सीनियर आचार्य आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूत धर्म महासम्मेलन को संबोधित किया। जमशेदपुर एवं उसके आसपास के लगभग 2000 से भी ज्यादा आनंद मार्गी बांग्लादेश तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन में भाग। धर्म महासम्मेलन आनंद उत्तरा मास्टर यूनिट, जिला ठाकुर गांव बांग्लादेश में आयोजित किया गया था। आनन्द मार्ग प्रचारक संघ बांग्लादेश के चेयरमैन आचार्य सुजीतानंद अवधूत के देखरेख में कार्यक्रम हुआ। भारत से भाग लेने के लिए आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूत, आचार्य कर्मयोगानंद अवधूत, आचार्य शुभगतानंद अवधूत, अवधूतिका आनंद देवश्री आचार्या, औरअवधूतिका आनंद प्रदीप्ता आचार्या गये थे। भारत से गए प्रतिनिधियों ने बांग्लादेश के संस्था के विभिन्न यूनिटों का दौरा भी किया। संध्याकाल में सामूहिक धर्म चक्र किया गया आनंद मार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख श्रद्धेय आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत के प्रतिनिधि के रूप में आचार्य सत्याश्रयानन्द अवधूतने प्रवचन में कहा कि डरने की कोई जरूरत नहीं परम पुरुष हमारे साथ हैं परम पुरुष के बाहर में और कोई दूसरी सत्ता नहीं है क्योंकि सब कुछ उनकी मानस कल्पना है इसलिए उनके लिए सिर्फ एक ही जगह है उनके बाहर में कुछ नहीं है।

# मुखी समाज की अगुवाई में हुआ छऊ नृत्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** मुखी समाज सोपोडेरा की अगुवाई में जमशेदपुर के समस्त अनुसूचित जाति समाज एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गांधी मैदान सोपोडेरा परसुडीह में संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह में सभी अनुसूचित जाति समाज के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी लोग बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण की और दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया। अवसर पर सरायकेला की छऊ नृत्य का प्रस्तुति हुआ। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिंदी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहीस, केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी शमिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटा स्टील फाउंडेशन के सूरज गिलवा, अंकिता टोपो, अभिषेक मुखी, मुखिया प्रभु राम मुंडा, बसंती भूमिज, उमेश पुराण, आरती करुआ, रूद्र मुंडा, उतरा महतो शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखी समाज सोपोडेरा के राम मुखी, पी के करुआ, रमाकांत करुआ, बबलू करुआ, मंगल मुखी,आकाश मुखी, नितेश करुआ, शिव कुमार सिंह कामदेव महतो, नवीन करुआ, राज मुखी, हरीश करुआ, विकास करुआ, प्रकाश करुआ, सोनू मुखी आदि का योगदान रहा।

# समाधान स्थापना दिवस : रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था समाधान के 8वें स्थापना दिवस पर सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शहर के धतकीडीह स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कुल 60 यूनिट रक्त संग्रहित हुए। समाधान संस्था की अध्यक्ष पूनम विग ने कहा कि अल्प समय में सूचना के बावजूद 60 यूनिट रक्त संग्रहित होना जमशेदपुर के लोगों का रक्तदान के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को दर्शाती है। समाधान संस्था के मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार ने भी रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया। इस दौरान कुलजीत सदाना, बीना खिरवाल, रमेश खंडेलवाल, अंकित आनंद, अमरजीत सिंह राजा, अमन राज, अनीता विभार, कमलेश विभार, एस. कार्तिक, इंद्रजीत सिंह, गीतांजलि बोस, रुचिका छाबड़ा, क्षितिज छाबड़ा, मणि विग, संतोष कुमार, दलबीर सिंह, बिनोद गुप्ता मौजूद रहें। इसके अलावे जटाशंकर पांडेय, कमलेश सिंह, कामेश्वर पांडेय, विक्रम पंडित, प्रोबिर चटर्जी राणा, सुरेंद्र सिंह शिंदे, धनेश्वर सिंह, अंकित चेतानी सहित अन्य की सक्रिय सहभागिता रही।

# जमशेदपुर और चाईबासा में पुण्यतिथि पर कांग्रेसी उद्योगपति सीताराम रुंगटा याद किए गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जमशेदपुर में श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित रामाश्रय प्रसाद व टीम।

**जमशेदपुर।** चाईबासा के प्रसिद्ध उद्योगपति और रुंगटा ग्रुप के संस्थापक सीताराम रुंगटा की पुण्यतिथि पर उन्हें जमशेदपुर से लेकर चाईबासा में याद किया गया। सोमवार को टेल्को कार्यालय में सरदार बल्लभ भाई पटेल सेवा समिति झारखंड की ओर से प्रसिद्ध उद्योगपति स्वर्गीय सीताराम जी रुंगटा की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम प्रसाद ने स्वर्गीय रूंगता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद उपस्थित समाज के विभिन्न अगुआ एवं मजदूर नेताओं तथा कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित स्वर्गीय रुंगटा को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए रामाश्रय प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय के साथ मेरा काफी अच्छा संबंध रहा है। उन्होंने मुझे स्नेह और मार्गदर्शन दिया है जिसको हम कभी भूल नहीं सकते। अंत में उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय रुंगटा को हृदय से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वृंदा प्रसाद, राम दरस चौधरी, नवीन चंद्र सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद, राम सुरेश प्रसाद, देव शरण सिंह, अशोक कुमार, नरेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, मनोज कुमार, शैलेश कुमार राणा, रंजीत सिंह, एसडी सिंह, राजेश कुमार, जय महतो, शुभम, उपेंद्र प्रसाद सिंह, उमानंद राय, अरविंद कुमार, भगवान शर्मा, अनुज कुमार, भगवान प्रसाद, त्रिपुरा, योगेश्वर प्रसाद सिंह, राकेश प्रसाद, अनामिका, सरदार मनमोहन सिंह, प्रेमचंद, नंदू सिंह आदि उपस्थित थे।

## चाईबासा : पुण्यतिथि पर याद किए गये स्व सीताराम रुंगटा

### चिरस्मरणीय रहेगा स्व0सीताराम रुंगटा का योगदान : सोनाराम सिंकु





स्व. रुंगटा को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

**चाईबासा।** कांग्रेस भवन चाईबासा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बहुमुखी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व कांग्रेस जिला कमिटि के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. सीताराम रुंगटा की पुण्यतिथि पर सोमवार को कांग्रेस भवन, चाईबासा में दो मिनट का मौन रखकर कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकु ने कहा कि चाईबासा में कांग्रेस भवन का निर्माण स्व सीताराम रुंगटा की देन रही है। इसका उद्घाटन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री कृष्णवल्लभ सहाय ने किया था। प सिंहभूम में निरंतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने में स्व रुंगटा की अग्रणी भूमिका रही है, कई शिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थान एवं कई नागरिक सुविधाएं इनकी देन है। इनके देन जिले के नागरिकों के लिए चिरस्मरणीय रहेगा। उनका योगदान भूला नहीं जा सकता है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय, राज कुमार रजक, शंकर बिरुली, जानवी कुदादा, नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार, विजय सिंह तुबिद, जुम्बल सुंडी, मोनू घटवारी, प्रकाश गोप, ब्रज मोहन देवगम आदि उपस्थित थे।

# केरा मेला घटना की जांच की मांग को लेकर हेमंत से मिले विजय सिंह गागराई

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिला के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक केरा मेला में 14 अप्रैल के दोपहर को डॉ विजय सिंह गागराई के चालक पर कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्टल सटाने के घटना को लेकर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई सोमवार को प्रोजेक्ट भवन रांची में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मेला में हुई घटना की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री से कहा कि केरा मेला में हुई घटना की जानकारी डीआईजी अजय लिंडा, एसपी आशुतोष शेखर, डीसी अनन्य मित्तल ,चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर को दिया गया है। मगर अब तक कोई उपलब्धि नहीं मिल पाई है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा



हमारी संस्था का मकसद मानव सेवा है। हमारी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। इसके बावजूद कुछ अपराधी या नक्सली द्वारा मेरे चालक को हथियार के बल पर पूछा गया कि डॉक्टर विजय सिंह गागराई कहां है। इससे भविष्य में कभी भी अनहोनी घटना घट सकती है। सारी बातें सुनने के पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉ विजय सिंह गागराई को आश्वासन दिया कि इस मामले की जांच की जाएगी और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन अपना कार्य कर रही है जल्द ही इसका रिजल्ट सामने आएगा।

# 90 फीसद अनुदान पर 17 लाभुकों के बीच हुआ बकरा का वितरण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के अर्न्तगत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पशुपालकों के बीच बकरा का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष ताराकांत सिजुई, उप प्रमुख विनय प्रधान के हाथों चक्रधरपुर प्रखंड के 17 लाभुकों के बीच 90 फीसद अनुदान पर बकरा का वितरण किया गया। प्रखंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वितीय वर्ष 2022-23 के लाभुकों के बीच चार मादा एवं एक नर बकरा का वितरण किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा. वसीम सिद्दीकी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के कृषक एवं पशुपालक अपने आय के वैकल्पिक स्त्रोत को बढ़ाने के लिए बकरा का वितरण किया जा रहा है। बकरा विकास योजना से पशुपालकों के आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। डाक्टर सिद्दीकी ने बताया कि जल्द ही 75 फीसद अनुदान पर भी अन्य लाभुकों के बीच बकरा का वितरण किया जाएगा। प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई ने कहा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना किसानों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। बकरा वितरण से पूर्व प्रखंड में बत्तख चूजा, सुकर आदि का वितरण किया जा चुका है। आपूर्तिकर्ता उमाशंकर पिग फार्म जमशेदपुर है।

जिन लाभुकों में बकरा का वितरण किया गया उनमें चंद्रकला रजक, रामराई बोदरा, सरस्वती सोय, सुरजोमनी सरदार, सोमबारी सरदार, हरिश हेम्ब्रोम, ठाकुर सिंह जोंको, सिमोल कांडेयांग, निरल कांडेयांग, लक्ष्मण सुंडी, अमित बोदरा, प्रधान बोदरा, सुखराम लोहार, सोमा बोदरा, अनिता सोय व लुडसी पुरती शामिल है। मौके पर मोहम्मद नसीम, अनिल कुमार यादव, उमाशंकर आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल के काफिले की फायर ब्रिगेड की गाड़ी और ऑटो की टक्कर में पांच घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले के मुख्यालय हाजीपुर में सोमवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के काफिले में शामिल फायर ब्रिगेड की गाड़ी हादसे की शिकार हो गई है। हालांकि राज्यपाल अर्लेकर की गाड़ी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हादसे में फायरकर्मी सहित पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में दूसरी दमकल की गाड़ी के साथ राज्यपाल के काफिले के साथ रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पटना से मुजफ्फरपुर जा रहे थे। इस दौरान जैसे ही राज्यपाल का काफिला एनएच 22 पर हाजीपुर के भगवानपुर स्थित रतनपुरा पहुंचा, उनके काफिले में शामिल फायर ब्रिगेड की गाड़ी की टक्कर पटना से हाजीपुर जा रहे एक ऑटो से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ। अचानक हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। बताया गया कि थोड़ी देर के लिए राज्यपाल की गाड़ी भी वहीं रोक दी गई। बाद में दूसरी दमकल की गाड़ी के साथ उनके काफिले को रवाना किया गया। इस हादसे में फायर ब्रिगेडकर्मी सहित पांच लोगों के घायल होने की सूचना है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को भगवानपुर पीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद हाजीपुर-मुजफ्फरपुर मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, हालांकि बाद में पुलिस ने यातायात को सामान्य करा दिया।

# सरकार सभी नेताओं के साथ बैठ कर शराबबंदी पर पुनर्विचार करे: पप्पू यादव

## जहरीली शराबकांड मृतक के परिजन से मिलकर की आर्थिक सहायता, डीएसपी और थानेदार को जेल भेजने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोतिहारी (हि.स.)।** जिले में जहरीली शराब से मौत की घटना के बाद मोतिहारी पहुंचे जाप सुप्रीमो पूर्व सांसद पप्पू यादव सोमवार प्रभावित क्षेत्रो का भ्रमण किया और मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। वहीं उसके बाद सदर अस्पताल में इलाजरत लोगो से मिलकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मौके पर यादव ने पत्रकारों से कहा कि जहरीली शराब आम लोगों की जिंदगी के लिए नासूर बन गई है। यह शर्मनाक भी है कि शराबबंदी वाले राज्य में लगातार लोग जहरीली शराब पीकर मर रहे हैं। शराबबंदी अच्छे



नियत से की गई थी, लेकिन समय समय पर उसकी समीक्षा किए बैगर इसे जारी रखने से जनता की जान और प्रदेश के राजस्व को हानि हो रहा है। फिलहाल नतीजा सबके सामने है। रोज लोग शराब ही पीकर मर रहे हैं और शराबबंदी से विकास के हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। गांव-गांव व शहर में शराब की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है और इसी के आधार पर वर्तमान में ड्रग्स का भी कारोबार पनप गया है। उन्होने कहा कि शराबबंदी में जहरीली शराब से मौत की घटना हुई है। जो अबतक का रिकार्ड ब्रेक कर रहा है। पीड़ित लोगों से मुलाकात कर 10 परिवार को पार्टी की ओर से तत्काल 10-10 हजार रुपये की आर्थिक मदद भी की। हम सरकार से मांग करते हैं कि राज्य सरकार द्वारा बिहार में जहरीली शराब पीकर मरने वालों के आश्रितों को जो 4 लाख रुपये का मुआवजा की बात हुई है, वह अविलंब मिले। साथ ही हम यह भी आग्रह करेंगे कि 2016 के बाद से जो लोग जहरीली शराब से मरे हैं, डर व अन्य कारणों से जिनका नाम रिकार्ड में नहीं आया। उनके परिजनों के लिए भी सरकार सोंचे। कहा कि सस्ती और जहरीली शराब पीकर लोगों की जान जा रही है। इसलिए मुख्यमंत्री जी, शराब पर 70 प्रतिशत टैक्स लगा दीजिए और यह सुनिश्चित कर दीजिए कि शराब गांव में उपलब्ध नही होगा, लेकिन शराब की बिक्री मापदंड के आधार पर हो। साथ ही 25 वर्ष से कम उम्र के लोगों को शराब ना मिले, इसके लिए आधार कार्ड की सहायता ली जा सकती है। हम प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों और सरकार से आग्रह करेंगे कि वे इस पर विचार करें।

# विद्यालय की जमीन पर भू-माफिया कब्जा के विरोध में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** थाना क्षेत्र के आसनसोल कुरुवा पंचायत के अंतर्गत तीनघरा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीनघरा परिसर की जमीन पर कथित भू-माफिया द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने के प्रयास के विरोध में सोमवार को विद्यालय के शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। मामले को लेकर तीन घरा गांव के ग्राम प्रधान राधेश्याम साह ने बताया कि जामा अंचल क्षेत्र के तीनघरा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीनघरा के सामने मकान बनाने एवं भूमि हड़पने को लेकर देवघर जिले के पालोजोरी थाना क्षेत्र की कडरासाल गांव के रहने वाले कथित भू-माफिया के विरुद्ध देवघर जिले के मधुपुर अनुमंडल न्यायालय में मामला दर्ज हुआ था। विद्यालय प्राध्यापिका ने प्रशासन एवं सरकार से मांग करते हुए बताया कि सरकारी पर जमीन माफिआओं ने अवैध तरीके से टेंट लगाया हुआ है। निर्माण कार्य के



विरोध करते ग्रामीण

लिए ईट एवं मिट्टी भी गिरा दिया गया है। जिसे शिक्षकों ने जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। इस दौरान जिप सदस्य कालेश्वर सोरेन ने बताया कि कागज में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि मधुपुर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्कूल का ही जमीन सत्यापित किया गया है दान पत्र में। कालेश्वर सोरेन ने बताया कि भूमाफियाओं के द्वारा उक्त जमीन घर बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अंचल के अधिकारी स्कूल तक नहीं पहुंचे है और कोई करवाई भी नहीं किया है। मामले को लेकर सीओ आशीष कुमार मंडल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

जांच के लिए राजस्व कर्मचारी भेजा गया था। बताया कि अमीन के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सत्यता की जांच की जाएगी। तब तक अगले आदेश तक के लिए किसी भी प्रकार की गतिविधि या कार्य पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है।

# अनुपस्थित शिक्षक का एक दिन के वेतन पर लगी रोक



स्कूल का निरीक्षण करते डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने काठीकुंड प्रखंड के आसनपहाड़ी एवं आमगाछी पंचायत भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति के अद्यतन स्थिति का निरीक्षण किया गया। भ्रमण के क्रम में सरूवापानी हटिया एवं आंगनबाड़ी केन्द्र, आमगाछी के पास चापाकल खराब पाया गया। मध्य विद्यालय, नारगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में एक शिक्षक अनुपस्थित पाये गए। जिनको स्पष्टीकरण करते हुए एक दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने स्मार्ट क्लास रूम की भी जांच की गई। देखा गया कि नेट कनेक्टिविटी की स्थिति अच्छी नहीं है। जिसके सुदृढ़ प्रबंध के लिए बीईईओ को निर्देश दिया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में चापानल मरम्मति कार्य का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रखंड - सह - अंचल कार्यालय काठीकुंड में विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। चापाकल मरम्मति में ढिलाई के कारण पंचायत सचिव, बिछियापहाड़ी को स्पष्टीकरण की गई। आवास एवं मनरेगा में खराब प्रदर्शन के कारण कदमा, कालाझार, पान्दनपहाड़ी एवं झिकरा के पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी काठीकुंड बीडीओ, चिकित्सा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## सांगठनिक विस्तार को लेकर राजद की बैठक

**जामा।** राजद प्रखंड कार्यालय जामा में सोमवार को सांगठनिक विस्तार को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राम सुंदर पंडित ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेश पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ बाबूराम हांसदा एवं ललित यादव उपस्थित हुए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए मानवेल हेम्ब्रम को प्रखंड एसटी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष एवं प्रिय रंजन टुडू को एसटी प्रकोष्ठ जामा का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही पंचायत अध्यक्ष के रूप में सिकंदर मंडल पंचायत अध्यक्ष सारसबाद, सुफान किस्कू पंचायत अध्यक्ष आसंजोर, कुंदन कुमार यादव को पंचायत अध्यक्ष मोहुलबोना बनाया गया।

# टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में दुमका चेलेंजर्स की टिम बनी विजेता टीम

## कप्तान सूरज पाठक ने 6 गेंदों में शानदार 6 छक्के लगा कर मैच 1.2 ओवर में ही 9 विकेट से जीत हासिल किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर के रसिकपुर रेलवे स्टेशन मैदान में एक दिवसीय रात्रि टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन हुआ। उक्त टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। हर मैच 6-6 ओवरों का खेल गया। सभी मैच नॉकआउट के प्रारूप में खेला गया। फाइनल में मुकाबला दुमका चेलजर्स एवं राखाबानी के बीच खेला गया। टॉस जीत कर दुमका चेलजर्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। दुमका चेलजर्स की ओर से जद्दु के 3 विकेट, सूरज पाठक के 2 विकेट के साथ शानदार गेंदबाजी के कारण 6 ओवरों में मात्र 37 रनों पर सिमट गई। जवाबी पारी में उतरी दुमका चेलजर्से के तरफ से कप्तान सूरज पाठक ने 6 गेंदों में शानदार 6 छक्के लगा कर मैच 1.2 ओवर में ही 9 विकेट से जीत हासिल किया। मैन ऑफ द मैच दुमका चेलेंजर्स के कप्तान सूरज पाठक रहे। विजेता टीम को नगद पुरस्कार एवं ट्राफी से सम्मानित किया गया। दुमका चेलेंजर्स के टीम ऑनर कुणाल झा ने कहा ये बहुत गर्व कि बात है कि अब तक दुमका चेलेंजर्स की टीम दुमका एवं दुमका से बाहर 3 प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। जिसमें से 2 मैच में रनर एवं एक मैच में विनर रहा। दुमका चेलेंजर्स बनाने का उद्देश केवल इतना है कि दुमका के कोई भी खिलाड़ी कही भी किसी भी फॉर्मेट में क्रिकेट खेलना चाहे तो इस टीम का हिस्सा बन कर खेल सकते हैं।

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई में शराब बेचने व सेवन करने वाले 17 गिरफ्तार

**सहरसा।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के 7 वर्ष बाद भी शराब बेचने एवं सेवन करने वाले लोग अभी बाज नहीं आ रहे हैं। जबकि शराब बंदी कानून को सख्ती से लागू किए जाने को लेकर उत्पाद विभाग द्वारा निरंतर छापेमारी कर कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद निरीक्षक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में नियमित रूप से छापेमारी अभियान चलाकर शराब बेचने एवं सेवन करने वाले की गिरफ्तारी की जा रही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 27 मार्च को गौतम नगर गंगजला में मुकेश कुमार उर्फ बुटका एवं कौशलेंद्र दास के घर से भारी मात्रा में शराब बरामद किया जा चुका है।

# पाकुड़ में पारा 45 पार जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड।** कई वर्षों के बाद माह अप्रैल में ही पारा 45 पार देखा जा रहा है। धूप इतनी तेज की लोगों का जीना दूभर हो जाए। इतनी तेज धूप और गर्म हवा तो लोग जैसे भूल ही गए थे। किंतु मौसम ने फिर करवट बदली और तेज धूप और गर्म चलती हवा का लोगों का एहसास कराया। इस धूप में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होते देखा गया। इस बाजार से उस बाजार तक कहीं भी सरकार की ओर से जल व्यवस्था सड़क किनारे नहीं देखा गया। मजबूरी में लोग पानी की बोतल एवं अन्य ठंडाई खरीद कर पीते देखें गए।

## ठंड बेचने वालों की बल्ले बल्ले



जिस प्रकार से ठंड के मौसम में अलाव की व्यवस्था होती है उसी प्रकार से नगर परिषद की ओर से स्थान विशेष पर जल की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि दूरदराज के लोग कम से कम पीने का पानी पी सके। इस कड़ी धूप में तो कुछ देर के लिए रस्ता मानो ठहर सा गया हो । किंतु फिर वही काम काम फिर काम कुछ देर विरान होने के बाद रास्ता में पुनः चहल-पहल बढ़ जाती है।

**ठंडा बेचने वाले की है बल्ले बल्ले :** जी हां बाजार में ठंड बोतल बंद पानी जैसा ग्राहक देखा वैसा बेचा 8 से 10 का पानी 15 से 20 में बेचे जा रहे हैं। अन्य ठंड पेय पदार्थ भी मैक्सिमम रिटेल प्राइस से 2 से 5 अधिक मूल्य में बेचे जा रहे हैं। कुछ पेय पदार्थ की दुकानें मारुति में देखे जा रहे हैं जो 10 से 20 में पेय बेच रहे हैं। इनकी केमिकल की भी जांच होनी चाहिए। लस्सी 30 से ?40 प्रतिग्लास मिल रहे हैं । वह तो भला हो ईख रस बालों का जो मात्र 10 प्रति ग्लास में ओरिजिनल ईख के रस सामने निकाल कर दे रहे। इससे कुछ राहत पा रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो बाजार में बिकने वाले केमिकल युक्त पेय पदार्थ से लोगों को बचना चाहिए। उसके स्थान पर ओआरएस , लस्सी , ईख या अन्य फलों के ताजा रस पेय पदार्थ के रूप में ले और तेज चलती गर्म हवा से बचें। प्याज और कच्चे आम का प्रयोग करें। जहां तक हो सके दोपहर में घर से बाहर ना निकले।

## एक नजर में

### रमजान के इफ्तार पार्टी में शरीक हुए विधायक दिनेश मरांडी

**हिरणपुर (पाकुड़)।** पवित्र रमजान को लेकर सोमवार को झामुमो जिला उपाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के द्वारा कमलघाटी स्थित घर में इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस आयोजन के मौके पर विधायक दिनेश मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इफ्तार के अवसर पर लोगो ने एक दूसरे को शुभकामना व्यक्त किया। इस मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव, उपाध्यक्ष समद अली , सचिव सुलेमान बास्की ,प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी , जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, जावेद आलम , मुसलोद्दीन अंसारी , सगीर अंसारी, सर्वजीत सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### ईस्टर्न मेंस यूनियन का बैठक संपन्न, लिए गए अहम निर्णय

**पाकुड।** सोमवार को ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा सहायक अभियंता रामपुरहाट के साथ रेल कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया कि बैठक का आयोजन मार्च 2023 में होना था। परंतु महाप्रबंधक पूर्व रेलवे के प्रस्तावित दौरे के कारण निर्धारित समय पर नहीं हो पाया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष की हुई सजा

**पाकुड।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार के न्यायालय ने दिनांक सोमवार को पाकुड़ मुफसिल थाना कांड संख्या झ 47/2021 व स्पेशल पॉक्सो -21/ 2021 के अभियुक्त अंजना गांव निवासी अमीर चांद शेख को नाबालिक से दुष्कर्म के दोषी अभियुक्त को 20 वर्ष का कारावास एवं 50 हजार का जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि पीड़िता को दिया जाएगा। अभियुक्त के द्वारा जुमार्ना की राशि नही देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। बतादें कि न्यायालय ने सभी गवाहों के परीक्षण के उपरांत अभियुक्त को न्यायालय द्वारा दिनांक 13 अप्रैल को नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो एक्ट की धारा 06 के तहत दोषी पाया गया था। इसके बाद न्यायलय ने अभियुक्त को सजा सुनाई गई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता निरंजन मिश्रा एवं सरकार की ओर से लोक अभियोजक (पी. पी.) महेंद्र दास ने मुकदमा की पैरवी की। पिछले वर्ष 2021 में मुफस्सिल थाना में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना घटी थी। इस मामले को लेकर पीड़ित ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को दोषी पाए जाने पर सजा सुनाई गई।

### वाशिंग मशीन मरम्मत की नाम से 1.24 लाख की ठगी

**पाकुड़।** वाशिंग मशीन मरम्मति को लेकर साइबर अपराधियों ने एक व्यसायी व के तीन अलग-अलग बैंक खाता से 1.24 लाख ठग लिए।ठगी नगर थाना क्षेत्र के हरिणडांगा बाजार के रहने वाले प्रवीण कुमार जैन के साथ शनिवार को हुई है। इसे लेकर पीड़ित ने नगर थाना में आवेदन देकर साइबर ठगी का केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। दिए आवेदन में प्रवीण कुमार जैन ने कहा कि वह वाशिंग मशीन की मरम्मति को लेकर लोयेड कंपनी को ठीक कराने को ले गुगल के माध्यम से कस्टमर केयर में 804577566 में शिकायत करने के लिए संपर्क किया। परंतु इस कॉल को काट दिया गया।

### संताली स्पोकन सर्टिफिकेट कोर्स में 17 अप्रैल के नामांकन शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में संताली स्पोकन कोर्स में नामांकन की तिथि सोमवार को जारी हुई। नामांकन 17 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ शंभू कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय अंतर्गत संताल अकादमी में 6 माह (90 घंटे) संताली स्पोकन सर्फिकेट कोर्स में नामांकन 17 से 27 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित की तिथि निर्धारित है। वर्ग अध्यापन 2 मई से प्रारंभ होगा। इस कोर्स में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के छात्रों को 150 रुपए एवं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को 650 और अन्य सरकारी कर्मचारियों एवं इच्छुक लोगों को 1150 रुपए कोर्स फी लगेंगे। यह कोर्स विश्वविद्यालय परिसर में ही संचालन होगा। इस कोर्स में ऑनलाइन या ऑफलाइन नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर फार्म उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए संताल अकादमी के सहायक इग्निशियस मरांडी के संपर्क नंबर 9631696538 एवं सचिव डॉ सुशील टुडू के संपर्क नंबर 7070485488 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी ले सकते है।

### कृषि को लेकर 18 अप्रैल से होने वाली कार्यशाला की हुई समीक्षा

**दुमका।** आत्मा सभागार में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) लागू किया जा रहा है। यह छोटे एवं सीमांत किसानों के साथ उद्यमियों को बैंको से जोड़ने और कृषि बुनियादि ढ़ाचे के विकास के लिए ऋण प्राप्त करने के लिए एक योजना है। जो फसल कटाई के बाद के प्रबंधन, प्रसंस्करण और कुछ अन्य संबद्ध गतिविधियों में सहायता करती है। जिसमें किसानों, बैंकरो एवं एफपीओ, एनजीओ एवं अन्य के बीच जागरूकता विकसित करने के लिए 18 अप्रैल को कृषि निदेशक, रांची के अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला की तैयारी की पूर्ण समीक्षा की गई। जिसमें कृषि निदेशालय से प्रभात चन्द्र दूबे राज्य समन्वयक कृषि अवसंरचना कोष, जिला कृषि पदाधिकारी कमल कुमार कुजूर, जिला अग्रणी प्रबंधक प्रवीण कुमार, वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, डॉ किरण कुमारी, परियोजना निदेशक डॉ देवेश कुमार सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी, गौतम कुमार आदि मौजूद थे। राज्य समन्यक चंद्र दूबे द्वारा कृषि अवसंरचना के मूल उद्देश्यों एवं उसके मुख्य विचार से अवगत कराया। उनके द्वारा बताया गया कि किसानों को सीधे उपभोक्ताओं के मांग के आधार पर कृषि उत्पाद एवं अन्य बेचने की अनुमति देने के लिए बेहतर विपणन बुनियादी ढांचे और किसानों के लिए मूल प्राप्ति में वृद्धि से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### चुटोपहाड़ के पास से अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद, शिनाख्त

**जामा।** चुटोपहाड़ के समीप सोमवार को जामा थाना पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही एसआई रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। मृतक की पहचान मुफसिल थाना क्षेत्र के गांदो गांव के रहने वाले रामू राय के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बीते दिन 14 अप्रैल को ये चड़क पूजा देखने अपने बेटी माला देवी के घर दिग्घी आया हुआ था। शुक्रवार 14 अप्रैल की रात्रि में चड़क पूजा देखने चुटोनाथ गया था। चड़क पूजा देखने के बाद बेटी घर दिग्घी वापस लौट रहा था। लेकिन बेटी घर वापस नहीं आने पर बेटी दामाद ने काफी तलाश की ओर छानबीन की गई लेकिन नही मिला। बाद में चुटोपहाड़ से दिघी जाने वाले पहाड़ी रास्ते के बगल में मृत पड़ा हुआ मिला। बताया कि मृतक को बराबर मिरगी का दौरा पड़ता था। मिरगी की दौरे पड़ने से मौत हो गई है। बेटी माला देवी एवं दामाद चिगड़ राय ने बताया कि शारिरिक रूप से कमजोर था। मिरगी का दौरा पड़ता था। इसी कारण मिरगी का दौरा पड़ने से गिर जाने से इसकी मौत हो गई है। किसी तरह की हत्या की आशंका नहीं दिखाई पड़ती है।

# आरसीबी ने दिल तो चेन्नई ने जीता मैच, बेकार गयी मैक्सवेल-फाफ डुप्लेसिस की आतिशी पारियां

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.354 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.761 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.265 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.192 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 | -0.109 |
| कोलकाता | 5 | 2 | 3 | 4 | +0.320 |
| बेंगलुरु | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.318 |
| मुंबई | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.389 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.822 |
| दिल्ली | 5 | 0 | 5 | 0 | -1.488 |

**पर्पल कैप**



चहल
राजस्थान
विकेट: 11

**औरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 259



## हार के बाद कप्तान फाफ डु प्लेसिस बोले

**बेंगलुरु।** आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा कि टीम अंत में मैच को अच्छे से फिनिश नहीं कर पाई और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ कड़ी मेहनत करने की जरूरत है।डु प्लेसिस ने कहा, मुझे लगता है कि हमनें मैच पूरी तरह से खेला, आखिरी पांच ओवर फिनिश के लिए निर्धारित किए गए थे। दिनेश कार्तिक मैच को अच्छी तरह से अंत कर रहे थे, चेन्नई ने अच्छी गेंदबाजी की । इससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी कितनी शानादार थी। हम अंत की ओर कुछ रन के लिए गए। हम उन्हें प्रतिबंधित करके नुकसान को कम कर सकते थे।

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने आईपीएल के 16वें सीजन के 24वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को आठ रन से हरा दिया। मैच का फैसला आखिरी ओवर में हुआ, जहां मेजबानों को जीत के लिए 19 रन की दरकार थी, लेकिन श्रीलंका के महिश पथिराना ने चेन्नई के लिए ये रन बचा लिए। धोनी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में आरसीबी ने भी कड़ी टक्कर दी। मगर जीत आठ रन दूर रह गई। दोनों पारियों में कुल 444 रन बने, जो चिन्नास्वामी स्टेडियम के इतिहास में सर्वाधिक है।

**चेन्नई ने बनाए थे 226 रन**

डेवोन कोनवे के 45 गेंद में 83 रन और शिवम दुबे के 27 गेंद में 52 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने छह विकेट पर 226 रन बनाए। पहले गेंदबाजी का आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसी का फैसला चेन्नई के बल्लेबाजों ने गलत साबित कर दिया। अजिंक्य रहाणे ने 20 गेंद में 37 रन बनाए। रहाणे और कोनवे ने लगभग हर ओवर में चौका या छक्का जड़ा। चेन्नई का स्कोर 10 ओवर में ही दो विकेट पर 97 रन हो चुका था। शिवम दुबे ने आते ही छक्के उड़ाने शुरू किए। चेन्नई का स्कोर 15 ओवर के बाद दो विकेट पर 165 रन था। कोनवे ने रहाणे के साथ 74 और दुबे के साथ 80 रन की साझेदारी की।



### स्कोड़ कार्ड

**चेन्नई : 226/6 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड के. पार्नेल बो. सिराज | 03 | 06 | 0/0 |
| डेवोन कॉनवे बोल्ड पटेल | 83 | 45 | 6/6 |
| अजिंक्य रहाणे बो. हसरंगा | 37 | 20 | 3/2 |
| दुबे के. सिराज बो. पार्नेल | 52 | 27 | 2/5 |
| रायडू के. कार्तिक बो. कुमार | 14 | 06 | 1/1 |
| जडेजा के. मैक्सवेल बो. सुयश | 10 | 08 | 0/1 |
| एमएस धोनी नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 07

**विकेट पतन**: 1-16, 2-90, 3-170, 4-178, 5-198, 6-224.

**गेंदबाज** : मोहम्मद सिराज : 4-0-30-1, वेन पार्नेल : 4-0-48-1, विशक विजय कुमार : 4-0-62-1, ग्लेन मैक्सवेल : 2.4-0-28-1, वानिंदु हसरंगा : 2-0-21-1, हर्षल पटेल : 3.2-0-36-1.

**बेंगलुरु :218/8(20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कोहली बोल्ड आकाश सिंह | 06 | 04 | 1/0 |
| डु प्लेसिस के. धोनी बो. अली | 62 | 33 | 5/4 |
| लोमरोर के. गायकवाड बो. तुषार | 00 | 05 | 0/0 |
| मैक्सवेल के. धोनी बो. थीक्षाना | 76 | 36 | 3/8 |
| अहमद के. गायकवाड बो. पथिराना | 12 | 10 | 0/1 |
| कार्तिक के. थीक्षाना बो. तुषार | 28 | 24 | 3/1 |
| प्रभुदेसाई के. जडेजा बो. पथिराना | 19 | 11 | 0/2 |
| पार्नेल के. दुबे बो. तुषार | 02 | 05 | 0/0 |
| वानिंदु हसरंगा नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :11

**विकेट पतन**: 1-6, 2-15, 3-141, 4-159, 5-191, 6-192, 7-197, 8-218.

**गेंदबाज**: आकाश सिंह : 3-0-35-1, तुषार देशपांडे : 4-0-45-3, महीश थीक्षाना : 4-0-41-1, रवींद्र जडेजा : 4-0-37-0, मथीषा पथिराना : 4-0-42-2, मोईन अली : 1-0-13-1.

## भारत के डी गुकेश नें जीता मेनोर्का इंटरनेशनल शतरंज का खिताब

**मेनोर्का, स्पेन।** मेनोर्का इंटरनेशनल शतरंज में अपने खिताब को बचाने उतरे भारत के नंबर 2 शतरंज खिलाड़ी 16 वर्षीय ग्रांड मास्टर डी गुकेश नें आखिरकार सफलता पा ली है और लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। हालांकि अंतिम राउंड के बाद 7 अंको पर उन्हे बराबर टाईब्रेक अंको के चलते हमवतन ग्रांड मास्टर प्रणव वी से ब्लिट्ज टाईब्रेकर खेलना पड़ा जिसमें गुकेश 1.5-0.5 से जीतने में सफल रहे,प्रणव को उपविजेता का स्थान मिला। बड़ी बात यह रही की 2730 रेटिंग वाले गुकेश प्रतियोगिता के बाद 2 अंको का सुधार करते हुए लाइव रेटिंग में 2732 अंको के साथ 3 स्थान का सुधार करते हुए विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर पहुंच गए है। नीदरलैंड के वान फॉरेस्ट जॉर्डन तीसरे स्थान पर रहे जबकि अन्य खिलाड़ियों में भारत के आर्यन चोपड़ा, रूस के व्लादिमीर फेडोसीव, यूएसए के नीमन हंस मोके, इसराइल के कोबो ओरी, रूस के मकसीम चिगेव, चीन के क्सू जियांगयू और भारत के कौस्तव चटर्जी क्रमशः चौथे से दसवें स्थान पर रहे।

## दुबे ने जड़ा दूसरा सबसे लंबा छक्का

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के धाकड़ बल्लेबाज शिवम दुबे ने मैदान में उतरते ही बल्ले से आग उगलनी शुरू कर दी। उन्होंने मैदान के चारों तरफ शॉट खेल रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी। अपनी इस पारी के दौरान शिवम दुबे ने छक्के पर छक्का मार गेंदबाजों के होश उड़ा दिए। वहीं इस मैच में उन्होंने आईपीएल 2023 का दूसरा सबसे लंबा छक्का भी जड़ा। दुबे ने 12वें ओवर में आरसीबी के गेंदबाज हर्षल पटेल को आड़े हाथों लिया और उनकी दूसरी ही गेंद पर 111 मीटर लंबा छक्का जड़ा जोकि इस सीजन का दूसरा सबसे लंबा छक्का है।

## प्रमोद-सुकांत ने ब्राजील इंटरनेशनल में जीता स्वर्ण

**साओ पाउलो।** शीर्ष भारतीय पैरा-शटलर प्रमोद भगत और विश्व नंबर 4 सुकांत कदम ने सोमवार को ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2023 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रमोद ने एकल प्रतियोगिता में भी रजत जीता जबकि सुकांत ने कांस्य पदक हासिल किया।

## पीएसपीबी टेबल टेनिस टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष सितारे

**नयी दिल्ली।** दिग्गज खिलाड़ी अचंत शरत कमल, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर, सनिल शेट्टी, सौम्यजीत घोष और मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन सत्यन ज्ञानशेखरन सहित देश के शीर्ष सितारे यहां इंदिरा गांधी खेल परिसर के केडी जाधव इंडोर हॉल में मंगलवार से होने वाले 41वें पीएसपीबी अंतर इकाई टेबल टेनिस टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे। इस चार दिवसीय टूनार्मेंट का आयोजन 18 से 21 अप्रैल के बीच किया जाएगा। ऑयल और गैस की बड़ी कंपनियों जैसे ओएनजीसी, आईओसीएल, गेल, बीपीसीएल, ऑयल, एचपीसीएल, एमआरपीएल, पेट्रोनेट एलएनजी और ईआईएल से जुड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सितारे इस टूनार्मेंट में अपनी चुनौती रखेंगे।

## विश्व चैंपियनशिप के लिए रवाना हुए भारतीय मुक्केबाज

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष मुक्केबाजी दल विश्व चैंपियनशिप से पहले आयोजित होने वाले 12 दिवसीय बहु-देशीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिये सोमवार को उज्बेकिस्तान के ताशकंद रवाना हुआ। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल को शुरू होने वाली चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे।

# सनराइजर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा मुंबई

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** अपने स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के फॉर्म में लौटने से उत्साहित मुंबई इंडियंस मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने के लिए उतरेगा। मुंबई और सनराइजर्स दोनों ने अपने पिछले दोनों मैच जीते हैं और उनकी निगाह अब जीत की हैट्रिक पूरी करने पर होगी। इन दोनों टीम ने टूनार्मेंट की शुरूआत लगातार दो हार से की थी। मुंबई के लिए अच्छी खबर यह है कि सूर्यकुमार फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई में 25 गेंदों पर 43 रन बनाए जिससे उनकी टीम ने यह मैच पांच विकेट से जीता। यदि सूर्यकुमार की पारी आकर्षक थी तो ईशान किशन की आक्रामक पारी भी लाजवाब थी। उन्होंने 25 गेंदों पर 58 रन बनाए और मुंबई सनराइजर्स के खिलाफ भी इन दोनों से इसी तरह की बल्लेबाजी की उम्मीद करेगा। पहले दो मैचों में संघर्ष करने वाली मुंबई की टीम अब संतुलित नजर आ रही है। तिलक वर्मा अच्छी लय में है जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड ने भी जरूरत पड़ने पर उपयोगी योगदान दिया है। गेंदबाजी विभाग में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला ने अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि युवा ऋतिक शौकीन ने उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि जोफ्रा आर्चर के नहीं खेल पाने के कारण मुंबई के तेज गेंदबाजी आक्रमण में पैनापन नहीं है।



# रुबलेव ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स

**एजेंसी**

**मोंटे कार्लो।** रूस के आंद्रे रुबलेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में डेनमार्क के होल्गर रूने को हराकर अपने करियर का पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। पांचवीं सीड रुबलेव ने रविवार को एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रूने को 5-7, 6-2, 7-5 से मात दी। रुबलेव निर्णायक सेट में भी 1-4 से पिछड़े हुए थे लेकिन उन्होंने एक बार फिर वापसी करके अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रुबलेव ने इस जीत के बाद कहा, नहीं जानता कि मैं क्या कहूं। (निर्णायक सेट में) 1-4, 0/30 से पीछे चल रहा था, ब्रेक पॉइंट बचा रहा था, यह सोचकर कि जीतने का कोई मौका नहीं है। लेकिन किसी तरह मैंने इसे कर दिखाया।' रुबलेव ने 2021 में भी मोंटे कार्लो मास्टर्स में जगह बनायी थी लेकिन तब उन्हें स्टेफानोस सितसिपास के हाथों हार मिली थी। उन्होंने कहा, 'मैं अंदर से उम्मीद कर रहा था कि मेरे पास एक मौका होगा, इसलिये अंत तक खेलना होगा। मुझे पिछला फाइनल याद है, और जब मैं हार रहा था, तो मुझे लगा कि मेरे पास कोई मौका नहीं है। लेकिन आज मैंने सोचा,ह्यबस अंत तक विश्वास रखेंह्य, और यही मैं तीसरे सेट में करने की कोशिश कर रहा था।' यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद अपने राष्ट्रीय ध्वज से वंचित 25 वर्षीय रुबलेव ने दर्शकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'जिस देश से मैं आता हूं, वहां से आकर इस तरह का अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करना बहुत बड़ी बात है।'



# चेन्नई को मिली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पुरुष हॉकी एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच चेन्नई में किया जायेगा। हॉकी इंडिया ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सातवां आयोजन है जो सितंबर में चीन के हांग्झोऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण होगा। तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने टूनार्मेंट में भाग लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए कहा, तमिलनाडु के चेन्नई में हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 की मेजबानी करना वास्तव में बहुत खुशी और सम्मान की बात है। यह जगह कभी दक्षिण भारत में हॉकी की राजधानी हुआ करती थी जहां कई प्रतिष्ठित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राज्य में इस खेल को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है और भारतीय टीम की युवा सनसनी एस कार्ती सहित कई युवा खिलाड़ी राज्य से निकल रहे हैं। मेरा मानना है कि यहां एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 की मेजबानी से इस क्षेत्र में खेल में और जान आएगी और एशिया की शीर्ष टीमों को देखने से युवा पीढ़ी भी हॉकी को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित होगी। चेन्नई ने आखिरी बार 2007 में एशिया कप के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। भारत ने इस आयोजन के फाइनल में कोरिया को 7-2 से हराकर खिताब जीता था। भारतीय पुरुष टीम ने 2011 में आयोजित एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के उद्घाटन संस्करण में और 2016 में खिताब जीता था। ओमान के मस्कट में आयोजित 2018 के फाइनल की कार्यवाही प्रभावित होने के बाद भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे थे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टूनार्मेंट की मेजबानी का मौका देने के लिये उधयनिधि स्टालिन और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ टिर्की ने कहा, मुझे एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला के दौरान उनके साथ बातचीत करने का सम्मान मिला और हॉकी के लिए उनके उत्साह और जुनून को देखना बहुत उत्साहजनक था। मैं इस अवसर के लिये एएचएफ को भी धन्यवाद देता हूं। एशिया की सभी शीर्ष टीमों को भारत आये और यहां भाग लेते हुए काफी समय हो गया है। मेरे पास चेन्नई में खेलने की बहुत अच्छी यादें हैं और हमें उम्मीद है कि वहां के लोग भाग लेने वाली टीमों का समर्थन करने के लिये बड़ी संख्या में स्टेडियम आएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, 'हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने पहले ही चेन्नई में आयोजन स्थल का दौरा कर लिया है और एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 की चल रही तैयारियों पर ध्यान दिया है। पिछले एक दशक में तमिलनाडु ने विभिन्न आयु-वर्गों में कई महत्वपूर्ण हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी की है और हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैचों को देश के अन्य राज्यों में ले जाने के इच्छुक थे। मुझे यकीन है कि सभी हितधारकों के समर्थन से हम एक सफल और यादगार कार्यक्रम को अंजाम दे सकेंगे।




## गांगुली ने लगातार पांच हार के बाद बढ़ाया दिल्ली का हौसला, कहा- हम 9 में से 9 मैच जीत सकते हैं



**बेंगलुरू।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि डेविड वार्नर की अगुवाई वाली टीम अभी भी आइपीएल 2023 में अपने बाकी 9 मैच जीत सकती है और लगातार पांच मैचों में हार के बाद वापसी कर सकती है। गांगुली ने फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों से कहा, 'हमें इसे पीछे छोड़ने की जरूरत है। कप्तान को पीछे करो, एक दूसरे को एक साथ वापस करो और हम अगले गेम में नए सिरे से वापसी करेंगे। हम इससे बदतर नहीं हो सकते, हम केवल बेहतर हो सकते हैं। अभी भी 9 गेम बाकी हैं और हम 9 में से 9 मैच जीत सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम क्वालीफाई करते हैं या क्वालीफाई नहीं करते हैं, इस स्तर पर यह हमारे लिए इतना मायने नहीं रखता है। लेकिन आइए अंदर देखें, अपने लिए खेलें, अपने गौरव के लिए खेलें और देखें कि क्या हम वहां पहुंच सकते हैं।' गांगुली ने टीम से यह भी आग्रह किया कि उनके परिणाम जो दिखाते हैं, वे उससे बेहतर संगठन हैं। उन्होंने कहा, 'फिलहाल मैदान पर जो कुछ हो रहा है, हम उससे कहीं बेहतर टीम हैं। बस एक मैच का कायापलट होता है और हम ऐसा कर लेंगे। डेविड (वार्नर) पर टिके रहें, वह कप्तान है और वह टीम में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। उसके पास सबसे कठिन काम है; हम एक साथ रहेंगे और बेहतर वापसी करेंगे।'

## पेज 1 का शेष

### लाठीचार्ज में कई ...

**सड़कों पर दिखा आक्रोश और गुस्सा :** नियोजन नीति को लेकर छात्रों का गुस्सा सोमवार को सड़कों पर दिखा। राज्य सरकार के 60/40 नियोजन नीति फार्मूला के विरोध में राजधानी में छात्र मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने आये थे। करीब 12.40 बजे छात्रों की टोली सीएम आवास की ओर कूच की, लेकिन मोरहाबादी स्थित गुरुजी शिबू सोरेन आवास के समीप लगे पुलिस बैरिकेडिंग की वजह से छात्रों और पुलिस के बीच नोंकझोंक होती रही। अंत में छात्र नेता मनोज यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने दूसरे रास्ते से सीएम आवास पहुंचने की योजना बनायी। छात्र रांची विश्वविद्यालय के पीछे हातमा बस्ती होते हुए जैसे ही कांके रोड स्थित प्रेमसंस के समीप पहुंचे तो एक बार फिर पुलिस से नोंकझोंक और धक्का मुक्की हुई। उस समय 60/40 नाय चलतो... आंदोलन की अगुवाई करने वाले जयराम महतो भी मौजूद थे। पुलिस की सख्ती के आगे छात्र सीएम आवास घेराव करने में असफल हुए, लेकिन उनकी मौजूदगी ने आंदोलन को उग्र रूप दे दिया।

### सचिव के जवाब से...

**क्या है मामला :** अवमानना के मामले में कोर्ट के कई बार निर्देश देने के बाद भी जवाब दाखिल नहीं करने पर अदालत ने 13 अप्रैल को परिवहन सचिव के विरुद्ध जमानती वारंट जारी किया था। रांची एसएसपी को उन्हें कोर्ट में पेश करने को कहा था। सुनील कुमार पासवान ने मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) की नियमित बहाली को लेकर अवमानना याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई हुई। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि नियमावली में बदलाव कर संशोधित विज्ञापन निकालकर मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इससे पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने परिवहन सचिव को एमवीआई के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने परिवहन सचिव को 29 मार्च को खुद शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। परिवहन सचिव की ओर से इसके बाद 2 सप्ताह का समय मांगा गया था लेकिन इस दौरान भी परिवहन सचिव की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका था।

### कपिलो को नानाजी...

मालूम हो कि पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विकास योजनाओं के समग्र कार्यान्वयन एवं स्थानीय स्वशासन में पंचायती राज संस्थानों के कार्य निष्पादन को बेहतर कार्य करने वाले पंचायती राज संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाता है। विभिन्न पुरस्कार के श्रेणियों में से कपिलो ग्राम पंचायत द्वारा नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य किया है। **हर घर बिजली और पेयजल :** कपिलो के हर घर बिजली की व्यवस्था है, जो घरेलू उपयोग के लिए 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहती है। हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध है तथा जल भंडारण सुविधा के लिए स्टोरेज टैंक भी है। पंचायत का अपना एंबुलेंस भी उपलब्ध है, जिसमें ऑक्सीजन सहित सभी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम पंचायत को बुनियादी ढांचा में और भी बेहतर बनाने को सभी शिक्षण संस्थानों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की योजना है। सभी सभी कच्चे आवास को पक्के में परिवर्तित किया जायेगा।

### हत्या से पहले...

इसमें उसने 'सेवा में, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया' को संबोधित करते हुए लिखा था। लेटर के आखिर में अतीक अहमद, पूर्व सांसद लिखा गया था। हालांकि, लेटर के बारे में अभी और अधिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है, लेकिन आशंका जतायी जा रही है कि इसमें कई छिपे हुए राज हो सकते हैं। मीडिया से बात करते हुए अशरफ ने भी कहा था कि उसे फिर से दो हफ्ते बाद जेल से निकाला जायोगा और निपटा दिया जायेगा। उसने दावा किया था कि एक पुलिस अधिकारी ने उसे यह बात बतायी है। हालांकि, अशरफ ने उसका नाम नहीं बताया था। **तीनों शूटर नैनी जेल से हटाये गये :** अतीक अहमद और अशरफ को मौत के घाट उतारने वाले तीन शूटरों को पुलिस ने नैनी जेल से प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया है। नैनी सेंट्रल जेल में अतीक अहमद का बेटा अली और गैंग के कई सदस्य भी कैद हैं। ऐसे में पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए तीनों शूटरों को प्रतापगढ़ की जेल में शिफ्ट कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमीरपुर के सनी (23), बांदा के लवलेश तिवारी (22) और कासगंज के अरुण कुमार मौर्य (18) को प्रशासनिक आधार पर प्रयागराज की केंद्रीय कारागार से जिला जेल प्रतापगढ़ स्थानांतरित किया गया है। तीनों को दोपहर 12 बजे प्रयागराज से ले जाया गया और दोपहर 2.10 बजे प्रतापगढ़ में प्रवेश किया। सनी, लवलेश और अरुण ने 15 अप्रैल की रात अतीक और अशरफ की उस वक्त हत्या कर दी थी जब उन्हें मेडिकल जांच के बाद अस्पताल से वापस लाया जा रहा था। जेल प्रशासन को आशंका थी कि तीनों शूटरों को यहां इन लोगों से जान का खतरा हो सकता है। अतीक और अशरफ की मौत का बदला लेने के लिए ये लोगों तीनों हत्यारोपियों पर हमला कर सकते हैं। **अतीक की मौत पर खूब रोया था अली :** अतीक अहमद और अशरफ की हत्या की खबर सुनते ही बेटा अली जेल में जोर-जोर से रोने लगा। रंगदारी मांगे जाने के मामले में अली जेल में बंद है। उसने खाना भी नहीं खाया था। जेल प्रशासन ने अली को कई बार खाना देने का प्रयास किया था लेकिन उसने खाना नहीं खाय। बाद में उसे किसी तरह खाना खिलाया गया था। अली पिता और चाचा की मौत से बेहद दुखी था। **अतीक हत्याकांड में एसआइटी गठित :** लखनऊ डीजीपी मुख्यालय ने माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्याकांड की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। इस टीम में एडीजी जोन प्रयागराज अध्यक्ष और पुलिस कमिश्नर प्रयागराज सदस्य बनाये गये हैं। वहीं विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक को भी सदस्य बनाया गया है। **सीबीआइ जांच को ले एक और याचिका :** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्याकांड के संबंध में एक और याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गयी। याचिका पत्र में इस हत्याकांड के मामले को सुप्रीम कोर्ट से सीबीआइ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। यह याचिका रिटायर्ड आइपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर ने दायर की है।

स्पीड न्यूज

## सीरिया में इस्लामिक स्टेट ने 35 लोगों को मौत के घाट उतारा

**डमस्कस।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) का कहर थम नहीं रहा। अब इस कुख्यात संगठन के आतंकियों ने हमा क्षेत्र में मौसमी सब्जी ट्रफल की तलाश कर रहे 31 लोगों की हत्या कर दी। एक अन्य घटना में चार चरवाहों को मौत के घाट उतारकर दो लोगों का अपहरण कर लिया। सीरिया पिछले कई सालों से गृहयुद्ध की समस्या से जूझ रहा है। इस कारण लोग भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। आर्थिक संकट से निपटने के लिए लोग पैसे कमाने के नए-नए तरीके ढूंढ़ते रहते हैं। मौसमी सब्जी ट्रफल की तलाश भी धनार्जन का एक तरीका बन गया है। इसके लिए लोग रेगिस्तान में जाते हैं और वहां ट्रफल तलाश कर उसे वहां से लाकर बेचते हैं। इस मौसमी सब्जी की कीमत काफी ज्यादा होती है। आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकियों के निशाने पर इस समय ट्रफल ढूंढ़ने वाले लोग ही हैं। पिछले दिनों आतंकियों ने ऐसे 15 लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी थी। अब एक बार फिर ट्रफल ढूंढ़ रहे लोगों पर आतंकियों ने कहर ढाया है।

## जी-20 के मेहमानों ने गंगा में किया नौकायन देखी गंगा आरती

**वाराणसी (हि.स.)।** धर्म नगरी काशी में जी-20 की तीन दिवसीय एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की 100वीं बैठक में भाग लेने आए विदेशी मेहमानों ने सोमवार शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी पूरे उत्साह से भागीदारी की। पहले दिन की बैठक के बाद मेहमान कड़ी सुरक्षा के बीच नमोघाट पर पहुंचे। यहां उनका स्वागत कलाकारों ने कहरवा व बमरसिया लोकनृत्य से किया। कलाकारों की दमदार और आकर्षक प्रस्तुति देख विदेशी मेहमान अपने को रोक नहीं पाए। भाषा की दीवारों को दरकिनार कर पूरे मस्ती और उत्साह के बीच कलाकारों के साथ नृत्य में भागीदारी कर जमकर थिरके। लोकनृत्य में भागीदारी के बाद दल ने क्रूज पर सवार होकर गंगा नदी के आध्यात्मिक और नैसर्गिक सौंदर्य के साथ अर्धचंद्राकार घाटों के वैभव को निहारा।

## रेलवे ने एक साल में यात्री और माल ढुलाई से कमाए 2.40 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** रेलवे ने वित्त वर्ष 2022-23 में यात्री और माल ढुलाई से रिकॉर्ड 2.40 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही तीन साल बाद भारतीय रेलवे पेंशन के खर्च को पूरी तरह से वहन करने में सक्षम बन गया है। रेल मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 2.40 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड राजस्व आंकड़े दर्ज किए हैं। यह 25 प्रतिशत वृद्धि को दशार्ते हुए पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 49,000 करोड़ रुपये अधिक है। इस वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, माल ढुलाई राजस्व भी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.62 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# गृह मंत्री को गुंडे की तरह नहीं बोलना चाहिए : ममता

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने शाह के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भाजपा अगले साल लोकसभा चुनाव में 35 सीट जीतती है तो टीएमसी सरकार 2025 से आगे टिक नहीं पाएगी। बनर्जी ने 14 अप्रैल को एक रैली के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर शाह के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'शुक्रवार को अमित शाह ने रैली को संबोधित किया। यह ठीक है। लेकिन देश के केंद्रीय गृह मंत्री किसी राज्य की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को गिराने की बात कैसे कर सकते हैं? क्या देश का संविधान बदला जा रहा है?
ममता बनर्जी ने कहा, 'वह कभी भी इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकते हैं कि अगर भाजपा 35 लोकसभा सीट जीतती है, तो राज्य सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं करेगी।' मालूम हो कि बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार 2026 में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है।

बीरभूम जिले के सूरी में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल से 35 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अगर लक्ष्य हासिल कर लिया गया, तो राज्य में ममता बनर्जी की मौजूदा सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी। बनर्जी ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के हाल ही में दिए इंटरव्यू का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने पुलवामा हमले को लेकर कुछ दावे किए थे। मलिक ने कहा था कि 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में भारतीय सेना के 40 जवान सरकार की लापरवाही के कारण मारे गए थे। बंगाल सीएम ने वाक्य पूरा किए बिना कहा, 'हम अपने जवानों को सलाम करते हैं। हमें अपनी मातृभूमि से प्यार है।



### कार्यक्रम में 11 की मौत को लेकर भी साधा निशाना

सीएम बनर्जी ने कहा, 'कल अमित शाह मीटिंग के लिए गए थे, नेता तो खुद छांव में रहते हैं, लेकिन इस भीषण गर्मी में लोकप्रियता दिखाने के लिए लोगों बाहर बैठाकर रखा। लोगों ने वहां से निकलने की इच्छा जताई लेकिन उन्हें बाहर जाने नहीं दिया गया। 11 लोगों की मृत्यु हुई, 600 लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हुए।' अतीक-अशरफ हत्याकांड पर उन्होंने कहा कि मैं किसी तरह से अपराध के पक्ष में नहीं हूं लेकिन जो हुआ और भाजपा के राज में जो हो रहा है वह गलत है। कोई न्यायिक हिरासत में है और बाहर जाता है तो उसे मार दिया जाता है। क्या चल रहा है देश में जिसको मर्जी मार दो।

### अमित शाह ने बंगाल सरकार को गिराने की रची साजिश

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने दावा किया कि शाह की टिप्पणी साबित करती है कि राज्य सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री को गुंडे की तरह नहीं बोलना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई के समन का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, 'क्या वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री को बुलाकर पूछताछ की जा सकती है? अगर किसी मुख्यमंत्री से पूछताछ की जा सकती है, तो गृह मंत्री से भी पूछताछ क्यों नहीं की जा सकती है?' बनर्जी ने विपक्षी दलों के नेताओं से 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील दोहराते हुए दावा किया कि भाजपा अगले संसदीय चुनावों में सत्ता में नहीं लौटेगी।

## नौकरी घोटाले में टीएमसी का तीसरा विधायक अरेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई ने आज टीएमसी के विधायक जिबान कृष्ण साहा को अरेस्ट कर लिया। वह टीएमसी के तीसरे विधायक हैं, जिसकी इस घोटाले में गिरफ्तारी की गई है। सोमवार सुबह सीबीआई ने मुर्शिदाबाद जिले के बरवान से जिबान कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया। शुक्रवार दोपहर से ही एजेंसी विधायक से पूछताछ कर रही थी। 60 घंटे तक चली पूछताछ के बाद उनको अरेस्ट कर लिया गया। गिरफ्तारी से पहले टीएमसी के विधायक के घर की तलाशी भी ली गई। इस भर्ती घोटाले में यह सबसे लंबी पूछताछ थी। पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और प्राइमरी स्कूल शिक्षा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन माणिक भट्टाचार्य के बाद साहा तीसरे विधायक हैं, जिन्हें इस मामले में अरेस्ट किया गया है। सीबीआई ने गिरफ्तारी के बाद विधायक साहा को विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 4 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। विधायक की गिरफ्तारी पर ममता बनर्जी भड़क गई हैं। सीएम ने कहा कि यह भाजपा का गेम प्लान है। उन्होंने कहा, यह भाजपा का गेम प्लान है। भाजपा ज्यादा से ज्यादा विधायकों को फंसाना चाहती है ताकि वे विधानसभा ना जा पाएं।

## वाणिज्य की खबरें

### मारुति सुजुकी का मिनी ट्रक सुपर कैरी लॉन्च, शुरूआती कीमत 5.15 लाख रुपये

**नई दिल्ली (हि.स.)।** देश और निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने अपने हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी को लॉन्च किया है। मारुति का यह अपग्रेडेड मिनी ट्रक पेट्रोल और सीएनजी दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है। इसकी शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 5.15 लाख रुपये से 6.30 लाख रुपये के बीच रखी गई है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी को पेट्रोल और सीएनजी वेरिएंट में लॉन्च किया गया है। मारुति के मुताबिक 1.2 लीटर वाले पेट्रोल संस्करण की कीमत 5.15 से 5.30 लाख रुपये और सीएनजी संस्करण की कीमत 6.15 से 6.30 लाख रुपये के बीच है। मारुति ने कहा कि इंजन इमोबिलाइजर सिस्टम के साथ सुपर कैरी मिनी ट्रक की सेफ्टी को पहले से बेहतर किया गया है। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा कि नए वाणिज्यिक वाहन को लेकर हमें भरोसा है कि यह हमारे वाणिज्यिक ग्राहकों और उनके साझेदारों की सफलता में आदर्श सहयोगी साबित होगा। एमएसआईएल ने इस वाहन को सबसे पहले वर्ष 2016 में बाजार में उतारा था, तब से 1.5 लाख से अधिक हल्के वाणिज्यिक वाहन की बिक्री हो चुकी है।

### थोक महंगाई दर घटकर 29 महीनों के निचले स्तर 1.34 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। खुदरा महंगाई के बाद थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर में बड़ी गिरावट आई है। मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 29 महीनों के निचले स्तर 1.34 फीसदी पर आ गई है। फरवरी में यह 3.85 फीसदी और जनवरी में 4.73 फीसदी पर रही थी। हालांकि मार्च, 2022 में थोक महंगाई दर 14.62 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च में थोक महंगाई दर घटकर 1.34 फीसदी रही है। डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर में ये गिरावट मुख्य रूप से विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में कमी की वजह से आई है। हालांकि, खाद्य वस्तुओं की महंगाई मार्च महीने में बढ़कर 5.48 फीसदी पर पहुंच गई है, जो फरवरी में 3.81 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक गेहूं और दालों की थोक महंगाई मार्च महीने में क्रमशः 9.16 फीसदी और 3.03 फीसदी रही है। सब्जियों की महंगाई दर 2.22 फीसदी रही है, जबकि तिलहन की थोक महंगाई मार्च में 15.05 फीसदी रही है। हालांकि, ईंधन और पावर की थोक महंगाई दर मार्च में घटकर 8.96 फीसदी पर आ गई है, जबकि फरवरी महीने में यह 14.82 फीसदी रही थी।

### कच्चा तेल 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। ब्रेंट क्रूड 87 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83 डॉलर प्रति बैरल पर पर उपलब्ध है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.07 डॉलर और 0.08 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 86.24 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.06 डॉलर और 0.07 फीसदी लुढ़कर 82.46 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### यर बाजार की बढ़त पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 520 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले 9 कारोबारी सत्र की तेजी पर ब्रेक लग गया। इस हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 520.25 अंक यानी 0.86 फीसदी लुढ़कर 59,910.75 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 121.15 अंक यानी 0.68 फीसदी की गिरावट के साथ 17,706.85 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत में आज शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल देखने को मिला। लाल निशान पर खुलने के बाद शेयर बाजार में बिवकाली बढ़ने से एक समय सेंसेक्स एक हजार अंक तक टूट गया था। हालांकि, बाद में रिकवरी करते हुए यह 59,910.75 अंक पर बंद होने में सफल रहा। कारोबार के दौरान इंफोसिस का शेयर 15 फीसदी तक टूट गया, जिसके चलते निवेशकों को करीब 58 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ।

## अमेरिकी युद्धपोत पहुंचा ताइवान चीन ने जारी किया हाई अलर्ट

**ताइपे/बीजिंग (हि.स.)।** ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताइवान के समीप चीन के जबर्दस्त युद्धाभ्यास के बीच अमेरिकी युद्धपोत मिलियस ताइवान जलडमरूमध्य पहुंच गया है। इसे लेकर चीन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन लगातार आमने-सामने आ रहे हैं। हाल ही में चीन ने ताइवान की सीमा पर जोरदार युद्धाभ्यास शुरू किया था। तब ताइवान के साथ अमेरिका ने भी चीन की आलोचना की थी। अब चीन के युद्धाभ्यास के बीच में ही अमेरिका ने भी अपने युद्धपोत 'मिलियस' को ताइवान जलडमरूमध्य में भेज दिया है। चीन का कहना है कि ताइवान जलडमरूमध्य के माध्यम से अमेरिकी युद्धपोत को ट्रैक किया गया है। ये युद्धपोत उस समय ताइवान जलडमरूमध्य में पहुंचा है, जब चीन ने स्व-शासित ताइवान को घेरकर रखा हुआ है। चीन ने इस मामले में हाई अलर्ट जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर ताइवान के क्षेत्र में अमेरिका आता है तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस मसले पर अमेरिकी नौसेना के 7वें बेड़े का कहना है कि अमेरिकी युद्धपोत का ताइवान जलडमरूमध्य पहुंचना सामान्य प्रक्रिया है।
यह नियमित अभियान का हिस्सा है। ये युद्धपोत जलडमरूमध्य में एक गलियारे से होकर गुजरा है, जो किसी भी तटीय राज्य के क्षेत्रीय समुद्र से परे है। इस बीच ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि चीन लगातार युद्धभ्यास कर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटे में ताइवान के आसपास 18 चीनी सैन्य विमानों और चार नौसैनिक जहाजों को देखा गया है। चीन लगातार ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए कोशिश कर रहा है।

# देश में तेजी से बढ़ रहा कोरोना मरीजों की संख्या 60 हजार के पार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,111 नए मामले सामने आने के बाद देश में अभी तक संक्रमित हुए लोगों की संख्या बढ़कर 4,48,27,226 हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 पर पहुंच गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 60,313 पर पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक, गुजरात में छह, उत्तर प्रदेश में चार, दिल्ली तथा राजस्थान में तीन-तीन, महाराष्ट्र में दो और बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल तथा तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 5,31,141 हो गई।वहीं संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुनःमिलान करते हुए केरल ने वैश्विक महामारी से दम तोड़ने वाले मरीजों की सूची में तीन नाम और जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 8.40 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.94 प्रतिशत है। देश में अभी 60,313 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 फीसदी है। भारत में अभी तक कुल 4,42,35,772 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे।
चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।



## राहुल ने भाजपा व आरएसएस पर साधा निशाना, कहा
# मोदी देश में शीघ्र जाति जनगणना करायें

**एजेंसी**

**बीदर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को सत्तारूढ़ दल और आरएसएस पर भारत में लोकतंत्र पर हमला करने का आरोप लगाया। चुनावी राज्य कर्नाटक के भालकी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर हम देश में ओबीसी को आगे ले जाना चाहते हैं और उन्हें उनका अधिकार दिलाना चाहते हैं तो सबसे पहला कदम प्रधानमंत्री का ओबीसी जनगणना के आंकड़े जारी करना होगा।उन्होंने कहा कि पीएम ऐसा कभी नहीं करेंगे क्योंकि वह ओबीसी का कल्याण नहीं चाहते हैं। कांग्रेस मौका मिलते ही ऐसा कर लेगी। राहुल ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की बात अगर किसी ने पहली बार की और उसे रास्ता दिखाया तो वो बसवन्ना जी थे। दुख की बात है कि आज आरएसएस और बीजेपी के लोग लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। बसवन्ना जी की सभी की भागीदारी, सभी के लिए एक जगह और सभी को एक साथ आगे बढ़ने की सोच पर भाजपा और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वे भारत में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार चलाती है। इस बीच, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए। शेट्टार सोमवार सुबह बेंगलुरु में कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। पार्टी में उनका प्रवेश कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया की उपस्थिति में हुआ।



## नेपाल ने तीन विमान खरीदने की बढ़ाई प्रक्रिया, पांच चीनी विमान को बेचने की तैयारी

**एजेंसी**

**काठमांडू।** घरेलू उड़ानों के लिए चीनी विमानों का आयात कर अरबों का घाटा झेल चुकी नेपाल एयरलाइंस कॉरपोरेशन तीन विमान खरीदने जा रही है। कॉरपोरेशन ने आज सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि वह घरेलू उड़ानों के लिए तीन छोटे जहाज खरीदेगा। नेपाल वायु सेवा निगम के प्रवक्ता रमेश पौडेल के अनुसार जहाजों की खरीद की कार्ययोजना को बढ़ाने के लिए एक उपसमिति का गठन किया गया है और इस पर काम शुरू हो चुका है। हालांकि निगम ने यह तय नहीं किया है कि किस कंपनी से खरीदारी करनी है, वह इस बार पारदर्शी तरीके से खरीदारी करेगी। इससे पहले, घरेलू उड़ानों के लिए चीन से आयात किए गए 6 विमानों के ग्राउंडेड होने और नेपाल का आसमान प्रतिकूल होने के बाद नेपाल ने नए विमानों की खरीद बढ़ा दी थी। उन विमानों को वर्ष 2014, 2017 और 2018 में नेपाल लाया गया था। पायलटों, स्पेयर पाट्र्स और इंजीनियरों की कमी के कारण यह वर्ष 2020 से अरबों का नुकसान झेलने के बाद से ग्राउंडेड है। 6 में से एक विमान हादसे का शिकार हो गया और निगम ने बाकी पांच विमानों को बेचने की प्रक्रिया तेज कर दी है।
4 चीनी विमान 6.67 अरब नेपाली रुपये में खरीदे गए थे, जबकि 2 विमान चीन द्वारा सब्सिडी के रूप में दिए गए है। हालांकि, विमान संचालन में 600 मिलियन का वार्षिक घाटा होने के बाद इसे बंद कर दिया गया था।

# शहनाज ने पलक तिवारी के बयान को बताया झूठा



किसी का भाई किसी की जान की दूसरी हीरोइन शहनाज गिल ने अब पलक के इस बयान को गलत बताया है। बिग बॉस फेम एक्ट्रेस हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के लिए मीडिया से मुखातिब हुईं। बातचीत में जब उनसे सलमान खान के इस नियम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे बकवास करार दिया। शहनाज गिल ने बातचीत में बताया कि उन्होंने प्रमोशन के दौरान बेहद बोल्ड ड्रेसेस पहने हैं और सलमान खान ने उन्हें मोटीवेट भी किया। पलक के बयान को बेबुनियाद बताते हुए शहनाज ने कहा, ऐसा कुछ भी नहीं है, प्रमोशन के दौरान मैं तो बोल्ड ड्रेसेस पहनती थी। सलमान सर मुझे मोटीवेट करते थे और कहते थे कि तुम अपने करियर में बहुत आगे जाओगी शहनाज गिल ने सलमान खान संग काम करने के अपने अनुभव को भी शेयर किया। उन्होंने कहा, वो जैसे बिग बॉस में थे, रियल लाइफ में भी वैसे ही हैं। मैंने तो उनके अंदर कोई बदलाव नहीं देखा। वो दूसरों को अच्छी सलाह देते हैं और उन्हें प्रेरित करते हैं। उन्होंने मुझसे भी कहा कि मैं अपने काम पर ध्यान दूं। मैं वही कर रही हूं और हिंदी सीख रही हूं।

## गंगटोक की बर्फीली पहाड़ियों पर मैगी खाती नजर आई निया



निया शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उन्हें सिक्किम गंगटोक में बर्फ से ढके पहाड़ों पर वेकेशन एन्जॉय करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में वह मैगी भी खाती हुई नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह डांस भी कर रही है। वह पहाड़ों का आनंद ले रही है। निया शर्मा ने क्रॉप टॉप और स्टाइलिश जैकेट पहन रखी है। इसके अलावा उन्होंने शूज पहन रखे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर का गॉगल लगा रखा है। उनके बाल खुले हुए हैं और वह बूट पहनकर डांस करती हुई नजर आ रही है। वीडियो शेयर करते हुए निया शर्मा ने लिखा है, गंगटोक की खूबसूरत वादियों में, यह मेरे साथ जीवन भर रहेगा। सिक्किम, मुझे खुशी है कि मैं यहां आई।







